**श्रीमती सुमित्रा महाजन (इन्दौर):** अध्यक्ष महोदया, मैं एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा उठाना चाहती हूं और यह सामान्य जनता के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण हैं। मैं मोबाइल सर्विसिस के मामले में बीएसएनएल की स्थिति की चर्चा नहीं करना चाहती हूं। जिनके पास मोबाइल हैं, इनमें अनचाहे एसएमएस आते हैं। कई बार अनचाहे कॉल्स भी आते हैं, हम डीएनडी भी करते हैं कि यह हमें नहीं चाहिए तो भी आते रहते हैं। मुझे नहीं मालूम, शायद सब लोग इस प्रकार का अनुभव करते होंगे कि कई एसएमएस तो ऐसे होते हैं जिन्हें कोई पढ़ना भी नहीं चाहता है, जैसे चैटिंग करनी हो तो वे कहते हैं कि हम दे देंगे। बिकनी गर्ल के फोटो इत्यादि के लिए अलग-अलग तरह के एसएमएस आते रहते हैं। वास्तव में मोबाइल हमारा है, हम पे करते हैं, स्क्रीन हमारा है। अगर किसी के घर पर अगर कोई अपनी एडवर्टाइजमेंट लगाता है तो उसे पे करना होता है। हमारा मोबाइल है, उस पर वे अपनी एडवर्टाइजमेंट देते हैं कि यहां फ्लैट उपलब्ध हैं, इसके अलावा और भी कई तरह के मैसेज होते हैं, हमें नहीं चाहिए लेकिन ये आते रहते हैं। अगर हम किसी रिएल्टी शो में कॉल करते हैं तो पांच रुपए लगते है। इस प्रकार के एसएमएस मोबाइल पर आते हैं या कई बार रोमिंग पर ऐसी कई कॉल्स आती हैं कि क्या लोन चाहिए जबकि इस तरह के अनवांटेड कॉल्स से हमारा कोई संबंध नहीं होता है। मेरा सुझाव है कि इस प्रकार के एसएमएस या कॉल्स के लिए कहीं न कहीं हमारे मोबाइल, स्क्रीन का यूज होता है, नियमों का पालन होता नहीं है इसलिए ऐसा नियम बनना चाहिए कि मोबाइल धारक के मोबाइल पर अनवांटेड एसएमएस आता है तो उस व्यक्ति को किराया डायरेक्टली जाना चाहिए, चाहे वह एक, दो या पांच रुपए ही हों, ऐसा होने से एसएमएस या कॉल्स बंद हो जाएंगे। यह एक प्रकार की एडवर्टाइजमेंट है। मेरा निवेदन है कि इस पर मंत्रालय को सोचना चाहिए। इस तरह के एसएमएस टोटली बंद नहीं होते हैं, अगर इस तरह से करेंगे तो मोबाइल धारक को किराया प्राप्त होगा। मेरा निवेदन है कि इस प्रकार का कोई नियम बनाएंगे तो ज्यादा अच्छा रहेगा।

**अध्यक्ष महोदया :** श्री प्रहलाद जोशी, श्री बी.वाई. राघवेन्द्र, श्री पी.सी. गद्दीगौदार, श्रीमती जे. शांता, श्रीमती पूनम वेलजीभाई जाट को माननीय सदस्या द्वारा उठाए गए मामले के साथ संबद्ध किया जाता है।

SHRI MANISH TEWARI (LUDHIANA): Madam Speaker, I would like to thank you for giving me this opportunity to speak in the House today. Today I rise in support of a very important and integral part of our democracy and those are the working journalists and the non-working people connected with the Press and the media industry.

It seems that there was a Wage Board which was set up in 2007 to review the salaries and the working conditions of people associated with the media industry.

Apparently this Wage Board has made very specific recommendations with regard to enhancement of salary and other pre-requisites of journalists and people who are otherwise connected with this industry. In spite of the fact that three years have elapsed, these recommendations have not been implemented. Today, all working journalists and other people connected with this industry are agitating across the country.

In this nation of ours, there has been this continuing debate between the freedom of the Press and the freedom of the owner of the Press. If we really want the freedom of the Press to prevail in this country, the starting point is to empower the working journalists. I would like to urge the Government, through you and through this House to take very serious cognizance of this matter and all the recommendations which have been made by the Wage Board should be implemented forthwith with effect from January 2008 which is the demand of the journalists. I thank you very much for giving me this opportunity.

MADAM SPEAKER: Shri P.L. Punia is associating himself with the matter raised by Shri Manish Tewari.

**कुमारी सरोज पाण्डेय (दुर्ग) :** अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान हमारे देश के उन मूल शिल्पकारों की ओर दिलाना चाहती हूं, जो आज भी शोषित और पीड़ित हैं। ये वे शिल्पकार हैं, जो हमारे विकास में अपनी सहभागिता बहुत तेजी के साथ निभाते हैं। मैं अपने देश के रिक्शावाले, कुली, घरों में काम करने वाली बाइयों आदि के बारे में बात कर रही हूं। मैं इस विषय को यहां इसलिए उठाना चाहती हूं क्योंकि आज तक उनके लिए कोई भी एकीकृत योजना नहीं बनी है।

महोदया, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान उनकी मूलभूत सुविधाओं की ओर भी आकर्षित करना चाहती हूं, क्योंकि ये जो काम करते हैं और उन्हें उनके काम के एवज में जो रोजी मिलनी चाहिए, वह भी पर्याप्त नहीं हो पाती है, न तो उनकी शिक्षा-दीक्षा की कोई व्यवस्था हो पाती है और न उनके बच्चे किसी सुनहरी योजना की ओर देख पाते हैं। होता केवल यह है कि वे अपने जीवन के किसी तरह से समाप्त होने का इंतजार करते हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि हमारे ये मूल शिल्पकार, जिन्हें हम अपने देश में असंगठित मजदूरों के रूप में पहचानते हैं, इन असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए सरकार तत्काल एक एकीकृत योजना बनाये और उनकी शिक्षा-दीक्षा सहित उनके सुनहरे भविष्य की योजना के

लिए कुछ कार्य करे। यह वर्तमान समय की आवश्यकता है और यदि हम अपने देश में विकास की बात करते हैं तो हमें उन्हें साथ लेकर चलना ही पड़ेगा।

आपने मुझे इस महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं।

**अध्यक्ष महोदया :** श्री चंदूलाल साहू को कुमारी सरोज पाण्डेय द्वारा उठाये गये विषय से सम्बद्ध किया जाता है।

**श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज):** अध्यक्ष महोदया, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय के संबंध में मुझे कुछ प्रश्न करने की अनुज्ञा दी। वर्ष 2004 में भारत सरकार ने महिलाओं में साक्षरता दर को बढ़ाने के लिए और उनकी गुणवत्तापरक शिक्षा के लिए कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों को देश के विभिन्न राज्यों के पिछड़े ब्लाकों में स्थापित करने का निर्णय लिया और निश्चित तौर से आज कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय प्रदेशों के सुदूर अंचलों जिनमें उत्तर प्रदेश सहित बिहार तथा अन्य तमाम राज्यों में जो पिछड़े विकास खंड थे, जहां आज भी लड़कियों के लिए, कन्याओं के लिए इंटर कालेज की व्यवस्था नहीं है। आज भी उनके मन में पढ़ाई करने की इच्छा होते हुए भी वे पढ़ाई से वंचित रह जाती हैं। जबकि यह समाज मानता है और यह सर्वविदित भी है कि यदि हम एक बालक को पढ़ाते हैं तो एक जिम्मेदार नागरिक तैयार करते हैं। लेकिन जब हम एक बेटी को शिक्षित करते हैं तो उससे पूरा एक परिवार शिक्षित होता है, सम्पूर्ण देश शिक्षित होता है। आज उस शिक्षा के क्षेत्र में लड़कियों या बालिकाओं की शिक्षा के महत्व को रेखांकित करने की बहुत आवश्यकता नहीं है, लेकिन इसी दिशा में भारत सरकार ने 2004 में, कांग्रेस यूपीए की सरकार ने ही देश के विभिन्न राज्यों में इसकी स्थापना की है।

इसमें उन पिछड़े ब्लाकों में आज भी कक्षा छह से आठ तक की पढ़ाई होती है। यह आवासीय योजना है। इसमें सामान्य वर्ग की, गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली लड़किया हैं। हमारे दलित, पिछड़े एवं अल्पसंख्यकों से भी हैं। वे कभी शिक्षा के बारे में कल्पना भी नहीं कर सकती थीं। इस सरकार से मेरा केवल एक ही निवेदन है कि आज जो स्टाफ उसमें काम कर रहे हैं, उनको 12 महीने का मानदेय नहीं मिलता है। उनको हर साल नवीनीकरण करना पड़ता है। जिसकी वजह से पठन-पाठन और शिक्षा की गुणवत्ता भी बाधित होती है। शिक्षा की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए उसमें विनियमितीकरण हो जाए। आज की स्थिति के अनुसार मूल्य सूचकांक को देखते हुए, मँहगाई की दर को देखते हुए, प्राईस इन्डैक्स को देखते हुए उनके मानदेय में वृद्धि की जाए। जिससे शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाया जा सके। हम आज एक नया कदम, राईट

टू एजुकेशन का लेकर आए हैं। शिक्षा को एक मौलिक अधिकार की तरह से कानून बनाने का काम इसी सदन और भारत सरकार ने किया है। आज तमाम राज्य पैसे या संसाधन का अभाव दिखा कर उस कानून को लागू नहीं कर रहे हैं। जबकि आज भी राज्य सरकार उसमें 45 प्रतिशत की रेश्यो के हिसाब से पैसे देने के लिए तैयार है। मेरा कहना यह है कि सब जगह इन्फ्रास्ट्रक्चर मौजूद है, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय मौजूद है तो उसको इन्टरमीडिएट तक कर दिया जाना चाहिए। यदि उसको आरटीई के साथ जोड़ दिया जाए तो मैं समझता हूँ कि पूरे देश में कश्मीर से कन्याकुमारी तक एक गुणात्मक परिवर्तन हो जाएगा। निश्चित तौर से जो उद्देश्य कभी महिलाओं में साक्षरता दर को बढ़ाने की बात थी। वह केवल साक्षरता दर बढ़ाने की बात नहीं होगी बल्कि लड़कियाँ इन्टरमीडिएट तक शिक्षित होकर अपने पैरों पर खड़ी होकर स्वावलंबी होंगी। आगे चलकर डिग्री और पोस्टग्रैजुएशन कर सकती हैं। मैं समझता हूँ कि इससे महत्वपूर्ण कोई मसला नहीं हो सकता है। कस्तूरबा गाँधी आवास विद्यालय में काम करने वाले अध्यापकों और स्टाफ के मानदेय में वृद्धि की जाए, उनको नियमित किया जाए। यह मेरी माँग है।

**अध्यक्ष महोदया:** श्री पन्न लाल पूनिया, श्री कमल किशोर 'कमांडो' एवं श्रीमती राजकुमारी रत्ना सिंह अपने आपको श्री जगदंबिका पाल द्वारा उठाए गए विषय से संबद्ध करते हैं।

SHRI P.T. THOMAS (IDUKKI): Madam Speaker, in the trains running between Delhi and Kerala like Kerala Express and Mangala-Lakshadwip Express, the basic facilities are not available. The compartments are very old and in a very bad condition. Toilets are unhygienic. I would request the Government to allot more new bogies and other facilities to these trains. Even in the Sampark Kranti Express, for two days last week there was no electricity in the compartments. It is a very serious issue. I would request the Government to ensure safety and other facilities for the passengers of these trains.

**श्री तूफ़ानी सरोज (मछलीशहर):** अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से उत्तर प्रदेश में सुल्तानपुर से वाराणसी तक बनने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-56 के संबंध में जनता की भावनाओं की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ। यह मार्ग चार लेन के लिए स्वीकृत हुआ है। प्रोजैक्ट प्लान में इसकी चौड़ाई साठ मीटर रखी गई है। इस राजमार्ग की चौड़ाई साठ मीटर रखे जाने से सड़क के किनारे जो किसान हैं, उनकी जमीन को अधिग्रहीत करना पड़ेगा। ऐसा करने से उसकी जद में बड़ी संख्या में छोटे और गरीब किसान आ जाएंगे। जमीन अधीग्रहण के बाद जद में आने वाले छोटे एवं गरीब किसान भूमिहीन हो जाएंगे और उनके

सामने पेट पालने की समस्या पैदा हो जाएगी। मुझे विभागीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि चार लेन के मार्ग के लिए 45 मीटर की चौड़ाई पर्याप्त हो सकती है।

अध्यक्ष महोदया, राष्ट्रीय राजमार्ग के मानक के अनुसार एक लेन में सात मीटर की चौड़ाई रखी जाती है। इस हिसाब से चार लेन की चौड़ाई 28 मीटर होनी चाहिए। यदि बीच में पाँच मीटर का स्पेस छोड़ दिया जाए तो उसकी चौड़ाई 33 मीटर होती है। इसके बावजूद 45 मीटर की चौड़ाई लेने में सड़क के दोनों ओर बीस फीट का रास्ता बचता है। इन सब बातों को ध्यान में चाहिए। मैं यह भी जानता हूँ कि सरकार चाहती है कि सड़क का विस्तार करने में छोटे-गरीब किसानों का नुकसान कम हो। अतः आपके माध्यम से सरकार से हमारी माँग है कि छोटे और गरीब किसानों के हितों मद्देनज़र राष्ट्रीय राजमार्ग-56 की चौड़ाई साठ मीटर के बजाय 45 मीटर करने के लिए विभाग को निर्देश दें ताकि राजमार्ग का निर्माण भी हो जाए और किसानों के हितों की रक्षा भी हो सके।

**श्री महेश्वर हज़ारी (समस्तीपुर):** अध्यक्ष महोदया, बिहार में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना का जितना कार्य था, वह 2006 से अभी तक पूरा नहीं हुआ है। भारत सरकार बिहार सरकार के साथ सौतेलेपन का व्यवहार करती है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना का एक भी पैसा बिहार के पास नहीं पहुंचा है जिसके कारण सारी सड़कें अधूरी पड़ी हुई है। जो ठेकेदार संवेदक थे, उन्होंने अपने घर से 10 करोड़ रुपया लगाया लेकिन 2 करोड़ रुपया पेमेंट के रूप में मिला। अभी 8 करोड़ रुपया सब का कर्ज हो गया। मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि बिहार सरकार के प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना का पूरा पैसा भिजवाने की कृपा करें और जो सड़कें अधूरी पड़ी हुई हैं, उन्हें शीघ्र पूरा कराया जाये।

अध्यक्ष महोदया, मैं साथ ही यह मांग करता हूं कि जब बिहार में जनता ने एन.डी.ए. और श्री नीतीश कुमार को जिताने का काम किया है , इसका मतलब यह नहीं कि भारत सरकार बिहार की जनता को लात मार कर भगा दे। जब तक बिहार विकास नहीं करेगा, तब तक भारत का विकास नहीं होगा। मेरा आग्रह है कि बिहार सरकार को शीघ्र पैसा भिजवाने की कृपा करें।

**श्री संजय निरुपम (मुम्बई उत्तर):** अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे जीरो ऑवर में एक महत्वपूर्ण विषय उठाने का अवसर दिया, उसके लिये मैं आपका बहुत आभारी हूं।

यह विषय विदेश संचार निगम लिमिटेड से जुड़ा हुआ है. जो हिन्दुस्तान के अंतर्राष्ट्रीय़ कालों का नैटवर्क और इंटरनैट सर्विस प्रोवाईड करने वाली कम्पनी है। इस कम्पनी का डिसइनवैस्टमेंट 2002 में हुआ था। मैं आज य़ह विषय इसलिये उठा रहा हूं कि देश की एक प्रतिष्ठित पत्रिका आऊटलुक ने एक खुलासा किया है कि वीएसएनएल के डिसइनवैस्टमेंट के समय एक बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया। इस कम्पनी का साढ़े चार हजार करोड़ से ढाई हजार करोड़ रुपये के बीच कैश रिजर्व था, उस कम्पनी को उस समय के डिसइनवैस्टमैंट मंत्रालय ने सिर्फ 1439 करोड़ रुपये में बेचा। दूसरी बात यह कही गई है कि लगभग 1200 एकड़ जमीन जो कि वीएसएनएल का अभिन्न अंग थी, उसकी पूंजी थी, वह सारी की सारी जमीन बिना किसी कीमत के उस प्राईवेट कम्पनी के हवाले कर दिया गया। अगर आज उसका मूल्यांकन किया जाये तो उसकी कीमत लगभग 8 हजार करोड़ रुपये की है जिसे यूं ही दे दिया गया। इस पूरे प्रकरण में आज यह बात निकल कर आ रही है कि उस समय डिसइनवैस्टमेंट हुआ था, उस लैंड को डिमर्ज करने का एक प्रोवीजन रखा गया। असैट्स का डीमर्ज कभी नहीं होता, डिमर्ज कम्पनियों का होता है, एक सब्सडियरी का होता है। इस जमीन को डिमर्ज करने के बजाय ...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** कृपया समाप्त करे।

**श्री संजय निरुपम :** उसे डिमर्ज करने के बजाय आगे जाकर छोड़ दिया गया। ...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** अब आप इसे बंद कर दीजिये।

**श्री संजय निरुपम :** अध्यक्ष महोदया, मैं किसी का नाम नहीं ले रहा हूं। मैं यह भारत सरकार के सामने रख रहा हूं।...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** अब बैठ जाइये, आपकी बात हो गई।

**श्री संजय निरुपम :** अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग कर रहा हूं कि एनडीए के जमाने में जितने भी डिसइनवैस्टमेंट हुये हैं, उन पूरे मामलों की जांच होना चाहिये। एन.डी.ए. के जमाने में जिन ...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** आपकी बात हो गई, अब आप बैठ जाइये।

श्रीमती जयश्री बेन पटेल । संजय निरुपम जी, आप उन्हें बोलने दीजिये।

... (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Nothing will go on record.

*(Interruptions) ...* *

**अध्यक्ष महोदया :** आप लोग क्यों खड़े हैं, आपकी पार्टी की लेडी मैम्बर बोल रही हैं, आप लोग बैठ जाइये। आप उन्हें बोलने दीजिये।

...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Only what hon. lady Member, Shrimati Jayshreeben Patel says will go on record.

*(Interruptions) ... **

**श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (महेसाणा):** अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहती हूं कि चालू वर्ष में आलू का उत्पादन बहुत अच्छा रहा है।...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** कीर्ति आज़ाद जी, उनकी बात रिकॉर्ड में नहीं जा रही है। अब आप बैठ जाइये।

...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** आप बैठ जाइये। Let the hon. lady Member speak.

...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** आप उन्हें बोलने दीजिए। आप बैठ जाइये।

...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** संजय जी बैठ जाइये। आप बोलिये।

...(व्यवधान)

**श्रीमती जयश्रीबेन पटेल :** आदरणीया महोदया, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान एक महत्वपूर्ण विषय पर आकर्षित करना चाहती हूं। गुजरात राज्य में चालू वर्ष में आलू का उत्पादन बहुत अच्छा रहा है और आलू उत्पादकों को अच्छे दाम मिलने की उम्मीद थी। किन्तु पिछले कुछ समय से आलू के दाम गिरते रहे हैं। हाल में आलू के दाम प्रति 20 किलो के 65 रूपये से 70 रूपये तक पहुंच गये हैं। इस संबंध में राज्य के कृषि मंत्री जी ने आलू की खरीददारी मार्केट इन्टरवेन्शन स्कीम के अंतर्गत करने की दरखास्त केन्द्र सरकार से की है।

* Not recorded

आलू के बम्पर उत्पादन के बाद, आलू के दामों में कमी आने से किसानों को नुकसान का भय सता रहा है। राज्य के कृषि मंत्री जी ने केन्द्र सरकार से आलू को पोषण क्षम दाम से खरीद करने की दरखास्त की है।

मैं सरकार से अनुरोध करती हूं कि इस योजना का खर्च राज्य तथा केन्द्र सरकार बराबर हिस्से से करती है। वर्ष 2008-09 में आलू की खरीद हेतु इस योजना को मंजूरी दी गयी थी।

इसलिए मैं सरकार से अनुरोध करती हूं कि उपरोक्त योजना के अंतर्गत आलू की खरीद की जाए और आलू के गिरते दामों से आलू उत्पादकों को बचाया जाए।

**श्री सतपाल महाराज (गढ़वाल):** महोदया, मैं आपके माध्यम से इस सदन का ध्यान उन व्यक्तियों की ओर आकर्षित करना चाहता हूं, जिन्होंने भ्रष्टाचार को उजागर करने के लिए अपने प्राणों की आहूति दे दी। आज जनता से लेकर संसद तक सभी देश में फैले भ्रष्टाचार से उद्धेलित हैं। संसद का एक महत्वपूर्ण सत्र इस ज्वलंत समस्या की भेंट चढ़ गया। स्वतंत्र भारत की सरकार ने स्वतंत्रता सेनानियों को जो सम्मान और सुविधाएं प्रदान की हैं, उसी प्रकार का सम्मान और सुविधाएं उन देशभक्तों को भी मिलनी चाहिए, जिन्होंने राष्ट्र को पतन की ओर ले जाने वाले भ्रष्टाचारियों के खिलाफ आवाज उठाई।

इस संबंध में मैं सर्वप्रथम स्वर्गीय श्री सत्येन्द्र कुमार दुबे को स्मरण करना चाहूंगा, जो सीवान (बिहार) के निवासी थे। वे नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया में प्रोजेक्ट डायरेक्टर के पद पर कार्यरत थे। केन्द्र में एन.डी.ए. सरकार के शासन के दौरान गोल्डन कॉरीडार प्रोजेक्ट में भ्रष्टाचार उजागर करने पर उनकी वर्ष 2003 में हत्या कर दी गयी। इसी प्रकार इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन में मैनेजर के पद पर कार्यरत श्री मंजू नाथ षणमुगम द्वारा उत्तर प्रदेश में बसपा शासन के दौरान पैट्रोल में मिलावट का भ्रष्टाचार उजागर करने पर वर्ष 2005 में लखीमपुर खीरी में उनकी हत्या कर दी गयी। इसी क्रम में स्वर्गीय श्री सतीश सेठी ने अन्ना हजारे के साथ मिलकर महाराष्ट्र के तलेगांव में कई जमीन घोटालों को उजागर किया तो वर्ष 2010 में उनकी हत्या कर दी गयी। इसी प्रकार बेगूसराय जिले में स्वर्गीय श्री शशिधर मिश्रा द्वारा रेलवे, प्रशासन, पुलिस तथा विभिन्न योजनाओं की धांधली को उजागर करने पर 14 फरवरी 2010 को बिहार में उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गयी। गुजरात में पर्यावरण कार्यकर्ता स्वर्गीय श्री अमित जठेवा द्वारा वर्ष 2008 में गिरवन क्षेत्र में अवैध खनन का भ्रष्टाचार उजागर करने पर जुलाई 2010 में उनकी हत्या कर दी गयी। अभी हाल ही में 25 जनवरी 2011 को पैट्रोल में मिलावट करने का भ्रष्टाचार उजागर करने पर नासिक क्षेत्र के उपजिलाधिकारी यशवंत सोनावणे को जिन्दा जला दिया गया।

महोदया, ऐसे न जाने कितने मामले होंगे, जिनमें भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने वालों को मौत के मुंह में धकेल दिया गया। मेरा आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ अपने प्राणों की आहुति देने वाले इन राष्ट्रभक्तों को शहीदों का दर्जा मिलना चाहिए और उन्हें भी शहीदों के आश्रितों के समान सुविधाएं मिलनी चाहिए। इनके कार्यों को शैक्षिक पाठ्यक्रम में शामिल कर भावी पीढ़ी को राष्ट्र के नव-निर्माण के लिए तैयार किया जाना चाहिए।

**<u>11.59 hrs.</u>**

## MATTERS UNDER RULE 377*

MADAM SPEAKER: Hon. Members, the matters under Rule 377 shall be laid on the Table of the House. The hon. Members who have been permitted to raise the matters under Rule 377 today and are desirous of laying them may personally hand over slips at the Table of the House within 20 minutes. Only those matters shall be treated as laid for which the slips have been received at the Table within the stipulated time. The rest will be treated as lapsed.

… (*Interruptions*)

* Treated as laid on the Table

### (i) Need to create a separate Ministry for Other Backward Classes

SHRI PONNAM PRABHAKAR (KARIMNAGAR): I would like to draw the kind attention of the august House regarding the urgent need to carve out a separate Ministry of Other Backward Classes.

As we all know that in all States especially in Andhra Pradesh, OBC people constitute more than 50 per cent population in the names of various castes. Despite having more than 50 per cent of population, OBCs are still lagging behind in availing facilities from education to employment levels. Many schemes are being introduced by Government of India and States also. But I feel that schemes meant for OBCs are not reaching to them properly due to lack of proper platform at the national level. This demand is pending since Independence and so far not fulfilled. If the Government sets up an OBC Ministry, it will definitely guide and enable the OBCs in our country to avail the schemes and facilities meant for them at the national level and enable them to lead their life with honour and dignity.

I, therefore, request the Hon'ble Prime Minister, through the Chair, to kindly intervene in the matter and carve out a separate Ministry for Other Backward Classes to help the OBC people.

## (ii) Need to take necessary steps to make education accessible to each and every child in the country

**श्री भरत राम मेघवाल (श्रीगंगानगर):**मैं इस सदन का ध्यान एक अत्यंत आवश्यक व महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करते हुए केन्द्र व राज्य सरकारों से अनुरोध करता हूँ कि देश में शिक्षा, विशेषकर 6 से 14 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों की शिक्षा की वर्तमान स्थिति संतोषजनक नहीं है । मेरे गृह राज्य राजस्थान में आज लगभग एक करोड़ बच्चे स्कूली शिक्षा से वंचित हैं जिनमें अधिकांश बच्चे अनुसूचित जाति व जनजाति के हैं । पूरे देश में शिक्षा के अधिकार को सार्थक बनाए जाने के लिए एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन की आवश्यकता है । शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए गैर सरकारी संस्थाओं के माध्यम से व राज्य सरकारों द्वारा अपने संसाधनों का समुचित प्रयोग करते हुए नए शिक्षण संस्थानों की स्थापना एवं स्कूली शिक्षा को गुणात्मक बनाने के सभी संभव प्रयास किए जाने चाहिए ।

मेरा सभी सरकारों से निवेदन है कि सोसाइटीज रजिसट्रेशन एक्ट, 1860 के सेक्शन 21 के तहत पंजीकृत संस्थाएं जो अनुसूचित जाति के बच्चों के कल्याणार्थ स्थापित हैं तथा शिक्षण संस्थान स्थापित करने हेतु अनुसूचित जाति के खातेदारों की भूमि को अर्जित करती है तो उन्हें ज्यूरिस्टीक परसन नहीं माना जाना चाहिए तथा नियम कानूनों में यदि आवश्यक हो तो शिक्षण संस्थानों के स्थापनार्थ आवश्यक संशोधन किए जाने चाहिए ।

अनुसूचित जाति के बालकों के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय तथा अनुसूचित जन जाति के बालकों के लिए जन जातीय मामलों के मंत्रालयों ने आवासीय विद्यालय, जो संस्थाओं के माध्यम से किराए के भवनों में चलाए जा रहे हैं उन्हें उचित शिक्षण वातावरण पैदा करने के लिए स्कूल भवन निर्माण हेतु एक मुश्त राशि दिए जाने की व्यवस्था होनी चाहिए ।

शिक्षा के अधिकार को सार्थक करने के लिए आवश्यक है कि केन्द्र सरकार व राज्य सरकारें सामाजिक शिक्षण संस्थाओं को सभी क्षेत्रों में संभव योगदान करें ।

## (iii) Need to take stringent action against culprits involved in adulteration and short-weighting of food articles and other essential commodities of daily use

**श्री दत्ता मेघे (वर्धा):** मैं सरकार का ध्यान आजकल हमारा देश जिस मिलावट के दौर से गुजर रहा है उसकी तरफ दिलाना चाहता हूं। कुछ दिन पहले कई राज्यों में छापे मारे गये जिससे पता चलता है कि हमारे यहां मिलावट और घटिया दर्जे के खाद्य पदार्थ किस हद तक बाजार में उपस्थित है । एक जानकारी से पता चला कि हमारे पूरे देश में 60 प्रतिशत खाद्य पदार्थों में मिलावट मिली है । प्रशासन चाहे किसी सभी राज्य का हो वह आमतौर प र इस मामले में खामोश रहता है । कानून -व्यवस्था की असमर्थता इसका कारण है । अपराधियों को सुबह गिरफ्तार किया जाता है और शाम को उनको जमानत मिल जाती है । इससे गुनाह को पनपने का मौका मिलता हे । चाहे वह नकली दवा हो या जहरीली शराब हो या फिर घटिया दर्जे की कोई मिठाई हो, समस्या सिर्फ सामान्य आदमी की बढ़ रही है । हर शहर में पैट्रोल और डीजल के साथ मिट्‌टी के तेल की मिलावट एक सामानय बात हो गई है और नतीजा वही है, सुबह गिरफ्तारी और शाम को रिहाई ।

सामान्य व्यक्ति जब बाजार की कोई छोटी-मोटी वस्तु खरीदता है तो उसक समय उसे कम वजन और कम मापतौल का सामना करना पड़ता है । इसका एक उदाहरण यह है कि हमारे नागपुर में काटन मार्केट में तथा वर्धा शहर के सब्जी बाजार में कम वजन से तोलकर सामान दिया जाता है जहां दो किलोग्राम के वजन में एक पाव तक की कमी पाई जाती है ।

आज स्थिति यह है कि सब्जी ताजी दिखाने के लिए हरे रंग का इस्तेमाल किया जाता है । फलों में जो सेब विदेश से आ रहा हे उस पर मोम की परत चढ़ाई जाती है, जिससे वे चमकते नजर आयें ।

अतः मेरा सरकार से निवेदन है कि खाद्य-पदार्थों में मिलावट को रोकने के लिए सख्त से सख्त कदम उठाये जायें ।

## (iv) Need to convert Yadagirigutta to Hyderabad and Warangal to Godavari Bridge roads into four lane roads in Andhra Pradesh

SHRI RAJAIAH SIRICILLA (WARANGAL): I would like to draw the kind attention of the august House towards the urgent need to include the roads of Yadagirigutta to Hyderabad (70 kms.) & Warangal to Godavari Bridge (70 kms.) for conversion into 4-lane roads in the remaining Eleventh Five Year Plan period.

National Highway 202 from Hyderabad to Chhattisgarh passes through my Warangal Parliamentary Constituency in Andhra Pradesh. I appreciate the Government for according sanction to convert the present road into 4-lane road from Hyderabad-Yadagirigutta and the work is in progress. A heavy bridge on this road to cross the River Godavari was also sanctioned with about Rs. 300 crores. The stretches of road from Yadagirigutta to Warangal and Warangal to Godavari Bridge need to be converted into four-lane. Unless these two reaches are completed, the road will not give expected delivery. There is a heavy traffic on this route and this proposal is already pending with the Ministry.

I, therefore, request the Hon'ble Minister of Road Transport & Highways, through the Chair, to kindly include the above said two roads for conversion into 4-lane roads at least in the remaining Eleventh Five Year Plan.

**(v) Need to provide Kisan Credit Card loans to farmers by Private Sector, Public Sector and Cooperative banks at subsidized rates in Kerala**

SHRI P.T. THOMAS (IDUKKI): Kerala has 66.6 lakh operational land holding in the State for which only 4.12 lakhs Kisan Credit Cards (KCC) have been issued. State Level Bankers Committee data reveals highly negative growth in the case of KCC Loans. The performance of the Private Sector Banks is still worse. Kerala with 1526 Private Sector Bank Branches had released only Rs. 1547 crores as KCC loans. At least 5% of total advance of each commercial bank should be given under KCC which is 1.7% only as at present. HDFC bank has 124 branches in Kerala which has reported 18126 number of KCC loans amounting to Rs. 403 crores disbursed as KCC. This amount is to be verified. Co-operative Banks are not issuing interest subsidized loans in Kerala. This is affecting lakhs of poor farmers. So, I request the Government to issue appropriate orders immediately to see that all farmers in Kerala get KCC loans from Nationalized, Private Sector and Co operative banks at subsidized rates. It has come to the notice that some other loans are mixed up with KCC loans and it has to be enquired. I also request a study about the shortage in the number of KCCs issued in Kerala.

**(vi) Need to withdraw the abolition of Central Sales Tax in Gujarat**

**श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (महेसाणा):** केन्द्र सरकार के केन्द्रीय बिक्री (सेल्स टेक्स) कर को चरणबद्ध तरीके से दूर करने के कारण राज्य की कर आय को बड़ा नुकसान हुआ है एवम् राज्य की आर्थिक स्थिति को भी हानि पहुंच रही है । सरकार ने इस नुकसान की भरपाई करने का आश्वासन दिया है ।

अतः मैं सरकार से आग्रह करती हूं कि जब तक जी.एस.टी. पर अमल नहीं होता तब तक राज्य सरकार के पत्र दिनांक 22.08.2008 के अनुसार नुकसान (बिक्री कर का भुगतान) की भरपाई करे ।

## (vii) Need to provide a special package for setting up of adequate medical facilities in Jalore Parliamentary Constituency, Rajasthan

**श्री देवजी एम. पटेल (जालौर):** मेरे संसदीय क्षेत्र जालोर राजस्थान के अंतर्गत दो जिले जालोर और सिरोही आते हैं, जहाँ गरीब किसानों की संख्या अधिक है । स्वास्थ्य खराब होने पर सरकारी अस्पतालों में जाते हैं जहाँ पर दवा की अनुपलब्धता के साथ-साथ चिकित्सकों की कमी बतायी जाती है । ऐसी स्थिति में आए दिन मौतें होती रहती हैं । कर्ज लेकर क्षेत्रीय जनता प्राईवेट अस्पतालों में इलाज कराने जाती हैं जहाँ उनका उचित इलाज नहीं होता है । ऐसी स्थिति में जनता परिवार सहित कष्ट में है।

अतः मैं केन्द्र सरकार से अनुरोध करता हँ कि केन्द्रीय सहायता से जिला जालोर एवं सिरोही में चिकित्सकों की कमी पूर्ण करने तथा अस्पतालों में जीवन रक्षक दवाएं उपलब्ध कराने हेतु विशेष पैकेज का प्रबंध सुनिश्चित करें ।

## (viii) Need to accord permission to the proposals submitted by Government of Gujarat regarding rights of Adivasi people on forest land in the State

**श्री मनसुखभाई डी. वसावा (भरूच):** कई दशकों से आदिवासी लोगों पर हो रहे अन्याय के खिलाफ इस माननीय सदन में आदिवासी सांसदों ने मामले उठाये तब वन अधिकार अधिनियम बना परंतु इन नियमों का ही पालन नहीं हो रहा है । मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच अंतर्गत नर्मदा जिले में 24000 प्रस्ताव भेजे गए जिसमें केवल 2000 ही स्वीकृत किये गये हैं । वनों में रहने वाले आदिवासी लोगों एवं वनवासी को वन भूमि दिलवाये जाने के बारे में ताल्लुका स्तर एवं जिला स्तर पर स्वीकृत होकर जो प्रस्ताव केन्द्र सरकार व राज्य सरकार को भेजे गये हैं उक्त प्रस्तावों में से 22000 प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया गया है और इन प्रस्तावों को नामंजूर किये जाने का कोई कारण भी नहीं बताया गया हैं । गुजरात सरकार से नर्मदा जिले की वन भूमि अधिकार के संबंध में जो प्रस्ताव भेजे गये हैं उनकी पूरी जांच की गई और उसके साथ वन भूमि अधिकार संबंधी सबूत भी भेजे गये फिर भी 22000 प्रस्तावों को नामंजूर कर दिया गया है ।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि नर्मदा एवं भरूच जिले के वन भूमि अधिकार के संबंध में जो प्रस्ताव राज्य एवं केन्द्र सरकार को दिये गये हैं । उन प्रस्तावों की स्वीकृति तत्काल दी जाये एवं जितना उनका कब्जा है उसको उसी रूप में स्वीकार किया जाये जिससे वनों में रहने वाले आदिवासी लोगों के पास घर हो सकें ।

## ( ix) Need to provide a special financial package for all-round development of Santhal Pargana in Jharkhand

**श्री निशिकांत दुबे (गोड्डा):** झारखंड राज्य में संथाल परगना इस देश का सबसे ज्यादा पिछड़ा व अविकसित भूभाग है। केवल 10 प्रतिशत जमीन सिंचित है। 75 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से नीचे हैं। लगभग 70 प्रतिशत लोग अशिक्षित हैं। वर्षों से विकास की प्रतीक्षा में लोग निराशा के आलम में जीने को मजबूर हो रहे हैं। बांग्लादेश एवं नेपाल की सीमा से अवैध घुसपैठ व नक्सलवाद बढ़ावा दे रहा है। अतः भारत सरकार बुंदेलखंड की तर्ज पर विशेष वित्तीय पैकेज दे। संथाल परगना के 6 जिलों में प्रत्येक में एक मॉडल कॉलेज बनाया जाये। एक विशेष अस्पताल का निर्माण कराया जाये। डुमरी से रामपुर हाट वाया देवघर एवं देवघर साहेबगंज वाया गोड्डा नया राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाये। देवघर में 4000 मेगावाट के पॉवर (यूएमपीपी) का कार्य प्रारंभ किया जाये। नक्सलवाद के कारण देवघर जहां पांच करोड़ व्यक्ति प्रत्येक वर्ष ज्योतिर्लिंग का दर्शन करने आते हैं, वहां नया हवाई अड्डा का कार्य प्रारंभ किया जाये। देवघर में नया कृषि विश्वविद्यालय बनाया जाये एवं सॉफ्टवेयर टैक्नोलॉजी पार्क देवघर में बनाया जाये। संथाल परगना में एक मेगा फूड पार्क का निर्माण कराया जाये। शिवगंगा की सफाई कार्य पर्यावरण मंत्रालय तुरंत शुरू करे। कोल बैड मिथेन मिलने के कारण एक खाद का कारखाना स्थापित हो। जसीडीह-गोड्डा रेलमार्ग का कार्य तुरंत आरंभ किया जाये। पिछले 40 वर्षों से लंबित सिंचाई परियोजना (ए0आई0बी0पी0) में लेकर पुनासी, बुदई, त्रिकूट, बटेश्वर एवं गोड्डा के अन्य योजनाओं का कार्य पूरा किया जाये। कम से कम तीन इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना की जाये। प्रत्येक जिले में आईटीआई की स्थापना हो। प्रत्येक प्रखंड में कम से कम एक अंग्रेजी माध्यम का स्कूल हो। सिल्क उद्योग को बढ़ावा देने की विशेष व्यवस्था हो। एनएसडीसी के तहत अनपढ़ लोगों के कार्य-कुशलता में वृद्धि की व्यवस्था हो।

## (x) Need to check the exorbitant price of medicines

**श्रीमती सुशीला सरोज (मोहनलालगंज):** नेशनल ड्रग प्राइजिंग प्राधिकरण के अनुसार तकरीबन डेढ़ सौ दवा कंपनियों ने अपने 786 दवा फार्मूलों को अधिक दामों में बाजार में बेचकर देश की जनता से तकरीबन 2 हजार 3 सौ 28 करोड़ रूपये अधिक वसूले हैं।

देश में दवा कंपनियों पर नियंत्रण के लिए सरकार हजारों करोड़ रूपया खर्च कर विभिन्न संस्थानों का संचालन करती है पर यदि जिम्मेदार संस्थान ही अपने कार्यों में लापरवाही बरतने लगे तो फिर देश के बेबस और अस्वस्थ लोग क्या करेंगे।

वर्षों से मंत्रियों के समूह के समक्ष औषधि मूल्य निर्धारण का मामला लंबित है। देश की जनता इस प्रचंड महंगाई के दौर में कंपनियों की मूल्य निर्धारण में मनमानी की वजह से जेबें खाली करने के लिए बाध्य है। बीमार आदमी जीवन और मृत्यु के बीच दवा कंपनियों के बीच पिस रहा है।

मेरी मांग है कि सरकार इलाज पर कंपनियों के मनमाफिक मुनाफा कमाने की प्रवृत्ति पर अविलम्ब रोक लगाए तथा दवाओं पर अधिक मूल्य वसूलने वाली कंपनियों पर सख्त कार्यवाही करे।

## (xi) Need to make provisions for adequate funds for strengthening the judicial system in the country

**श्री धनंजय सिंह (जौनपुर):** सरकार को न्याय व न्यायपालिका से जुड़ा कोई भी विधेयक लाने के समय उस विधेयक से जुड़ी वित्तीय आवश्यकता की पूर्ति हेतु प्रावधान करना जरूरी है। न्यायालयों में जजों एवं अन्य कर्मचारियों की कमी, न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या, न्याय मिलने में देरी की एक वजह वित्तीय प्रावधानों की कमी भी है। देश की न्याय व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण लोकतंत्र और देश के व्यापक हित में है। ऐसे किसी भी विधेयक या अधिनियम के संस्थापन के पूर्व इस हेतु आवश्यक न्यायिक समीक्षा एवं प्रवर्तन हेतु संबंधित मानव एवं अन्य संसाधनों हेतु अनिवार्य पूर्ण वित्त व्यवस्था आवश्यक है।

## (xii) Need to undertake maintenance and repair work of roads constructed under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana in Ujiarpur Parliamentary Constituency, Bihar

**श्रीमती अश्वमेध देवी (उजियारपुर):** सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत हर राज्य और जिलों में सड़कों का जाल बिछाने का कार्य शुरू किया है जो बहुत ही अच्छा कार्य है। इस योजना के तहत सभी राज्यों एवं जिलों में व्यापक स्तर पर सड़कों के निर्माण का कार्य किया जा रहा है या हो चुका है। महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र उजियारपुर (बिहार) में भी प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजनान्तर्गत काफी सड़कों का निर्माण हुआ है और इन सड़कों के रख-रखाव की जिम्मेदारी पांच साल तक निर्माणकर्ता एजेंसी की है। लेकिन पांच साल बीत जाने के बाद सड़कों की स्थिति रख-रखाव के अभाव में काफी जर्जर हो गई है, जिसका मरम्मत आवश्यक हो गई है।

अतः मैं अनुरोध करती हूं कि केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित सड़कों का पांच साल बाद के रख-रखाव/मरम्मत कार्य की जिम्मेदारी केन्द्र सरकार अपने हाथ में लेकर उन सड़कों का नवीनीकरण कराया जाये।

## (xiii) Need to extend financial assistance to all patients seeking help from Prime Minister's Relief Fund

**श्री गजानन ध. बाबर (मावल):** मैं सरकार का ध्यान प्रधानमंत्री राहत कोष की तरफ दिलाना चाहता हूं। महोदया, हम जनता की परेशानी को देखते हुए प्रधानमंत्री के कार्यालय को रोगियों के उपचार हेतु प्रधान मंत्री राहत कोष से धनराशि सहायता हेतु सिफारिश करते हैं। वहां पर पहले लाटरी निकाली जाती है और फिर निर्णय किया जाता है कि रोगी को धनराशि सहायता प्रदान की जाये या नहीं, उसके बाद भी रोगी को समय पर धनराशि उपलब्ध नहीं कराई जाती है।

मैं सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि इस लॉटरी सिस्टम को खत्म करके प्रत्येक रोगी को धनराशि की सहायता प्रधानमंत्री राहत कोष से उपलब्ध कराने की समुचित व्यवस्था की जाये जिससे सभी रोगियों को इसका फायदा मिल सके तथा उनका समय पर इलाज हो सके।

**(xiv) Need to expedite construction of six-lane work between Bangaluru and Nelamangala and four lane work between Nelamangala and Hassan in Karnataka**

SHRI N. CHELUVARAYA SWAMY (MANDYA): I would like to draw the attention of the Hon'ble Minister of Road Transport and Highways towards the need for early completion of six lanes work between Bangalore and Nelamangala and four lanes work between Nelamangala and Hassan. This is a National Highway and the work on this project, which is on BOT basis, has already been started four years back but only some portion of the work has been completed till now and majority of the works are not completed. The people of these areas are facing great difficulties in passing this route due to non-completion of this project in time.

I would also like to mention that the works completed are not upto the stipulated norms and the quality of the roads are not maintained and sub-standard materials were used for construction of this portion. The Union Government should enquire into this poor quality work. I would like to know that who are responsible for this poor quality works.

Keeping in view of the above, I urge upon the Union Government to complete the unfinished works on this project and also take appropriate measures to ensure stoppage of using sub-standard materials in construction of some portion of this route at the earliest.

**(xvii) Need to have clear cut policy on capital punishment**

DR. MIRZA MEHBOOB BEG (ANANTNAG): Fifteen years ago 165 people were killed at Oklahoma in a car bomb explosion, but Americans didn't openly celebrate the killer's death penalty, although many must have felt that he had rightly deserved it. Illness, bereavement and death even of one's opponent call for sympathy or mourning at least in public. An American lady who had lost her husband and daughter commented that 165 persons have already died, one more death will not revive any of them. Common argument that it serves as a deterrent but experience has proved that potential criminal believes he can escape conviction at least, noose. A British publisher once wrote, it is not the severity of the punishment that acts as a deterrent, it is the certainty of the punishment. Another argument in favour of death penalty is, why spend huge money by keeping him alive in prison. Why not then everybody considered a threat be sent to gallows like in Stalin's Soviet Russia. One normally spends years and years in prison before he faces noose. The pain his family suffers. I demand that Government should have a clear-cut policy on Capital Punishment.

**<u>11.59 hrs.</u>**

## ACADEMY OF SCIENTIFIC AND INNOVATIVE RESEARCH BILL, 2010 – contd.

MADAM SPEAKER: The House shall now take up item no. 24. Shri Pawan Kumar Bansal.

… (*Interruptions*)

**चौधरी लाल सिंह (उधमपुर):** महोदया, मेरी बात सुनिये।…(व्यवधान) हमारा विषय जम्मू-कश्मीर से संबंधित है।…(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** आपको शाम को बुलायेंगे। बहुत से माननीय सदस्य रह गये हैं, उन्हें हम शाम को बुलायेंगे।

…(व्यवधान)

**चौधरी लाल सिंह :** वहां हमारे मजदूर लूटे जा रहे हैं।…(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** ठीक है, आप बैठ जाइये। माननीय मंत्री जी बोल रहे हैं।

…(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Nothing else will go on record.

*(Interruptions) …* *

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS, MINISTER OF SCIENCE AND TECHNOLOGY AND MINISTER OF EARTH SCIENCES (SHRI PAWAN KUMAR BANSAL): Madam Speaker, I thank the hon. Members Dr. Murli Manohar Joshi, Shri Ninong Ering, Shri Shailendra Kumar, Shri Vijay Bahadur Singh, Sk. Saidul Haque, Shri Mahtab and Shri Prabodh Panda who have participated in the discussion and made their contributions. … (*Interruptions*)

---

* Not recorded

**12.00 hrs.**

**अध्यक्ष महोदया :** आपको शाम को बुलाएंगे। जो माननीय सदस्य बच गए हैं, उनको शाम को बुलाएंगे।

...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** बैठ जाइए, आप बैठ जाइए। मंत्री महोदय बोल रहे हैं।

...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** आप बैठ जाइए। इस तरह उंगली नहीं दिखाते। बैठ जाइए, बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** शांत हो जाइए। शांत हो जाइए। आपकी बात शाम को सुनेंगे । बैठ जाइए।

**चौधरी लाल सिंह :** अध्यक्ष महोदया, मेरी बात सुनिए।

...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** अच्छा बैठ जाइए, बैठ जाइए। इतना उद्वेलित नहीं हो जाते। बैठिए, बैठिए। मंत्री महोदय को बोलने दीजिए।

...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** बैठ जाइए, ठीक है बैठिए। क्या कर रहे हैं? किस तरह से आप पेश आ रहे हैं?

...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** बैठ जाइए, बैठिए। ये व्यवहार?.. आप इस पर जरा खुद सोचिए बैठ करके और आगे से ऐसा व्यवहार मत करिए। बैठ जाइए। बैठिए, बैठिए। बैठ जाइए।

Nothing will go on record. You can raise the matter in the evening when 'Zero Hour' matters are again taken up in the House.

*(Interruptions) ...* *

**अध्यक्ष महोदया :** नहीं, ये नहीं। अपने को अनुशासित करिए। बैठ जाइए। अपने को अनुशासित करिए और बैठ जाइए।

SHRI PAWAN KUMAR BANSAL: My illustrious predecessor in the Ministry of Science and technology, Dr. Murli Manohar Joshi, made certain observations yesterday. Though I would like to assure him and allay his fears that he expressed, essentially about his fear that this Academy of Science and Innovative

* Nor recorded

Research would impinge upon or bring down the quality of research in the universities, I do wish to take this opportunity to say that, since he also said that we should talk to him, he would like to speak to us on this Bill, I credit him with immense knowledge on the subject though we are sure of what we have said. Madam, we are on a strong footing. We believe that, in fact, there is a similarity and complementarity of the Indian university system and it will synergise the working of the universities and also the scientific research. But, nevertheless, the fact remains, since he has made some points, I think I should discuss those with him.

MADAM SPEAKER: Hon. Member, please sit down.

SHRI PAWAN KUMAR BANSAL: Madam, I would like to discuss those points with Shri Murli Manohar Joshi, as also one or two other hon. Members who have expressed some apprehensions. My basic point is about the fear that he has expressed about the research in the universities. This nobody wants to permit. In fact, the entire endeavour over this period is to promote research in all the institutions. The hon. Minister of Human Resource Development is also here. The innovative universities are being set up. The sort of expansion… (*Interruptions*)… Madam, I have mentioned Shri Saidul Haque's name also. I have mentioned his name also. All that I am saying is… (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: You cannot just get up and start speaking like this. Please sit down. Nothing is going on record.

*(Interruptions) …* *

SHRI PAWAN KUMAR BANSAL: I have mentioned Shri Saidul Haque's name also. There were seven Members who spoke on this. I have noted down all the points. I would like to speak to Dr. Murli Manohar Joshi and then see what we can really do about it.

---

* Not recorded

So, I would request, Madam, that today this Bill may not be taken up. It may remain as such on the List of Business for the Lok Sabha. In the meanwhile, since today is the penultimate day of this Session, during this period I will try to get in touch with him on this matter.

**श्रीमती सुषमा स्वराज (विदिशा):** अध्यक्ष जी, कल हमारी ओर से इस विधेयक पर बोलते हुए डॉ. मुरली मनोहर जोशी जी ने काफी घोर आपत्तियां दर्ज की थीं। उनकी आपत्तियां वैध भी थीं और गंभीर भी थीं। मुझे खुशी है कि संसदीय कार्यमंत्री और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री ने उन आपत्तियों का संज्ञान लिया है। उनकी विशेष आपत्ति यह है कि इससे सारी-की-सारी यूनिवर्सिटीज में चलने वाला शोध कार्य समाप्त हो जाएगा और सारी चीज एक जगह आई.सी.ए.आर. में केन्द्रित हो जाएगी। इससे सारी चीज़ सीएसआईआर में इकट्ठी हो जाएगी। उन्होंने बहुत तर्क देकर, बड़े तार्किक ढंग से यह बात रखी थी। हमेशा जब इस तरह की स्थिति पैदा हो जाए तो उसमें बैस्ट यही रहता है कि आप मिलिये, कनविन्स करिये या कनविन्स हो जाइए। मुझे लगता है कि कल डॉ. जोशी जी ने जो बात कही थी, वह मंत्री जी पर वज़न डाल रही है, और मुझे इस बात की खुशी है...(व्यवधान)

**श्री पवन कुमार बंसल :** महोदया, मैं औपचारिकताओं पर नहीं जाऊंगा। जैसे मैंने कहा था यह स्टैन्डिंग कमेटी से भी आ चुका है। स्टैन्डिंग कमेटी में भी आपके सात सदस्य थे। मैं उन बातों का ज़िक्र नहीं करूँगा। मैं यही कह रहा हूँ कि मैं उनसे बात करूँगा। ...(व्यवधान)

**श्रीमती सुषमा स्वराज :** मैं तो इसीलिए कह रही हूँ कि आप अच्छा कर रहे हैं। अगर आपको कोई बधाई देने के लिए खड़ा हो तो आप उस पर भी खड़े हो जाते हैं। मैं यह कह रही हूँ कि बहुत अच्छा कर रहे हैं कि डॉ.जोशी जैसे विद्वान ने जो आपत्तियाँ यहाँ पर रखी थीं, उनका नोटिस आप ले रहे हैं और बिल को डैफर कर रहे हैं। बाद में आप डॉ. जोशी जी से बात करके बिल में जो सुधार करना है, वह कर लीजिए और फिर बिल ले आइए। मैं आपके प्रति आभार प्रकट करने के लिए खड़ी हुई हूँ। आप उस पर भी खड़े हो जाते हैं।

MADAM SPEAKER: Hon. Members, the consideration of this Bill is postponed.

… (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Nothing will go on record.

*(Interruptions) …* *

---

* Not recorded

**श्री मुलायम सिंह यादव (मैनपुरी):** आपने जो कहा है कि मुरली मनोहर जोशी जी और आप बात करेंगे। शिक्षा के क्षेत्र से हम भी बहुत समय से जुड़े हुए हैं। ...(व्यवधान)

**श्री पवन कुमार बंसल :** महोदया, मैं फिर दोहराना चाहता हूँ कि कल इस पर बहस हुई थी। ...(व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव :** ऐसा नहीं हो कि आप दोनों ही बात कर लें।

**श्री पवन कुमार बंसल :** ऐसा मैंने नहीं कहा। सात माननीय सदस्यों ने इस पर हिस्सा लिया था। श्री शैलेन्द्र कुमार जी ने इसका समर्थन किया था, यानी आपने तो इसका समर्थन किया था और उस समर्थन के लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूँ। यह हमारा मानना है कि इसमें कुछ गलत नहीं है, बल्कि जब नई एकैडमी बनेगी तो यह रिसर्च को बढ़ावा देगी। यूनिवर्सिटीज़ में भी रिसर्च अच्छी होगी, आपस में ताल्लुकात बनेंगे और मल्टी डिसिप्लिनरी रिसर्च के लिए अच्छा मौका मिलेगा। लेकिन क्योंकि उन्होंने कुछ आपत्ति ज़ाहिर की थी, मैंने उसी कारण कहा है कि मैं उसका ज़िक्र उनसे करके फिर आपके पास आऊँगा। मुझे किसी बात के लिए आपसे या किसी भी सदस्य से, किसी भी लीडर से बात करने की ज़रूरत पड़ी तो मैं ज़रूर करूँगा, लेकिन मैं आपका धन्यवाद करता हूँ कि आपने तो कल इस बिल पर समर्थन दिया है।

**12.03 hrs.**

## INSTITUTES OF TECHNOLOGY (AMENDMENT) BILL, 2010

MADAM SPEAKER: The House would now take up item no. 25 – Institute of Technology (Amendment) Bill.

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT AND MINISTER OF COMMUNICATIONS AND INFORMATION TECHNOLOGY (SHRI KAPIL SIBAL): Madam, I beg to move*:

> "That the Bill further to amend the Institutes of Technology Act, 1961 be taken into consideration."

Madam, the IITs in this country are our premier institutions. Of course many of them were set up way back in the 50s and 60s in this country. But I have to say and place on record that they have provided Yeoman's Service to our nation. Many of the IIT graduates moved out of India and became solution providers to the rest of the world. They are, now, coming back to India to give back to their country, to their nation the excellent quality of education that they received in this country. It is with this in mind that this Government decided that we need some new IITs so that we get more people from all parts of the country to be admitted to these institutions of excellence so that they become benchmark not just only for other institutions but also for other educational institutions in this country.

**श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी):** आप हिन्दी में बोलिये तो सबको समझ में आ जाएगा। ...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** आप उन्हें बोलने दीजिए।

...(व्यवधान)

* Moved with the recommendation of the President

SHRI KAPIL SIBAL: Madam, but the IIT system also need revamp because, as I said, these were set up in the 50s and 60s. The world has changed. We require new solutions in the context of the emerging challenges that we face in the 21st century. The nature of information has changed; the nature of reaching information to people has changed and with the ICT revolution, the Indian Institutes of Technology have to reinvent themselves. They will, I am sure, in the years to come, play an even more significant role in taking India forward. This particular Bill, of course, became necessary when we set up eight new IITs and when we converted the Institute of Technology Banaras Hindu University, ITBHU, a constituent unit of the Banaras Hindu University into to an Indian Institute of Technology BHU, Varanasi and integrated it into the IIT system. It was necessary to bring this amendment for the simple reason that, under Entry 64 of List I, only Parliament can declare an institution as an institution of national importance and not the Central Government. The Central Government has no power to declare each of these institutions as institutions of national importance. It is only Parliament that has that exclusive privilege. So, we therefore, needed to include these eight new IITs by amending the Bill and adding them in the Bill as institutions of national importance as well as the BHU. It is with this reason that we have brought this Bill.

There are some more minor changes which will certainly be discussed in the course of discussion of this Bill. But, what we are trying to do is to ensure that, wherever an IIT is set up, it must try to meet the technological needs of the States and Union Territories included in its zone. It must support and collaborate with technical educational institutions located in the zone with a view to enhance their quality and capability. It should be in a position to advise the Government of States and UTs included in the zone in the matter of technical education and regarding any technological problem referred by them to the institute for advice.

There are some minor changes in the structure of the IITs so that they have greater flexibility in administration and there is lesser control of Government. We

are moving away from the era of control. We believe that academic excellence survives in an environment which is free from control. Academic community needs enormous flexibility in decision-making. Therefore, the structures of the IIT system must also change. I have been having regular meetings with the IIT Council. We have set up several committees and those committees have given recommendations. We will be really looking at these institutions in a different light in the years to come.

I promise the people of India through you, Madam, that we will ensure that IITs perform the function that they were conceived to perform.

**अध्यक्ष महोदया :** माननीय सांसदों से आग्रह है कि कृपया पारस्परिक वार्तालाप बंद कर दें और विषय पर ध्यान दें।

SHRI KAPIL SIBAL: We will ensure that the benefits of the enormous talent that is located in the IIT system reach the people of India especially the rural folks in India, the marginalised and the less advantaged because ultimately, technology is only an enabler. Technology is not a solution. Technology enables empowerment of people and the objective, ultimately, is to ensure that the people and the citizenry of this country, especially our young students, are empowered through this process.

With these words, I commend this Bill to the distinguished Members of this House.

MADAM SPEAKER: Motion moved:

> "That the Bill further to amend the Institutes of Technology Act, 1961, be taken into consideration."

Shri Arjun Ram Meghwal may speak now.

**श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर):** अध्यक्ष महोदया, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे इस महत्वपूर्ण बिल पर बोलने का अवसर दिया। प्रौद्योगिकी संस्थान अधिनियम, 1961 में कुछ संशोधन मंत्री जी लेकर आए हैं।

महोदया, मंत्री जी ने अभी बताया कि आई.आई.टी. से ग्रेजुएट होने के बाद आईआईटीन्स विदेशों में चले जाते हैं, उसके बाद उन्होंने कहा कि वापस भी आते हैं। मेरे पास ऐसे कुछ आंकड़ें हैं, जो यह बताते हैं कि जो यहां आई.आई.टी. करते हैं और एम.बी.ए. विदेशों से करने के बाद विदेशों में ही सैटल हो जाते हैं।

आई.आई.टी. में पढ़ाने का खर्चा भारत सरकार करती है। कुछ लोग एमबीए यहां से करते हैं और वे वहां सैटल हो जाते हैं। लेकिन जो लोग एमबीए बाहर से अमेरिकन या आस्ट्रेलियन इंस्टीट्यूट से कर लेते हैं, वे अधिकतर उन्हीं कंट्रीस में सैटल हो जाते हैं।

अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि कितने आईआईटीन्स, जो इंडिया में ग्रेजुएट हुए, उनमें से कितने बाहर गए और कितने वापस आ गए? Has the hon. Minister got any data in this regard? यह एक केटेगरिकल प्रश्न मंत्री जी से मेरा है। ये जो आठ नये आईआईटीस बन रहे हैं, इनका मैं स्वागत करता हूं।

अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से सदन में बताना चाहता हूं, इस हाउस में घोषणाएं होती हैं कि इस-इस स्टेट को आईआईटी दी जाती है या इस-इस स्टेट में आईआईटी अगले साल से खोली जाएगी। जैसे राजस्थान के लिए तीन साल पहले घोषणा हुई, उसके बाद लोकेशन का मामला अड़ गया। हम लोग भी मंत्री जी से मिले तो उन्होंने कहा कि लोकेशन स्टेट गवर्नमेंट तय करती है। हमारी स्टेट गवर्नमेंट ने एक प्रोफेसर व्यास हैं, जो आदरणीय प्रधान मंत्री जी के आर्थिक सलाहकार परिषद में काम करते हैं, उनकी अध्यक्षता में कमेटी बनाई। इससे पहले भी एक कमेटी बनाई थी । That was a Technical Committee. उसमें कोई भी पोलिटीकल आदमी नहीं था। उस कमेटी ने यह सिफारिश की कि राजस्थान का आईआईटी अगर खोलना है तो उसे कोटा में खोला जाना चाहिए। कोटा की मांग भी बहुत अर्से से थी, यहां जो कई माननीय सदस्य बैठे हैं, वे जानते होंगे कि बहुत से एमपीज़ के बच्चे भी कोटा में कोचिंग लेने के लिए जाते हैं। कोटा में बहुत बड़े-बड़े इंस्टीट्यूट्स हैं। कोटा कोचिंग के लिए फेमस हो गया है। ...(व्यवधान)

**श्री गोपाल सिंह शेखावत (राजसमंद) :** इसमें तो राजनीति न करें।...(व्यवधान)

**श्री अर्जुन राम मेघवाल :** मैं राजनीति नहीं कर रहा हूं, सिर्फ बोल रहा हूं। ...(व्यवधान) प्रोफेसर व्यास की अध्यक्षता में कमेटी सरकार ने ही बनाई थी, हमने नहीं बनाई थी। मैं यह कहना चाहता हूं कि आईआईटी की घोषणा सदन में होती है, उसके बाद लोकेशन का काम गवर्नमेंट को दे दिया जाता है।

सभापति महोदय, मेरा सौभाग्य है, जैसा मैंने कहा कि मुझे इस विषय पर आपने बोलने का अवसर दिया है। आजादी के 63 साल हो गए, हिन्दुस्तान के अंदर जब इस मुल्क का बंटवारा हुआ, जिन लोगों ने मज़हब के नाम पर इस बंटवारे को कबूल किया, वे हिन्दुस्तान को टाटा-बॉय-बॉय करके पाकिस्तान में चले गए। वहां रोज बम विस्फोट हो रहे हैं, वे बेचारे परेशान हैं। मुसलमान एक ऐसी कौम थी, दुनिया की वाहिद कौम थी, जिसे मुल्क चुनने का हक मिला। मज़हब के नाम पर जो मुल्क का बंटवारा हुआ है, उस बंटवारे को स्वीकार करके अपने हम मज़हब के साथ पाकिस्तान जाना है या अपने हम वतन के साथ, अपनी सरज़मी, इस मादरे वतन, जननी मातृभूमि की गोद में रहना है। उस वक्त हमारे बाप-दादा ने तय किया कि ये मादरे वतन, जननी मातृभूमि, हम जिन्दा हैं तो इसी वतन के लिए और मरेंगे तो इसी मादरे वतन की खाक में मिल जाएंगे। उस वक्त हिन्दुस्तान का मुसलमान अगर हिन्दुस्तान में रह गया तो वह इसलिए नहीं रह गया कि कोई नेता जी, पुलिस या सेना पर बहुत भरोसा है। उसको अपने पड़ौसी, हम वतन, गांव के रहने वालों पर भरोसा था। लोगों ने रोका, जब इस मुल्क का बंटवारा हो रहा था तो पूरा पंजाब खाली हो गया। पंजाब में एक जगह मलेरकोटला है। वहां जब लोग जाने लगे, क्योंकि मलेरकोटला के लोगों ने एक बार गुरु की रक्षा की थी, उनकी मदद की थी तो वहां के लोगों ने कहा कि हम आपको यहां से जाने नहीं देंगे। आज भी वहां बड़ी आबादी पंजाब के अंदर रहती है। हम लोग भी बिहार में हैं, बगल में बंग्लादेश और पाकिस्तान था, लेकिन बहुत लोग गए, लेकिन हमारे खानदान के लोग नहीं गए। हमें बार-बार ये इम्तिहान इस मुल्क में नहीं देना होगा कि हम इस वतन से मोहब्बत करते हैं। एक दिन 15 अगस्त, 1947 को हिन्दुस्तान के मुसलमानों ने अपनी देशभक्ति, देश प्रेम, हुबल वतनी का इम्तिहान दे दिया है। एक कौम से बार-बार इम्तिहान नहीं लिया जा सकता।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Shri Shahnawaz Hussain, please continue. Nothing, except what you are saying, is going on record.

*(Interruptions) …* *

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन (भागलपुर):** सभापति जी, आज हमें अपने ही मुल्क में, अपने हक के लिए, अपनी शिक्षा के लिए, अपने रोजगार के लिए, अपनी नौकरी के लिए इतना लड़ना पड़ेगा और क्या 193 में चर्चा करनी पड़ेगी? क्या आजादी के 63 साल बाद, आज अक़लीयतों की यह हालत होगी?

सभापति जी, मुझे दुख होता है, मैं जानता हूं कि मुल्क के बंटवारे के बाद हमारी समस्याएं बढ़ी हैं। जब बंटवारा हो रहा था, उस वक्त मौलाना अबुल कलम आजाद ने, जामा मस्जिद की सीढ़ी से कहा था -ऐ मुसलमानो, तुम अपना मुल्क छोड़कर मत जाओ। तुमको वहां अपने हम-मज़हब मिल जाएंगे, लेकिन अपने हम-वतन नहीं मिलेंगे। उस समय रेलवे स्टेशन पर उनके उस भाषण की कैसेट लगाई गई। लोग उनकी बात को सुनकर रुके। मैं कहता हूं, उस वक्त के प्रधान मंत्री, पं. जवाहरलाल नेहरू ने, उस वक्त के नेताओं और सब लोगों ने बड़ा एत्माद दिलाया कि मुसलमानों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। आज वह कौम दो-राहे पर खड़ी है। आज जब हम लोग चर्चा करते हैं कि उस वक्त हमारे हालात क्या थे, उस वक्त हम किस हालत में थे, आज हम किस हालत में हैं।

सभापति जी, जब मैं इसकी तैयारी कर रहा था, मैंने देखा, तो मुझे काफी दुख हुआ कि आज हम इस हालत में क्यों हैं? मैं यह बात किसी और रिपोर्ट या भारतीय जनता पार्टी की कमेटी की किसी रिपोर्ट के आधार पर नहीं कर रहा हूं और न मैं उससे पढ़कर बोल रहा हूं। मैं तो जो आपने सच्चर कमेटी बनाई, जिसे बने हुए पांच-छः साल हो गए, उसे पढ़कर बता रहा हूं। दिक्कत तब हुई जब इस मुल्क के अंदर माइनॉरिटीज के लिए वोट की पॉलीटिक्स बहुत हुई। उनका वोट बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि बल्क में जाता है, जिधर जाता है, उधर की तकदीर को बदलता है। इसलिए उन्हें आम इंसानों की तरह देखने की बजाय उन्हें वोटर की तरह देखा गया कि ये अच्छे लोग हैं। इन्हें शरह मिलने से शायद हमें कुर्सी मिल जाए। यह तो हमारा फर्ज है कि यदि माइनॉरिटी के फलाह-व-बहबूदी के लिए कोई काम करता है, तो वह किसी पर कोई अहसान नहीं करता। वे हिन्दुस्तान के नागरिक हैं। उनकी खिदमत करना, आपका फर्ज है। इसे गिनाइए मत। पीठ मत थपथपाईए। हम पर वह अहसान मत कीजिए। अहसानात के कारण 63 साल में अक्लीयतों का कंधा इतना कमजोर हो गया है कि वह अब और लफ्जों के बोझ को सहन करने लायक नहीं रहा है। अब और लफ्जों का बोझ हमारे कंधों पर मत डालिए। हमारा जो कंधा है, वह लफ्जों का, शब्दों का और अलफाज़ का बोझ उठाने को तैयार नहीं है।

---

* Not recorded

महोदय, आज अक़लीयत के लोग अपनी बात कहते हैं, तो कहीं रोड पर उतर कर, रेल की पटरी पर बैठकर कोई बात नहीं कहते हैं। वे आपसे बात कह रहे हैं। आप उनकी बात को सुनिए। हिन्दुस्तान के अवाम की तरफ देखिए। उन्हें एक चश्मे से देखिए। उन्हें बराबरी की नजरों से देखिए। उन्हें रोजगार में, उनके हकूक में, बराबर का हक दीजिए। मैं उनके लिए कोई अलग से हक मांगने के लिए खड़ा नहीं हुआ हूं। हम चाहते हैं कि मुल्क तरक्की करे। हिन्दू और मुसलमान, इस मादरे वतन की दो आंखें हैं। अगर एक आंख भी कमजोर होगी, तो मादरे वतन की तस्वीर खराब हो जाएगी। उसे मजबूत करना ही देश-प्रेम है। हिन्दुस्तान का अगर एक भी आदमी कमजोर रहेगा, तो आप फख्र से नहीं कह सकते कि हम डैवलप्ड कंट्री हैं। इस तरफ बढ़ने के लिए आपको कोई बड़ा काम करना पड़ेगा। इसलिए जब चर्चा हुई, तो इंदिरा जी ने मुसलमानों की तरक्की के लिए 15 सूत्री कार्यक्रम बनाया। उन 15 सूत्रों में से कोई भी एम.पी. 15 सूत्रों को कोई गिना नहीं सकता। मैं भी नहीं गिना सकता हूं कि वे क्या हैं, पता ही नहीं लगता है। हम सोच रहे हैं कि कब कौन सा सूत्र आएगा, यह पता ही नहीं लगता है। हर बार लोग सोचते हैं कि शायद 13वां सूत्र हो गया होगा या 14वां सूत्र हो गया होगा और 15वें सूत्र के लागू होते ही हमारी तकदीर बदलने वाली है, यह उम्मीद लगी रहती है, लेकिन वह 15वां सूत्र आज तक नहीं आया।

महोदय, हम तो आज आपसे जिम्मेदारी के साथ कहना चाहते हैं। आज तो वर्ल्ड कप का खेल चल रहा है और हमारे बहुत सारे एम.पी. वर्ल्ड कप देखने गए हैं। यदि आज यहां चर्चा नहीं होती, तो हम भी वर्ल्ड कप मैच देखते। हम यह चाहते हैं कि हमें सलमान साहब ज्यादा मत दीजिए। क्रिकेट टीम में इनकी वजह से जैसी जगह मिली है, वैसी दे दीजिए। यह इंडियन क्रिकेट टीम खेल रही है, टीम इंडिया और इसमें खिलाड़ी खेल रहे हैं जहीर खान, मुनाफ पटेल और यूसुफ पठान। और 11 में ये तीन खेल रहे हैं, ये कोई रिजर्वेशन पर नहीं खेल रहे हैं, ये अपने टेलेंट पर खेल रहे हैं, क्योंकि यह रिजर्वेशन वाली जगह नहीं है। यह करीब 30.6 परसेंट रिजर्वेशन क्रिकेट टीम में है। एक जमाना होता था कि हाकी टीम में भी आधे से ज्यादा लोग होते थे, लेकिन वे हिन्दू हैं या मुसलमान हैं, इस चश्मे से लोग उनको नहीं देखते थे। जब कोई क्रिकेट का मैच होता है और जहीर खान को कोई चोट लग जाती है तो उनके वालिद को जितना दुख होता है, उससे ज्यादा दुख शत्रुघ्न सिन्हा जी को, मेघवाल जी को और शैलेन्द्र जी को होता है। लोगों को लगता है कि मेरे बेटे को, मेरे भाई को चोट लगी है। यह क्रिकेट वाला माहौल इस देश में मुसलमानों के लिए बनाने की जरूरत है।

मैं तो देश के विभाजन के बाद आज अक्लियतों की जो स्थिति है, उस पर बातचीत करना चाहूंगा, क्योंकि सच्चर कमीशन तो हमने नहीं बनाया, आप लोगों ने ही बनाया और जब बनाया था तो लग रहा था कि हर गांव में, जहां हम लोग जाते थे, क्योंकि अच्छा है कि इस पर जो पहली तकरीर उधर कांग्रेस से हुई, किशनगंज से, जहां करीब 70 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है, मैं वहां से एम.पी. रहा हूं, अब मौलाना इशरारुल हक साहब एम.पी. हैं और आज मैं भागलपुर से एम.पी. हूं, जहां सलमान साहब के 90 जिलों में, जो मुस्लिम बहुल जिले हैं, उसमें शाहनवाज़ हुसैन का जिला अभी नहीं आता है। ये हम...(व्यवधान)

**श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी):** उसे भी शामिल कर लीजिए।

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन :** हम यह कहने के लिए खड़े हैं कि हिन्दुस्तान के अन्दर माहौल क्या हुआ कि चाहे खिलाड़ी हो, चाहे लीडर हो, वह सिर्फ एक कम्युनिटी का लीडर नहीं हो, देश के लोग जिसको नेता मानें, वह नेता हो। वह कम्युनिटी के अन्दर पैदा हो। हमें फख्र है कि जिस भागलपुर में कभी 1989 में पहले हिन्दू मुसलमान तनाव हुआ था, हमें याद है कि राजीव गांधी जी वहां गये थे, आज हम उसी सर्किट हाउस में रुकते हैं, जहां वे रुके थे। उस वक्त क्या माहौल था, कोई सोच नहीं सकता, लेकिन आज वहां लोगों की ईमानदारी से बिहार सरकार ने, नीतीश कुमार जी की सरकार ने मदद की है, जख्मों पर मरहम लगाया है। आज जरूरत है, हमारे जैसे लोगों ने जो वहां कोशिश की है, पत्थर पर भी हम जाकर अगर एक बार मेहनत करें तो जहां पर खराब माहौल है, वहां पर भी अच्छा बन सकता है, इसमें कोई अलग बात नहीं है।

जो सच्चर कमीशन आपने बनाया, आज उसमें क्या हालत है। पूरे देश में मुसलमानों की जो साक्षरता है, वह 65 परसेंट है, सच्चर कहते हैं कि मुसलमानों में 59 परसेंट साक्षरता है। 6 से 14 वर्ष के जो बच्चे स्कूल जाते हैं, वे 25 परसेंट से ज्यादा जाते नहीं हैं। देश में जो ग्रेजुएट हैं, वे 6 परसेंट हैं, जो पोस्ट-ग्रेजुएट हैं, वे चार परसेंट हैं। आज आई.आई.टी. की चर्चा हो रही थी, यहां वकील साहब, जो मंत्री हैं, कपिल सिब्बल साहब, वे यहां पर आई.आई.टी. बना रहे थे, उन आई.आई.टीज़. में दो परसेंट लोग अक्लियत के नहीं पहुंच पाते हैं तो मुल्क का क्या होगा? आज सिर्फ 1.3 परसेंट छात्र मैनेजमेंट में हैं, यह सच्चर साहब कहते हैं, यह शाहनवाज़ हुसैन नहीं कह रहा। आज पढ़ने-लिखने में ज्यादा लड़के हमारे छोड़कर जा रहे हैं, जवाहर नवोदय विद्यालय में हमारी भागीदारी संतोषजनक नहीं है। आपको उनकी फिक्र करनी चाहिए थी।

जहां तक शिक्षा ग्रहण करने के लिए आज लोग कहते हैं कि लोग मदरसों में दाखिला लेते हैं, मदरसो में भी कितने लोग जाते हैं, उनमें भी चार परसेंट लोग जाते हैं। वहां भी बहुत लोग नहीं जा रहे, लेकिन जो गरीब हैं, जिनको लगता है कि हम अपने बच्चे को नहीं बोल पा रहे हैं, वे लोग भी मदरसे में तीन-साढ़े तीन परसेंट हैं। चर्चा होती है कि मदरसे में लोग पढ़ रहे हैं, पहले तो बड़ी-बड़ी चर्चा होती थी, जब हम लोगों की सरकार थी, तब एक रिपोर्ट आई, किसी ने कहा कि आप लोगों ने यह क्या किया है, मदरसे में कैसी ट्रेनिंग हो रही है। आडवाणी जी ने यहां पर होम मिनिस्टर के नाते पार्लियामेंट के फ्लोर पर कहा और हम खुद प्रधानमंत्री जी के पास गये थे, तब अटल बिहारी वाजपेयी जी के पास गये थे तो उन्होंने कहा कि मदरसा इल्म का सरचश्मा है और वहां से आजादी के आन्दोलन में बहुत से लोग निकले हैं।

पूरी दुनिया में आज क्या माहौल है, पूरी दुनिया में कहीं लड़ाई है, झगड़ा है, पाकिस्तान, बंगलादेश में आप चले जाइये, अफगानिस्तान और पूरे गल्फ कंट्रीज़ में चले जाइये, पूरी दुनिया में हिन्दुस्तान में सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी रहती है और आज पूरी दुनिया को अगर कुछ सीखने की जरूरत है तो अपने पड़ोसियों के साथ जो बहुसंख्यक हैं, अल्पसंख्यक कैसे रह सकते हैं, उसकी मिसाल हमारा देश भारत है, जहां हिन्दू और मुसलमान मिलकर रहते हैं।

सभापति जी, आज उन लोगों के लिए चर्चा करने की जरूरत है। सच्चर कमीशन कहता है कि अकलियत के लोगों को बैंक में लोन नहीं मिलता है। इस देश में करीब बीस करोड़ से ज्यादा अल्पसंख्यक हैं। उनकी जो प्रापर्टी है, आज उनका क्या हाल है, जो वक्फ की जायदाद है, उस पर मैं बाद में आऊंगा। उनकी क्या हालत है? उनके लिए जो फलाह-व-बहबूदगी के कार्यक्रम चलने चाहिए, वह क्यों नहीं चल रहे हैं? भारतीय जनता पार्टी ने कब आपको मना किया है? उसने कब कहा है कि आप अकलियतों के लिए स्कूल मत खोलिए? कब कहा है कि उनके बच्चों को तालीम मत दीजिए? कौन रोक रहा है? मैं आपसे पूरी जिम्मेदारी से कह सकता हूं कि अगर आप अकलियतों को पढ़ाने-लिखाने के लिए कोई भी बड़ा कार्यक्रम चलायेंगे, हम लोगों ने तो इसमें कभी कोई ऐतराज नहीं किया है, लेकिन आज उनके लिए सिर्फ लब्ज़ी बातें हो रही हैं। उनके लिए कोई काम नहीं हो रहा है। सच्चर कमेटी की जो रिपोर्ट है, उसमें गरीबी रेखा के नीचे आने वाले जो माइनेरिटी के लोग हैं, वह कहती है कि जो हमारे दलित भाई हैं, उनसे भी पीछे माइनेरिटी के लोग चले गए हैं। क्या यह अलार्मिंग नहीं है? क्या मुल्क के लिए इस पर सोचना जरूरी नहीं है? हम आपसे कहना चाहते हैं कि आज सच्चर कमेटी की रिपोर्ट पर आप चर्चा करेंगे या सिर्फ वादा करेंगे। पिछली बार यूपी के चुनाव से पहले सलमान भाई ने सच्चर सब-कमीशन बनवाया, बहुत अच्छा था। यूपी का चुनाव फिर आ गया, अब जाकर आप क्या कहेंगे? पिछली बार आपने कहा था कि हमने सच्चर बना दिया है, रिपोर्ट आएगी, अब आपकी तकदीर संवरने वाली है। लोग इंतजार में बैठे हैं।

इस बार पूछेंगे तो आप क्या कहेंगे? एक शायर ने कहा है - " गजब किया तेरे वादे पर ऐतबार किया, तमाम उम्र कयामत का इंतजार किया।" आपका क्या वादा है? क्या कयामत के दिन तक आप हमें बहलाते रहेंगे कि अब करने वाले हैं, अब करने वाले हैं, कब करने वाले हैं? जब देश के लोगों ने तीन-चौथाई बहुमत राजीव गांधी जी को दिया था, तब बीजेपी के दो सदस्य थे, अभी हम इतने हैं तो मंत्री लोग खड़े होकर हमें डिस्टर्ब करते हैं और संजय भाई भी आ गए हैं। आप लोगों का फोर्स बढ़ गया है। पहले हम लोगों के साथ थे, फोर्सफुल थे, लेकिन अब वह आपके साथ आ गए हैं। वह बिहार के ही हैं। तब दो लोग थे। अभी हम खड़े होते हैं तो आप लोग खड़े हो जाते हैं। आप सरकार भी चलाइए, थोड़ा धीरज भी रखिए। विपक्ष की आवाज सुना कीजिए। स्वस्थ्य लोकतंत्र में विपक्ष की आवाज को सुनना चाहिए। विपक्ष का उपहास मत उड़ाया करिए। इधर आप बैठे हैं, तो भूल मत जाइए कि आप एक बार सत्ता में हैं, तो परमानेंट हैं। हुकूमत बदलती रहती है। हुकूमत की कुर्सी म्यूजिक चेयर की तरह है, इधर से उधर जाती रहती है। हो सकता है यह आपके पास बड़े दिन रही हो, लेकिन बीच में आप कितना तरसे थे, हुकूमत से आप कितनी दूर थे? बड़े दिन बाद आज भी आपको बहुमत नहीं मिल पा रहा है। 206 की संख्या पर अटक गए, पहले तो आपकी पार्टी 270, 272, 300 से 400 तक सीटें जीतती थी। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि जो कई जगह जाकर बीजेपी का बहाना देते हैं, जब आपके पास 400 लोग थे, तो हिंदुस्तान के मुसलमानों की तकदीर लिख देते, तब तो याद नहीं आयी, तब बहाना याद नहीं था। आज हम लोग हैं और हम पूरी जिम्मेदारी से आपसे कहना चाहते हैं कि आपकी अकलियतों के फलाह-व-बहबूदगी के लिए जो काम करेंगे, उसमें यह नहीं चाहते, हम बराबरी चाहते हैं, भारतीय जनता पार्टी ने हरदम कहा है कि अकलियतों को हिंदू के बराबर आगे बढ़ने का मौका मिलना चाहिए। इसमें हम लोगों की कोई अलग राय नहीं है, लेकिन क्या हो रहा है? पिछली बार वक्फ की जायदाद पर चर्चा हुयी थी, तब लास्ट दिन था, जब अकलियतों के मामले पर चर्चा होती है, तो समय बड़ा कम पड़ जाता है। सभापति जी, आप गोवा के हैं, वहां माइनेरिटी के बहुत लोग हैं। हमें उम्मीद है कि आप आज हमें मौका देंगे, आज वक्त की कमी नहीं आने देंगे। ...(व्यवधान) वक्फ की आज क्या हालत है? आप ऐहसान क्यों करना चाहते हैं? आप कोई ऐहसान मत कीजिए। हमारी जो वक्फ की जायदाद है, शत्रुघ्न जी बैठे हैं, जो फिल्मों से हैं, सभापति जी, आपने एक गाना सुना होगा - मेरा कुछ सामान तुम्हारे पास पड़ा है, वह लौटा दो। जो वक्फ की जायदाद है, वह हमें लौटा दो। हमारे ऊपर कोई ऐहसान मत कीजिए। सलमान भाई, हम आपकी किसी बात का विरोध नहीं करेंगे। आप खड़े होकर पार्लियामेंट के फ्लोर पर कहिए कि जितनी जमीन सरकार ने कब्जे में की और जितनी जमीन माफियाओं ने कब्जे में की है, भारत सरकार सारी जमीन आजाद करा कर वक्फ बोर्ड के हवाले करेगी।

एक लाइन कहने की जुर्रत कीजिए, मैं भाषण यहीं बंद कर दूंगा। आज कहिए कि जो जमीन, मैं डीडीए का भी मेम्बर हूं, डीडीए ने कहा, यह ग्रीन लैंड है और उस पर अपना बोर्ड लगा दिया, उस पर आप कोई काम नहीं कर सकते और बाद में उस लैंड को बेच दिया, लैंड वैल्यू चेंज कर दिया और इसलिए आज अल्पसंख्यकों के लिए उनको करीब पांच लाख एकड़ जमीन, 28 स्टेट्स और 7 यूनियन टेरिटरिज में है। पांच लाख एकड़ जो बड़े-बड़े बिल्डर हैं जिनके पास इतना बड़ा लैंड बैंक नहीं है सबसे बड़ा लैंड बैंक यहां अखलियतों के पास है वक्फ बोर्ड के पास है। आज उनकी प्राइम लैंड मैंने पिछली बार भी चर्चा करते हुए कहा था कि यहां पर इसकी पार्लियामेंट्री कमेटी बनी और 1954 में वक्फ एक्ट फिर 1995 में स्टेट वक्फ बोर्ड कॉंस्टिच्यूट करने के लिए बिल लाया गया, फिर उस पर जेपीसी बनी और उसके बाद आप बिल लाए राज्यसभा में जिसे हमने पूरी तरह से पास कर दिया था। हमलोग हर जगह पीछे ही रह जाते हैं। चर्चा भी हमारी होती है तो या तो सेकेण्ड लास्ट दिन माइनॉरिटी पर चर्चा होती है या एक दिन जिस दिन संसद बंद होने वाला है लोग कह रहे हैं जल्दी किजिए, जल्दी किजिए जल्दी चर्चा हो रही है। तो हम लोग उस दिन भी जब मेरी वक्फ की पुरानी स्पीच की चर्चा हो रही है जो उस दिन मैंने यहां पर पार्टी की तरफ की थी और उस दिन भी कहा था कि जो जायदाद है ये गरीब लोगों की है, अगर गवर्नमेन्ट ने उस पर कब्जा किया है तो यानि गवर्नमेन्ट के पास है, तो उसको लौटाइए। आपसे मैंने मेनशन भी किया था कि इनके यहां राजस्थान में मेन चौक पर वक्फ बोर्ड की जमीन है जो गवर्नमेन्ट ऑफ इंडिया का बैंक है वह उस पर कब्जा किए हुए बैठा है उस के लिए वह दो सौ रुपया महीना दे रहा है। उसको देना चाहिए बीस लाख रुपया वह नहीं दे रहा है उसको लौटाइए और जो सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि "Waqf is always waqf." उसका लैंड वैल्यू नहीं चेंज हो सकता जिन लोगों ने लैंड वैल्यू चेंज किया उन पर मुकदमा चलाइए उससे वापस लिजिए सुप्रिम कोर्ट के रूलिंग के बाद आज वक्फ की जायदाद को किसी को लेने का कोई हक नहीं है। सभापति जी, जब स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी हयात से थीं तो उन्होंने अपने सारे मुख्य मंत्रियों को एक चिठ्ठी लिखी और इंदिरा जी का कितना रूतबा था आजकल इतना रूतबा होना तो आसान नहीं है उनकी चिठ्ठी जाए और कोई कांग्रेस का मुख्य मंत्री इग्नोर करे उन्होंने लिखी थी कि वक्फ की जो जायदाद है उसको इनके हवाले किया जाए, इनको वापस दिया जाए लेकिन आज वक्फ की जायदाद उनको हवाले नहीं किया जा रहा है। उस चिठ्ठी का जवाब देते वक्त सलमान भाई को बताना चाहिए कि किन-किन मुख्य मंत्रियों ने इंदिरा जी की बात मानी।

अभी तो शुरु हुआ है। अब मैं पार्टी का व्यू रखूंगा। यह तो मैं मूल्क व्यू रख रहा था कि माहौल क्या है? इसके बारे में सारी चर्चा शुरु कर रहा था इसलिए मैं आपसे गुजारिश करना चाहता हूं कि आज जो वक्फ

की जायदाद है उनको कैसे लौटाया जाए किन लोगों ने वक्फ की जायदाद पर कब्जा किया। खुद महाराष्ट्र में बड़े-बड़े बंगले बन रहे हैं और अब किसका बन रहा है यह नाम लेना ठीक नहीं है। क्योंकि मैं उस कमेटी में नहीं था बाद में मैं जीत कर आया था जेपीसी में मैं बाद में मेम्बर बना था। यह वाला जेपीसी मत समझ लिजिएगा। पुरानी वाली जो जेपीसी बनी। जो वक्फ बोर्ड के जायदाद पर बनी। इसमें हम यह चाहते हैं कि वक्फ की जो जायदाद है वह हमें लौटाइए उसमें आपको कोई दिक्कत नहीं हो रही है।

MR. CHAIRMAN : Hon. Member, please conclude. I have given you nearly thirty minutes.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Please conclude within three minutes.

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन :** सभापति जी मैं बड़ी जिम्मेदारी से कहना चाहता हूं। मैं चिठ्ठी लाया हु जो मेरे राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नीतिन गडगरी जी है उन्होंने प्रधान मंत्री जी को लिखा।

**सभापति महोदयः** कृपया आप जारी रखें।

**16.00 hrs.**

(Dr. Girija Vyas in the Chair)

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन :** चेयर अटैंशन में नहीं हो तो बड़ी दिक्कत होती है।…(व्यवधान)

**सभापति महोदया :** आपके दो मिनट एक्सट्रा हो गए।

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन :** मैडम, हम पर आपकी बड़ी मेहरबानियां रही हैं।…(व्यवधान)

**सभापति महोदया :** आपकी ज़र्रा नवाज़ी।

…(व्यवधान)

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन :** हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन गडकरी जी ने प्रधान मंत्री जी को 20 जुलाई, 2010 को एक चिट्ठी लिखी। उन्होंने कहा कि देशभर में जो गैर-कानूनी अतिक्रमण है, उसका दुरुपयोग हुआ है। उन सब सम्पत्तियों को, जो पांच लाख रजिस्टर्ड वक्फ हैं, देश की वक्फ सम्पत्ति के अंतर्गत 8 लाख एकड़ जमीन क्षेत्रफल पड़ता है। 50 साल के तकरीबन 6 हजार करोड़ रुपये आंकी गई है। शहरी इलाकों में इसकी बड़ी संख्या है। 1.20 लाख करोड़ रुपये इसकी जायदाद है। अगर इन सम्पत्तियों को प्रभावशाली तरीके से बाजार के रूप में देखकर इस्तेमाल किया जाए तो तकरीबन 12 हजार करोड़ रुपये सालाना आमदनी होगी, यानी सलमान भाई के मंत्रालय से कई गुना ज्यादा बजट है। उससे 12 हजार

करोड़ रुपये किराया आ जाएगा। इसका सामाजिक, आर्थिक उपयोग हो सकता है। उन्होंने आगे लिखा है कि मुस्लिम समाज के कल्याण, विकास के लिए उनको इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

सभापति जी, हम पर बड़ा इल्जाम लगाया जाता है कि भारतीय जनता पार्टी कुछ नहीं कर रही है। हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रधान मंत्री जी को चिट्ठी लिखी थी। उन्होंने आपको रैफर कर दी होगी। हम ही दे देते हैं। नितिन गडकरी जी ने जो लिखा है, अगर आप उस बात को मान जाएं तो आपको कोई दिक्कत नहीं होने वाली है। आप बड़े नेता हो जाएंगे। केबिनेट पोस्ट आपको मिली हुई है, इससे बड़ी दुआ आपको और क्या दी जा सकती है।...(व्यवधान)

**सभापति महोदया :** अब आप समाप्त कीजिए।

...(व्यवधान)

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन :** हम वह सब नहीं कहने वाले हैं।...(व्यवधान)

**सभापति महोदया :** मैं आपको अपनी बात समाप्त करने के लिए कह रही हूं।

...(व्यवधान)

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन :** मैं अपनी बात तुरंत समाप्त करूंगा।

माइनॉरिटीज़ के लिए स्कूल, इंजीनियरिंग कॉलेज बनाने चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार मुअज़िनों को वेतन देना चाहिए। यह हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन गडकरी जी ने कहा।

आभी ई-टीवी उर्दू ने मुम्बई में एक सेमिनार किया था। वहां आप थे और मैं भी था। इस पर चर्चा हुई। उस चर्चा के बाद आज पार्लियामैंट में चर्चा हो रही ही। वहां आपने जो वादे किए, उन्हें मैंने टेप करके रख लिया है, क्योंकि Minister is always a Minister whether in the Parliament or outside the Parliament. अगर आपका बयान पार्लियामैंट के बाहर भी है, आप भारत सरकार के मंत्री हैं, हमें आप पर यकीन करना चाहिए और हम आप पर यकीन कर रहे हैं। आज बिहार सरकार अच्छा काम कर रही है। अकलियतों की बहबूदी के लिए नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में अच्छा काम हो रहा है। बिहारी बाबू गवाह हैं, पटना में हमने वक्फ की जायदाद को वापस लिया।...(व्यवधान)

मैं अकलियतों की प्राब्लम्स पर आता हूं। मैंने चर्चा से पहले कहा था कि नियम 193 के अंतर्गत आने वाली सारी चर्चाएं 4-5 घंटे चलती हैं। जब माइनॉरिटी के बारे में चर्चा होगी, इतनी बड़ी आबादी के बारे में चर्चा करने के लिए अपनी पार्टी की तरफ से मैं बोल रहा हूं। अगर पार्लियामैंट्री अफेयर्स मंत्री बात करके इस चर्चा को आगे नहीं बढ़वाएंगे, तो बात अधूरी रह जाएगी। एक बिंदी से खुदा से जुदा हो जाता है।...(व्यवधान)

**सभापति महोदया :** आपके हाथ में जो पेपर है, वह और भी जरूरी है। उसे देख लीजिए।

...(व्यवधान)

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन :** यह बहुत उपेक्षित कौम है। इसका वोट बहुत लोग ले लेते हैं। चुनाव आते हैं तो सब नेता ऐसे गले मिलते हैं जैसे ईद मिलने आए हैं। ईद की सेवई की तरह चांद का इंतजार होता है और वह चांद नहीं निकलता। हमें जो हक चाहिए, वह हक नहीं मिलता। इसलिए हम हमेशा यह कहते हैं कि आप हमसे गले मिल जाते हैं लेकिन करते कुछ नहीं हैं। आप सैकुलर पार्टी कहलाते हैं और बड़ा भरोसा होता है। बिहार में लोग नहीं कहते, लेकिन बिहार के बाहर शायद इस तरह का इम्प्रैशन पड़ता है। एक शायर ने कहा है --

दिल में एक सितम एक रात करो हो
वह दोस्त हो जो दुश्मन को भी मात करे।

यानी आप से बड़ी उम्मीद है। बड़ी सेक्युलर जमा है, हर भाषण में सेक्युलरिज्म का वर्ड इतनी बार बोलते हैं, जितना कभी बोला नहीं जाता। लेकिन आज क्या किया? 'हमारा जख्म उन्हें कब शुमार करना है, करीब आकर बहाने से वार करना है।' हमारा जख्म नहीं दिखता कि इतने नजदीक आप अकलियतों के हो गये। आप इतने नजदीक हैं, सभापति जी, मैं इस कागज को ऐसे पढ़ना चाहूं, तो नहीं पढ़ सकता। इसी तरह यह सरकार अकलियतों के नजदीक होने का वायदा तो करती है, लेकिन उनका दर्द इनसे देखा नहीं जाता, इसके लिए थोड़ा दूर से दर्द देखना है। आज असम में अकलियतों की क्या हालत है? आज बंगाल में क्या हालत है? आज पर कैपिटा इनकम कितनी है? ...(व्यवधान)

**सभापति महोदया :** शाहनवाज़ हुसैन जी, अब आप वाइंड अप कीजिए।

...(व्यवधान)

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन :** आज आप देखिये कि जिन पर आप इल्जाम लगाते हैं, उसी गुजरात सरकार में अकलियतों का पर कैपिटा इनकम सबसे ज्यादा है। ...(व्यवधान) असम में बड़ी सेक्युलर सरकार है। बंगाल वाले भी बड़ी देर से जागते हैं। ये अब जागे हैं। वहां अभी इलैक्शन एनाउंस हो गया, तो आप वहां एक बिल पास कर रहे हैं। ...(व्यवधान) इनकी विचारधारा ऐसी है, यह जात-पात, मजहब से ऊपर उठकर काम करने वाले हैं, इसलिए जो अकलियत हैं, वे इतने पीछे रह गये कि उनके बारे में कभी फिक्र ही नहीं की। आज बंगाल के ...(व्यवधान)

**श्री बसुदेव आचार्य (बांकुरा):** वहां लैंड रिफार्म इम्प्लीमैंट हुआ, वह भी तो आप बताओ। ...(व्यवधान)

**सभापति महोदया :** शाहनवाज़ जी, कृपया आप वाइंड अप कीजिए।

...(व्यवधान)

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन :** मैं वाइंड अप ही कर रहा हूं। मुझे इसके लिए पांच मिनट चाहिए। ...(व्यवधान) लैंड पर चर्चा नहीं हो रही, बल्कि अकलियतों की माली हालत पर चर्चा हो रही है। ..(व्यवधान)

**सभापति महोदया :** शाहनवाज़ जी, इस समय घड़ी में चार बजकर पांच मिनट हुए हैं। आप चार बजकर दस मिनट पर अपना भाषण स्वयं ही समाप्त कर दें।

...(व्यवधान)

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन :** सभापति महोदया, मैं चार बजकर पन्द्रह मिनट पर अपनी बात समाप्त कर दूंगा। ...(व्यवधान)

**सभापति महोदया :** आप पन्द्रह मिनट पर समाप्त मत कीजिए। आपने खुद ही पांच मिनट और कहे हैं। अब आप वायदा-खिलाफी मत कीजिए।

...(व्यवधान)

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन :** मैडम, मैंने जब आपको चेयर पर देखा, तो मुझे लगा कि आप मुझे थोड़ा समय और देंगे।

...(व्यवधान)

**सभापति महोदयाम : आप** बोलिये।

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन :** आज हम लोगों पर इल्जाम लग जाते हैं कि यह हो रहा है। आखिर दो तरह की प्रौब्लम है -- एक जज्बाती प्रौब्लम है। अकलियतों की प्रौब्लम है, क्योंकि कुछ जज्बात जुड़े हैं। कुछ ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर मुसलमान जज्बाती होता है और वह होगा। लेकिन एक प्रौब्लम हमारी माली, इंसानी है। जो जज्बाती मुद्दे हैं, वे कभी अदालत से हल होंगे और कभी बैठकर हल हो जायेंगे। लेकिन हमारे हिन्दुस्तानी होने के नाते, इस हिन्दुस्तानियत ने हमें जो हक दिया है, वह हक हमसे कोई छीन नहीं सकता है। उस हक के नाते मैं आज आपसे बड़ी जिम्मेदारी से कहना चाहता हूं कि आप कमीशन पर कमीशन बना रहे हैं। तारीख पर तारीख, कमीशन पर कमीशन, आप कितना कमीशन बनायेंगे? पहले सच्चर कमीशन और अब कोई रंगनाथ मिश्रा कमीशन के बारे में कह रहे हैं। यह कमीशन, 15 सूत्रीय कार्यक्रम, वह कार्यक्रम, इधर उधर, आप इधर-उधर की बात मत कीजिए। हम सीधे कह रहे हैं कि आइये, हमें बराबरी कैसे मिलेगी? बराबरी देने के लिए क्या पैमाना होगा? इस मुल्क में आपको अगर सीखना है, तो आइये। सलमान भाई, आप मिनिस्टर हैं, पूरे मुल्क के मंत्री हैं। आप अपने स्टेट में जायेंगे, तो वहां आप पार्टी का भी काम कर सकते हैं। लेकिन जो एनडीए रूलिंग स्टेट्स हैं, आप वहां भी आइए। आप बिहार में आकर देखिये कि

बंजर भूमि पर हमने कैसे फूल खिलाया, किस तरह से हम लोगों ने वहां काम किया, किस तरह से हमने अकलियतों के दुख और दर्द को बांटा, कैसे बिलखते-रोते हुए अकलियतों लोगों के आंसू कैसे पोंछे जाते हैं, यह देखिये। उनके अंदर कैसे यकीन पैदा किया जाता है? आप मध्य प्रदेश में आइए और देखिये कि कैसे बराबरी मिली। आप गुजरात आइए और देखिये कि वहां का मुसलमान कैसे खुशहाल है। आज चर्चा होती है, एक मौलाना ने बयान दे दिया कि गुजरात का मुसलमान सबसे ज्यादा खुशहाल है, तो लोग उसके पीछे पड़ गये। ...(व्यवधान) जो लिट्रेसी रेट है, मैं जानता था कि मैं गुजरात बोलूंगा, तो यह बोलेंगे, इसलिए मैं कागज लेकर आया हूं। जो लिट्रेसी रेट है, वह और जगह 65.1 प्रतिशत है, तो गुजरात में 68.3 प्रतिशत है। लिट्रेसी रेट ऑफ मुस्लिम अन्य जगह 59.1 प्रतिशत है, तो गुजरात में 73.5 प्रतिशत है यानी it is eight points higher than the All-India average. उसी तरह आप देखें कि रूरल एरियाज में मुस्लिम फैमिलीज का लिट्रेसी रेट अगर ऑल ओवर इंडिया 70 प्रतिशत है, तो गुजरात में 76 प्रतिशत है। इसलिए मैं कहता हूं कि कई मुद्दों पर हमारे आपके इख्तलाफ हो सकता है।...(व्यवधान)

**श्री पन्ना लाल पुनिया (बाराबंकी):** गुजरात के बारे में बताइए।...(व्यवधान)

**सभापति महोदया :** कृपया समाप्त कीजिए।

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन :** महोदया, मैं माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि इंडिया का एवरेज 80 है और गुजरात में यह 82 है। ...(व्यवधान)

**सभापति महोदया :** आप घड़ी देखते रहिए।

...(व्यवधान)

**सभापति महोदया :** शाहनवाज हुसैन जी, आप चेयर को एड्रेस कीजिए।

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन :** महोदया, मैं माननीय सदस्य को उनके इंट्रेस्ट का विषय बता रहा हूं। मेरे पास बहुत डाटा है, पर-कैपिटा इनकम के बारे में डाटा मैं पढ़ देता हूं, यह बहुत जरूरी है, लोग बड़े ध्यान से सुन रहे होंगे। वहां जहीर खान बढ़िया बॉलिंग कर रहे हैं, लेकिन यहां अगर शाहनवाज हुसैन बोल रहे हैं, तो जरा उनको भी ध्यान से सुनिए। जहीर खान गुजरात के हैं, खिलाड़ी भी गुजरात का है, खेल का मैदान भी गुजरात में ही है, फिर भी गुजरात के बारे में बोलने में भी लोगों को आपत्ति है।...(व्यवधान)

**सभापति महोदया :** वे कोई प्रोवोक नहीं हो रहे हैं, इसलिए आप उनको प्रोवोक मत कीजिए।

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन :** महोदया, मैं पर-कैपिटा इनकम बता देना चाहता हू - पूरे देश में रूरल एरिया का एवरेज 553 रुपये है, तो गुजरात में रूरल एरिया का एवरेज 668 रुपये है। देश में अर्बन एरिया में पर-कैपिटा इनकम का 804 रुपये एवरेज है, तो गुजरात में 875 रुपये है। अगर वेस्ट बंगाल में देखें, तो रूरल

में पर-कैपिटा इनकम 501 रुपये है। कितनी खराब हालत है बंगाल में।...(व्यवधान) आप जिस राज्य की बात कहेंगे, वहीं के बारे में बता देंगे। हमारे यहां बिहार में बहुत अच्छा हो रहा है। मैं समझता हूं कि अगर आपको गुजरात पसन्द न हो, तो बिहार को अपना लीजिए। किसी एनडीए शासित राज्य में आइए, वहां हम आपको पूरा दिखाएंगे। मैं आपके साथ चलूंगा। हमारी पार्टी को मुझ पर पूरा भरोसा है। मैं जब बोलूंगा, तो यह मत समझिए कि पार्टी की राय उससे कुछ अलग होगी। मैं पार्टी का प्रवक्ता भी हूं, हमारी पार्टी के जनरल सेक्रटरी तोमर जी और बिहारी बाबू भी यहां बैठे हैं। मैं बड़ी जिम्मेदारी से कहना चाहता हूं कि आइए, कुछ काम करके दिखाइए, कुछ ऐसा करके दिखाइए कि लोग आपको याद करें। सलमान साहब, मौलाना अबुल कलाम आजाद के बाद इस मुल्क में आपकी पार्टी ने कभी अकलियत के किसी लीडर को ज्यादा बढ़ने नहीं दिया। कतर-कतर के रखा। अकलियत की जो और भी लीडरशिप है, उसकी लीडरशिप नहीं आई। आज जरूरत है कि पूरी ताकत से आप बढ़िए। आप आगे चलिए, हिम्मत दिखाइए। आपको अकलियतों का मंत्रालय मिला है, इसे इमानदारी से चलाइए। इस मंत्रालय के अंदर काम करके दिखाइए। भारतीय जनता पार्टी अकलियतों को बराबरी देना चाहती है, हम नहीं चाहते कि अलग से कोई ऐसा काम करें जिससे दिक्कत हो, लेकिन मुल्क तरक्की करे, तो साथ में अकलियत के लोग भी तरक्की करें। इस बात को ध्यान में रखना चाहिए। मैं आपसे गुजारिश करना चाहता हूं कि...(व्यवधान) अगर हम चाहते तो कांग्रेस पार्टी पर ज्यादा अटैक करते, हमने ऐसा नहीं किया क्योंकि आज माहौल बहुत अच्छा है। बड़ा साज़गार माहौल है। इस माहौल में मैं यह चाहता हूं कि जो चर्चा हो वह सार्थक हो। ऐसा न हो कि जंगल में मोर नाचा, किसने देखा। यह संसद है, बड़ी महत्वपूर्ण जगह है और यहां पहली बार नियम 193 के तहत अकलियतों के बारे में चर्चा हो रही है। यह सारा शोर तो जंगल में बेमानी है, उन्हें तो सिर्फ है हमारा शिकार करना। ऐसा मत कीजिए। शोर से कुछ नहीं होगा। हम चाहते हैं कि आइए, इस मुल्क की तरक्की के लिए, फलाह-व-बहबुद के लिए काम करें। यह मुल्क तभी तरक्की करेगा जब एक-एक हिन्दुस्तानी तरक्की करेगा। मुझे फख्र है कि मैं हिन्दुस्तानी हूं। मुझे इस बात का फख्र है कि दुनिया में जितने हकूक हिन्दुस्तान के मुसलमान को हासिल है, दुनिया में कहीं नहीं है।

हिन्दुस्तान के अंदर मुसलमानों को जो हक मिला हुआ है।

**सभापति महोदया :** शाहनवाज जी, अब आप अपनी बात समाप्त करें, क्योंकि काफी समय आप ले चुके हैं।

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन :** मैं आपका शुक्रिया अदा करके अपनी बात समाप्त करूंगा, क्योंकि बिहार का कल्चर है कि बिना शुक्रिया अदा किए बात समाप्त नहीं करनी चाहिए।

मैं यह कहना चाहता हूं कि इस मुल्क के अंदर आज वे सारे हक अल्पसंख्यकों को मिले हुए हैं जो बहुसंख्यकों को मिले हैं। आइए, हम सब मिलकर हिन्दुस्तान के सभी वर्गों के लोगों को लेकर उसे तरक्की के रास्ते पर ले जाएं। आपका बहुत-बहुत शुक्रिया कि आपने मुझे बोलने का समय दिया।

**सभापति महोदया:** श्री धर्मेंद्र यादव। आप पांच मिनट में अपनी बात कहें, क्योंकि आपकी पार्टी से दो और सदस्यों ने भी बोलना है।

**श्री धर्मेन्द्र यादव (बदायूँ):** इतने कम समय में तो बात पूरी नहीं होगी।

**श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी):** थोड़ा और समय दे दें।

**सभापति महोदया:** शैलेन्द्र जी, फिर आप नहीं बोल पाएंगे।

**श्री शैलेन्द्र कुमार :** ठीक है।

**श्री धर्मेन्द्र यादव :** सभापति महोदया, मैं आपका ह्रदय से आभार व्यक्त करता हूं कि आपने मुझे बोलने का अवसर प्रदान किया। आज सदन में देश के बड़े अल्पसंख्यक वर्ग के लिए चिंता और चर्चा हो रही है। मैं इस बात के लिए शुक्रगुजार हूं कि आसन ने इस विषय को चर्चा के लिए अनुमति प्रदान की।

मेरा सवाल यह है कि हमें आज इस चर्चा की आवश्यकता क्यों पड़ी, इसलिए पड़ी कि किसी भी देश की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति तब तक नहीं सुधर सकती, जब तक उसकी राजनैतिक स्थिति न सुधरे। देश का दुर्भाग्य है कि इस देश में कांग्रेस पार्टी ने आजादी के बाद से लेकर आज तक तमाम अल्पसंख्यक नेताओं का उपयोग किया सिर्फ अपना धर्मनिरपेक्ष चेहरा बनाने के लिए। लेकिन सच्चाई यह है कि उन्हें कांग्रेस पार्टी ने कभी राजनैतिक शक्ति नहीं दी। वर्तमान लोक सभा में 14 राज्यों जैसे मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गोवा, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, पंजाब, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, महाराष्ट्र आदि में जहां से 257 सांसद लोक सभा में आते हैं, एक ओवैसी साहब को छोड़कर अन्य कोई मुस्लिम समुदाय का सांसद नहीं है। ...(व्यवधान) कृपया बीच में व्यवधान उत्पन्न न करें। मैं आपको सच्चाई बता रहा हूं, जो सबके सामने है कि यह है देश की राजनैतिक सच्चाई। लोक सभा के सदस्यों की बात को छोड़ दें तो कई प्रांतों की विधान सभाओं में भी कमोबेश यही हालत है और उच्च सदन की हालत और भी खराब है।

शाहनवाज भाई अपनी बात कह रहे थे तो खुर्शीद साहब का जिक्र कर रहे थे। मैंने उस समय बीच में उनकी बात को काटना उचित नहीं समझा, लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि आदरणीय खुर्शीद साहब जो आज केबिनेट मिनिस्टर हैं, यह हमारी समाजवादी पार्टी की देन है। पहले यह राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार हुआ करते थे। जब हमने यानि समाजवादी पार्टी ने भारत सरकार के सामने यह आवाज उटाई कि कोई केबिनेट मंत्री अल्पसंख्यक समुदाय का नहीं है, तब उन्हें केबिनेट मंत्री बनाया गया इसलिए यह समाजवादी पार्टी की देन हैं कि जो आज यहां केबिनेट मंत्री के रूप में बैठे हैं। यह सच्चाई है, वरना खुर्शीद साहब को पहले क्यों नहीं केबिनेट मंत्री बनाया गया। यह स्थिति है हमारे देश में राजनीति की और जब यह स्थिति होगी तो स्वाभाविक है अन्य स्थितियां भी बिगड़ेंगी। यहीं से व्यवस्था का संचालन होता है, तमाम नीतियां और कार्यक्रम यहां से बनते हैं।

अल्पसंख्यकों और मुस्लिम समुदाय के हितों का जहां तक सवाल है तो अब तक देश में 13 आयोग या समितियां बन चुकी हैं। उनमें से 11 की सिफारिशों को ठंडे बस्ते में डाला जा चुका है। यही कारण है कि देश की आजादी के बाद से देश में अल्पसंख्यकों का पहले जहां सरकारी नौकरियों में 30 से 35 प्रतिशत हिस्सा था, अब सिर्फ दो-चार प्रतिशत ही है। इसके लिए कौन जिम्मेदार है, यह सबसे बड़ा गम्भीर प्रश्न है। इस गम्भीर मुद्दे पर सबको सोचना पड़ेगा। इसके लिए जिम्मेदार वे लोग हैं, जिन्होंने देश के

अंदर सत्ता चलाई है। हम सब जानते हैं कि देश में आजादी के बाद करीब 50-55 साल तक कांग्रेस पार्टी ने सत्ता चलाने का काम किया है।

आज जो अल्पसंख्यकों की दुर्दशा है, जिसके लिए सच्चर कमेटी बनानी पड़ी, रंगनाथ आयोग बनाना पड़ा, उसके लिए भी जिम्मेदार कांग्रेस पार्टी है। ...(व्यवधान) तथ्य छिपे नहीं है, क्या हालत है मुसलमानों की, सच्चर ने हालात सामने कर दिये हैं। प्राइमरी में 65 फीसदी छात्र पढ़ने के लिए जाते हैं वहां से मिडिल क्लास तक आते-आते 15 फीसदी ही रह जाते हैं और स्नातक स्तर तक 4 फीसदी और परा-स्नातक जाते-जाते केवल 2 फीसदी रह जाते हैं। क्या कारण है, क्यों बच्चे ड्रॉप-आउट हो रहे हैं। इसका कारण अल्पसंख्यक इलाकों में गरीबी, विश्वविद्यालयों का न होना, विद्यालयों का न होना, तकनीकी शिक्षा का अभाव है। अल्पसंख्यकों को कोई विशेष सुविधा देने का काम इस सरकार ने इतने वर्षों में नहीं किया है। अगर ये लोग कोई विशेष काम आगे आने वाले समय में करेंगे तो हम जैसे लोग जो अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा के लिए लड़ते हैं, ऐसे लोग इनके आभारी रहेंगे। लेकिन हमें इनसे कोई ऐसी उम्मीद नहीं है। जब इतने दिनों में इन्होंने कोई काम नहीं किया है तो आने वाले समय में ये लोग कुछ कर पायेंगे, ऐसी हमें उम्मीद नहीं है।

सभापति महोदया, देश के अंदर शैक्षिक-स्थिति सच्चर जी ने सामने कर दी है और रंगनाथ जी ने सिफारिश कर दी की आरक्षण की उन्हें जरुरत है। हम कांग्रेस पार्टी से पूछना चाहते हैं कि अगर उनकी नीति और नीयत साफ है तो माननीय खुर्शीद जी अभी अपने जवाब में सच्चर कमेटी और रंगनाथ मिश्रा की सिफारिशों की घोषणा करेंगे, तो हम मान लेंगे और अगर नहीं कर सकते हैं तो देश की जनता के सामने कांग्रेस के लोगों का चेहरा साफ हो जाएगा। अल्पसंख्यक वर्ग का कोई भी आदमी भारतीय जनता पार्टी के लोगों से कोई उम्मीद नहीं करता, यह सच है कि माननीय शाहनवाज हुसैन भाई एक अच्छे इंसान हैं लेकिन आपकी पार्टी की नीतियों से कभी अल्पसंख्यकों का भला नहीं हुआ है, यह मैं बड़ी जिम्मेदारी से सदन में कह रहा हूं। ...(व्यवधान) मैं निश्चित रूप से शाहनवाज भाई की इज्जत करता हूं, लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने जब-जब मामला आया, समाजवादी पार्टी ने जब-जब उत्तर प्रदेश या दिल्ली में कोई कार्यक्रम चलाया, तब सबसे ज्यादा विरोध भारतीय जनता पार्टी के साथियों ने किया है। शहनवाज भाई आपकी पार्टी की रीति-नीति और कार्यक्रमों से स्पष्ट है कि आप समाजवादी पार्टी के कार्यक्रमों और अल्पसंख्यकों के हितों के खिलाफ लड़ने का काम करते रहे हैं। ...(व्यवधान)

सभापति महोदया, किसी भी वर्ग और समुदाय के हित के लिए, कल्याण के लिए, उसकी अपनी भाषा और संस्कृति जब तक जिंदा नहीं रहेगी, तब तक वह व्यक्ति और उसका समुदाय तरक्की नहीं कर सकता है। दुर्भाग्य से इतने दिनों तक कांग्रेस पार्टी के शासन में रहने के बावजूद उर्दू भाषा के साथ क्या

हुआ है यह आपसे छिपा नहीं है। इसी सदन में चर्चा हुई थी कि उर्दू भाषा के अखबारों के विज्ञापनों में कटौती इसी यूपीए सरकार ने की है। खुर्शीद साहब आप जैसे लोग मंत्री बन कर बैठे हैं और आपकी सरकार में उर्दू की उपेक्षा हो रही है। उर्दू कोई मामूली भाषा नहीं है। देश के राष्ट्रपति जाकिर हुसैन साहब ने हस्ताक्षर अभियान चलाकर उर्दू को द्वितीय राजभाषा का दर्जा देने की मांग की थी। मैं पूछना चाहता हूं कांग्रेस पार्टी से कि वह अपने पुरखों को क्यों भूल गये हैं, अपनी नीति और कार्यक्रमों को क्यों भूल गये हैं। शाहनवाज भाई की बात कभी-कभी मुझे सही लगती है कि हो सकता है कि कांग्रेस पार्टी केवल वोट बैंक की राजनीति करती है, इसके अलावा इनके पास कोई दूसरा कार्यक्रम अल्पसंख्यकों के लिए नहीं है। माननीय खुर्शीद साहब अपने जवाब में मेरी इस बात का जवाब देंगे कि उन्होंने अल्पसंख्यकों के लिए कौन सा ठोस कार्यक्रम चलाया है, अगर चलाया है तो क्यों मुसलमान भाई शिक्षा और राजनीतिक क्षेत्र में पिछड़ रहे हैं। आखिर क्या कारण है? मालिक तो आप रहे हैं, नीतियां आपने चलाई, दो-तिहाई से लेकर एक तरफा बहुमत भी आपके पास रहा, उसके बाद भी क्या हुआ? इसलिए मैं बड़ी जिम्मेदारी से कहना चाहता हूं कि जब तक सरकार की नीति और नीयत दोनों साथ नहीं चलेंगे किसी वर्ग का भला नहीं हो सकता है, कल्याण नहीं हो सकता है।

प्रधानमंत्री जी ने कहा था कि हम अल्पसंख्यकों के सहयोग से देश की सत्ता में दोबारा लौटे हैं। मैं आपके माध्यम से सरकार से पूछना चाहता हूं कि अल्पसंख्यकों के लिए कौन-सा कार्यक्रम चलाया है? उन्हें कहां शिक्षा में विशेष अवसर दिए हैं, क्यों नहीं रंगनाथ मिश्रा समिति की सिफारिशों के आधार पर आरक्षण लागू किया गया? आप आरक्षण लाइए, हम समाजवादी पार्टी के लोग आपका समर्थन करेंगे। आप सच्चर कमेटी के बताए हुए कामों को क्यों नहीं कर रहे हैं? क्या आपने केवल राजनीतिक फायदा लेने के लिए समितियों का गठन किया था? आप स्थिति स्पष्ट कीजिए। अगर आपने केवल राजनीतिक फायदा लेने के लिए समितियों का गठन नहीं किया था, तो समितियों की सिफारिशों को लागू करने की घोषणा कीजिए।

**सभापति महोदया :** आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

**श्री धर्मेन्द्र यादव :** अगर आप नीतियों की घोषणा नहीं करते हैं तो मैं समझता हूं कि भारतीय जनता पार्टी की नीतियां मुसलमान विरोधी तो है हीं और कांग्रेस पार्टी ने हाथी के दांत दिखाने के और तथा खाने के और वाली कहावत सच कर दी है।...(व्यवधान)

**सभापति महोदया :** आपके बोलने का समय समाप्त हो गया है, कृपया बैठ जाएं।

**श्री धर्मेन्द्र यादव :** महोदया, समाजवादियों ने अल्पसंख्यकों के हितों के लिए सबसे ज्यादा लड़ाई लड़ी है।...(व्यवधान) यह पूरा देश जानता है कि कांग्रेस पार्टी की मंदिर आंदोलन में क्या भूमिका रही है और

कश्मीर के मामले में क्या रही है, आपकी भूमिका उर्दू के मामले पर क्या रही है, पूरा देश जानता है कि आपकी भूमिका धारा 370 के मामले पर क्या रही है।

**सभापति महोदय :** आप कृपया बैठ जाएं।

**श्री धर्मेन्द्र यादव :** बीजेपी के उन लोगों से अल्पसंख्यक समाज के लोग उम्मीद ही नहीं करते हैं, लेकिन यहां के लोग भी गुमराह कर रहे हैं। महोदया, मैं आपके माध्यम से अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों से कहना चाहता हूं कि गुमराह होना बंद कर दीजिए। कांग्रेस पार्टी ने बहुत गुमराह कर लिया है। एक सरकार ने एक आयोग बना दिया। दूसरी सरकार ने दूसरा आयोग बना दिया। तीसरी सरकार ने तीसरा आयोग बना दिया।...(व्यवधान) *

**सभापति महोदया :** यादव जी की बात अब रिकार्ड में नहीं जाएगी।

डॉ. शफ़ीकुर्रहमान बर्क।

...(व्यवधान) *

* Not recorded

**डॉ. शफ़ीकुर्रहमान बर्क (सम्भल):** सभापति महोदया, एक शेर के साथ अपनी बात शुरू करूंगा कि "साफ नियत हो अगर अपने निगेबानों की, हैसियत कुछ भी नहीं वक्त के तुफानों की", नियत साफ नहीं है, 62 साल गुज़र चुके हैं, लेकिन मुसलमानों की हालत बद से बदतर होती चली जा रही है। आज मुसलमान इस हालत में खड़ा है कि उसके बच्चे तालीम के लिए प्यासे हैं। उनको तालीम नहीं मिल रही है। उनको खाने के लिए रोटी नहीं है। रोजगार नहीं है, कहीं पर कोई सर्विस नहीं है।...(व्यवधान) मुसलमान सर्विसों में 37.5 प्रतिशत था, लेकिन जब से आजादी हुई है, उसके बाद से मुसलमान एक प्रतिशत भी नहीं है। यह बहुत अफसोस की बात है।...(व्यवधान) मुसलमान माइनोरिटी है। इस देश में मुसलमान हैं, ईसाई है, सिक्ख हैं, बुद्ध हैं, लेकिन मुसलमान का हिस्सा माइनोरिटी में 75 प्रतिशत है, लेकिन जो भी एलोकेशन सरकार की तरफ से किसी स्कीम के लिए दिए जाते हैं तो मुसलमानों को उसका पूरा हिस्सा नहीं मिलता है। उस 75 प्रतिशत में हमें वह हिस्सा मिलना चाहिए। माइनोरिटी के लिए जो भी हिस्सा दिया जाए, उसमें 75 परसेंट हिस्सा मुसलमानों को मिलना चाहिए, यह मेरी मांग है, जिससे कि मुसलमानों का भला हो सके। वक्फ का मामला पहले भी आ चुका है। जहां तक वक्फ का ताल्लुक है, अरबों-खरबों रूपए की जायदाद आज हिन्दुस्तान में मुसलमानों की है। सरकार के लोग कब्जा कर रहे हैं। यहां तक कि मस्जिदों के अंदर भी गैर-मुसलमानों का कब्जा है। आज तक सरकार ने उसे खाली नहीं कराया। मुझे अफसोस है। मेरी मांग है कि जो मस्जिदें गैर-मुस्लिमो के कब्जे में हैं, उनको खाली कराया जाए। अभी अभी जंगपुरा के अंदर एक मस्जिद नूर है जबकि वक्फ के कागजातों में उसका इंदराज है, वक्फ बोर्ड की जमीन पर वह है लेकिन डीडीए ने उसको डिमोलिश करा दिया। हमारी मांग है कि उस जगह पर नमाज पढ़ने की इजाजत दी जाए और मस्जिद को बनवाया जाए और उस पर इमारत बनाने की इजाजत दी जाए।

इसी तरह से जो बाबरी मस्जिद का मसला था। बाबरी मस्जिद जो कि ईमानदारी से मस्जिद थी, वह किसी मंदिर को तोड़कर नहीं बनाई गई थी लेकिन हमारे बीजेपी के लोगों ने उसको राम मंदिर का इश्यू बनाकर बाबरी मस्जिद को शहीद करा दिया और उसका जजमेंट अभी आया तो पिछले दिनों लोगों ने बतलाया कि उसके जजमेंट में कांग्रेस का हाथ है। फिलहाल वह मामला सुप्रीम कोर्ट में चला गया है। मैं चाहता हूं कि मुसलमानों की जान-माल इज्जत आबरू की हिफाज़त होनी चाहिए।

जहां तक मेरे पास जो आंकड़े उपलब्ध हैं, 30 से 40 करोड़ तक मुसलमान इस देश में है। इतनी बड़ी तादाद में जो कौम रहती हो, बगैर उसके देश चल भी नहीं सकता और देश की तरक्की भी नहीं हो सकती। अगर कोई कौम पिछड़ी हुई रह जाएगी, पैरेलाइज हो जाएगी, जैसे इंसान का जिस्म अगर पैरेलाइज हो जाए तो उसे हैल्दी नहीं कह सकते हैं। उसी तरह से अगर समाज के अंदर कोई भी कौम

पिछड़ जाए तो उसे हैल्दी सोसाइटी हम नहीं कहेंगे। हम देश की तरक्की की बात करते हैं तो उसमें मुसलमानों को भी तालीम दिलानी होगी, रोजगार देना होगा और मुसलमानों के साथ इस देश में जो जुल्म और ज्यादती हो रही है, उसको रोका जाए। उनको दहशतगर्द कहकर उनके साथ जितनी ज्यादती हुई है, वह सारी दुनिया जानती है।

मुसलमानों के साथ पुलिस भी ज्यादती करती है। सरकार भी मुसलमानों के साथ ज्यादती करती है। मुसलमानों के साथ इंसाफ नहीं किया जाता। आज तक मुसलमानों को इंसाफ नहीं मिला। मुसलमानों के साथ दोहरी पॉलिसी बरती जा रही है। मुसलमान आज महसूस कर रहा है कि उसको शक की निगाह से देखा जाता है। अगर मुसलमानों के साथ इस तरीके से सुलूक होता रहेगा और मुसलमानों पर विश्वास नहीं किया जाएगा तो यह देश नहीं चल सकता। मुसलमान भी देश के वफादार हैं। हमने हिन्दुस्तान की आजादी के लिए कुर्बानी दी है। अशाहकुल्ला जैसे लोगों ने फांसी के फंदे चूमे हैं और गोलियां सीने पर खाई हैं, जेल भी गये हैं लेकिन इसके बावजूद आज भी मुसलमानों पर विश्वास नहीं किया जा रहा है।

"जब पड़ा वक्त तो गुलशन को लहू हमने दिया,
अब बहार आई तो कहते हैं कि तेरा काम नहीं है।"

इसलिए मैं जानना चाहता हूं कि कब तक यह होता रहेगा? अब सच्चर कमेटी बनी और रंगनाथ मिश्रा कमीशन बना और रंगनाथ मिश्रा कमीशन के अंदर साफ लिखा है कि मुसलमानों को रिजर्वेशन दिया जाए। जब तक इस देश में मुसलमानों को रिजर्वेशन नहीं दिया जाएगा, मुसलमान तरक्की नहीं कर सकता। मुसलमान आगे नहीं बढ़ सकता। अगर इस देश के मुसलमानों के साथ इंसाफ करना है तो मैं कांग्रेस पार्टी और यूपीए सरकार से कहना चाहूंगा कि मुसलमानों के लिए रिजर्वेशन का ऐलान करें और मुसलमानों को रिजर्वेशन दें। कम से कम उनको 13 प्रतिशत रिजर्वेशन दिये जाने की मैंने मांग की थी और वह उनका हक बनता है। मंडल कमीशन ने भी मुसलमानों को हिस्सा दिया है, जो लगभग 9 प्रतिशत है, वह भी आज उनको नहीं मिल पा रहा है।

जहां तक महिला बिल का संबंध है, अगर सरकार महिला बिल लाना चाहती है, मैं कहना चाहूंगा कि मुसलमान औरतें बेपढ़ी लिखी हैं, कमजोर हैं, पैसा पास नहीं है। इसलिए अगर महिला बिल में मुसलमानों की औरतों को कोई रिजर्वेशन नहीं दिया गया तो कोई भी मुसलमान औरत इस पार्लियामेंट में नहीं आ सकेगी। इसलिए मेरी मांग है कि महिला बिल लाया जाए तो मुसलमानों को उनकी आबादी के हिसाब से उनकी औरतों को रिजर्वेशन दिया जाए।

लिहाजा मुसलमानों के साथ इंसाफ हो अगर यह नाइंसाफी होगी तो इससे मुल्क अफरातफरी में मुबतिला हो जाएगा। मैं लोकसभा और विधानसभा दोनों के लिए कह रहा हूं कि महिलाओं के लिए 33 परसेंट का बिल अगर लाया जाता है तो 33 परसेंट में मुसलमान महिलाओं को भी रिजर्वेशन दिया जाए, तब यह बिल लाने की कोशिश की जाए वरना हम इसकी मुखालफ़त करेंगे। यूपी सरकार ने अरबी, उर्दू और फारसी यूनिवर्सिटी कायम की है। हम चाहते हैं की इसी तरह से दूसरे राज्यों में भी यूनिवर्सिटीज़ कायम की जाएं जिससे उर्दू भी जिंदा रह सके। इस देश में उर्दू के साथ नाइंसाफी हो रही है। अगर उर्दू टीचर रखे जाते हैं, तब भी पैसे का इस्तेमाल होता है और उर्दू के पढ़ेलिखे मुसलमानों को नहीं रखा जाता है। उनकी जगह ऐसे लोगों को रखा जाता है जो उर्दू नहीं जानते हैं। इसकी मानिटरिंग होनी चाहिए।

महोदया, जहां तक हज के मामलात हैं, इसमें भी हमें इंसाफ नहीं मिलता है। हज़ के लिए लोग मज़हबी काम से जाते हैं, अपना पैसा खर्च करते हैं लेकिन उन्हें जो सहूलियतें मिलनी चाहिए वे नहीं दी जा रही हैं। इसमें सारी चीजें आ चुकी हैं। मुसलमानों की न सिर्फ पुलिस में बल्कि आर्मी में भी भर्ती नहीं की जा रही है। मैंने पहले भी 1997 में इस बात की डिमांड की थी कि मुसलमानों को आर्मी में भर्ती किया जाए और मुसलमानों के नाम से रेजीमेंट बनाई जाए। हमारे देश में दूसरी कौमों के नाम से रेजीमेंट बनी हुई है।

**सभापति महोदया :** अब आप समाप्त करें। दस मिनट हो गए हैं।

**डॉ. शफ़ीकुर्रहमान बर्क :** मुझे थोड़ा बोलने का समय दें। अपनी पार्टी की तरफ से मैं ही बोलूंगा। मैं चाहता हूं कि इस देश में मुसलमानों को ज्यादा देर तक बहलाया नहीं जा सकता है। अब मुसलमान अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए मजबूर है। वह अपनी मेहनत और कोशिश से यूनिवर्सिटी और स्कूल बनाना चाहता है। ये स्कूल भी नहीं बनने देते, इजाजत नहीं देते और जगह-जगह रुकावटें पैदा की जाती हैं। अभी शाहनवाज साहब भी कह रहे थे, मैंने सारे सियासी हालात पर तो रोशनी नहीं डाली। मेरी सरकार से पुरजोर मांग है कि मुसलमानों की हालतेज़ार को देखते हुए और हालात पर गौर करते हुए इस सिलसिले में अगर आप मुसलमानों को रोजगार और तालीम देना चाहते हैं तो बहरहाल खुले दिल से जो कुछ सच्चर कमेटी में लिखा है, उसमें जो सिफारिशात की गई हैं, रंगनाथ मिश्र कमेटी में जो सिफारिशात की गई हैं, उन पर अमल दरामद किया जाए। जब तक अमल दरामद नहीं होगा, मुसलमानों को रिजर्वेशन नहीं मिलेगा तब तक मुसलमान तरक्की नहीं कर सकता है।

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): Madam Chairperson, I stand here to deliberate on the discussion that has been initiated by my friends, Shri Sk. Saidul Haque and Shri Asaduddin Owaisi. At times I wonder why a topic like this should only be initiated by the Members, who belong to minority. Why can't some of us – I also pose that question to myself – who do not belong to minority community, initiate this discussion?

I know the day when Shri Shahnawaz Hussain was taking initiative, he was going around getting their signatures. I could see the feeling in his face. He was attempting to convince us, yes, this needs to be discussed. It needs to be discussed. This is the question which we all of us, all Indians, should pose to ourselves. This is an issue which concerns every one of us. All of us should discuss and deliberate it in this House. I also intend and expect that we should arrive at some decisions. Mere discussion will not give us any result. We have to arrive at some decisions. Already a lot of discussion has taken place in the last 60-63 years. There is a need to take decisions.

A number of reports have come. When I put this question to myself, a question also arises, 'who is a minority?'. Here, I quote what the United Nations Sub-Commission on Prevention of Discrimination and Protection of Minorities, has mentioned. They have defined: "Minority as one, including only those non-dominant groups in a population which poses and wishes to preserve stable, ethnic, religious or linguistic traditions or characteristics mostly different from those of the population."

The Central Government in 1993 notified the minority communities for the purpose of the said Act. In that Act, it has mentioned Muslims, Christians, Sikhs, Buddhists and Jaurashtrians—Parsis, as we call them. But, are the minorities only limited to these five religions? In that Act, it is mentioned that the States are also free to declare and recognise others, as very recently, I think the Delhi Government has recognised Jains. Earlier also, five other States had declared them as religious minorities.

I would draw the attention of this House and also the Minister to a survey which was conducted by the Indian Council of Social Science and Research (ICSSR). In its interim Report to the Minority Affairs Ministry, the ICSSR has said: "Lack of access to educational institutions, inadequate number of educational institutions, a low literacy rate among parents and poor implementation of Integrated Child Development Scheme, besides poor participation of Muslims in the professional and managerial cadre led to their backwardness." We know what the cause is. We would like to understand the steps that have been taken in the last so many years or in the last 5-7 years.

When I posed this question to myself, I look at my constituency, my district. It has a number of Muslim consternations. In my State, hardly one per cent or less than two per cent of Muslims live. My State is predominantly a Hindu State. There are pockets, namely Kendrapara, Bhadrak, Cuttack. These are the three Muslim areas and to a certain extent, a little Muslim population is there in Rourkela, and also, of course, in Kakarpur area. But these are the three or four urban areas where Muslims play a dominant role, politically, culturally and socially. A number of doctors, a number of engineers have come from these places. A number of them have also attained recognition at the national level. But a large number of them are poor, illiterate. What steps have actually been taken by the Central Government as also by the State Governments? Who are the leaders who have taken active part in this? When I talk about leaders, I find two different distinctions with, specially because every time we have to fall back only on one community, that is, the Muslim community. In Christian community also, though it is a minority community, it has a different area of problem.

Let me confine myself to the minority community of Muslims. We have fundamentalist clerics on one side and on the other we have vote obsessed politicians and the Muslim community is torn between these two groups; they are led by these two groups. The average Indian Muslim is hard-working. He can go anywhere in this country, he can earn his livelihood because he has the skill to do

so even if he is illiterate. That skill is inborn in him. I have seen this from the Muslim families of my village people who have gone to Bangalore or Bhopal and are earning their livelihood. They are bereft of any education. But he has that skill to earn his livelihood. He is God-fearing and he is poor. He lives in a time ramp. That is the issue which we should address. He contributes far less than he could to the national and social resurgence that is reshaping our nation today. His leaders pose as his benefactors, but are often his worst enemies.

This is the challenge which we should meet. The politics of minority appeasement creates a community cuckooned in backwardness. Is he a prey to the minoritarian politician? If the Muslim community has to fare well and meet its educational goal in this country, the initiative has to come from within. Mere dependence on Government is not the solution; neither is it desirable. The success of Muslim community lies in education and they should strive for it.

Some months back I had met the Prime Minister and given a memorandum because the Muslim community…

MADAM CHAIRMAN : Please conclude now.

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB : I am concluding. This needs a little bit of explanation. I have another point relating to recruitment.

वहां पैसा रखा हुआ है। इंदिरा आवास योजना के तहत केवल छः प्रतिशत मुस्लिम पर खर्चा हुआ है, जबकि 15 प्रतिशत से कम खर्च होना गुनाह है।...(व्यवधान)

**सभापति महोदय:** सिर्फ रघुवंश प्रसाद सिंह जी की ही बात रिकार्ड में जाएगी।

...(व्यवधान) *

**डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह :** माइनोरिटी के लिए इंदिरा आवास योजना में जो मकान बनने थे, उसका पैसा वहां वैसे [illegible] पड़ा है, ज[illegible]किया हुआ है, लेकिन आवास नहीं बन रहे हैं। यह मैं भेद खोल रहा हूं। ...(व्यवधान)

**सभापति महोदय:** रिकार्ड में नहीं जाएगा।

...(व्यवधान) *

**डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह :** महोदय, सच्चर कमीशन का सवाल उठाया गया। सुना है 624 जिलों में से माइनोरिटी कंसंट्रेशन के 90 जिलों का चयन किया गया है। लगभग 400 से अधिक जिलों में जो अल्पसंख्यक हैं, उनका क्या होगा? जहां पर माइनोरिटी वाले बहुसंख्या में है, उन्हें तो अधिक राशि दी गई है विकास के लिए, लेकिन जहां असली माइनोरिटी है, जहां वे कम संख्या में हैं, उन्हें कौन देखेगा? उनका हिस्सा कहां चला गया, मैं यह सवाल उठाता हूं? जहां अल्पसंख्यक बहुसंख्या में है, उनके लिए तो कुछ प्रावधान हुआ, ठीक है, लेकिन खर्चा वहां भी पूरा नहीं होता, वह कराना चाहिए। लेकिन ऐसे जिले जहां पर अल्पसंख्यक हैं उनका कंसंट्रेशन नहीं है, असली अल्पसंख्यक हैं, उनका क्या होगा? कम से कम ऐसे 534 जिले होंगे, मैं उनके बारे में सवाल उठाता हूं। उसके लिए सरकार द्वारा क्या व्यवस्था और उपाय किए जा रहे हैं?

जहां पर अल्पसंख्यक अधिक संख्या में हैं, पंचायती राज के तहत उनका मुखिया भी होगा, इसलिए वह उनका कुछ हित देख सकता है। लेकिन जहां वे संख्या में ज्यादा नहीं हैं, वास्तव में अल्पसंख्या में हैं, उनका क्या होगा, उनके लिए क्यों नहीं विचार किया गया और कब तक आप उनके लिए विचार करेंगे?

रंगनाथ मिश्र आयोग ने भेद खोला था। सरकार आयोग गठित करने में बड़ी बहादुर है। रंगनाथ मिश्र आयोग हमने नहीं, सरकार ने गठित किया था। जब बिठाया, तो उसकी रिपोर्ट पर अमल करने में क्यों हिचकिचाहट हो रही है, क्यों देरी हो रही है, क्या कारण है? अभी यहां पर कहा गया था कि उसमें भी पसमांदा हैं, हालांकि इस्लाम के मूल कानून में बड़ा-छोटा, ऊंच-नीच का भेद नहीं है। लेकिन हिन्दुस्तान की पृष्ठभूमि में वहां भी अनुसूचित जाति के लोग हैं, उसमें भी पसमांदा हैं, पिछड़ी जातियां हैं। उनके लिए क्यों

---

* Not recorded

नहीं सरकार द्वारा प्रावधान किया जा रहा है? अभी यहां ठीक सवाल उठाया गया कि बौद्ध में भी हो गया, बाकी सबमें हो गया, क्रिश्चियन और मुस्लिम में अनुसूचित जाति की सूची नहीं है। कितना भारी यह अंधेर हो रहा है इसलिए यह भेद खोलने की जरूरत है। इसलिए जोर-शोर से आवाज उटाकर इसे ठीक करने की कोशिश हम कर रहे हैं, क्योंकि इनमें भी दबे हुए लोग हैं।

सरकार का 15 सूत्री कार्यक्रम बढ़िया है, लेकिन लागू नहीं हो पा रहा है। जिलों में बैठकें नहीं होती हैं। सरकार द्वारा कोई मोनिटरिंग नहीं होती है। आज 624 जिलों में 15 सूत्री कार्यक्रम है, उस बारे में गठित समितियों की साल में कितनी बार बैठकें होनी चाहिए और कितनी बार होती हैं? जब बैठकें ही नहीं होंगी, तो अमल क्या होगा? इसलिए उसकी कड़ी मोनिटरिंग की जरूरत है कि क्यों बैठकें नहीं हो रही हैं। पढ़ाई-लिखाई में, आर्थिक दृष्टि से और नौकरी में भी पीछे गए इसलिए यहां पर मदरसा का सवाल उठता है। मदरसे में हम देखते हैं कि वक्फ या इधर-उधर से चंदा इकट्ठा करके काम चलाया जाता है। न तो मौलवी साहब का कोई ठौर है, न घर है, न तनख्वाह है। इसलिए जब तक इनके लिए कोई माकूल व्यवस्था नहीं होगी, तो अल्पसंख्यकों का क्या कल्याण करेंगे?

**<u>18.00 hrs.</u>**

जो मदरसे में मौलवी साहब मंत्र पढ़ाते हैं, कुरान पढ़ाते हैं, उस मदरसे की स्थिति में सुधार के लिए आपका क्या ठोस कार्यक्रम है, उसके आधुनिकीकरण के लिए क्या नीति है जिससे जब बच्चे उसमें से पढ़कर निकलें तो कोई अच्छा काम कर सकें।

MR. CHAIRMAN : Hon. Members, it is 6 o'clock and I still have names of six to seven hon. Members to participate in this important discussion. Then, Half-an-Hour Discussion and 'Zero Hour' will be taken up. So, if the House agrees, I extend the time of sitting of the House till the last item, that is 'Zero Hour', is over. The reply for this discussion will be given tomorrow.

SEVERAL HON. MEMBERS: Yes.

**डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह :** मदरसे की स्थिति में सुधार के लिए हम ठोस कार्यक्रम चाहते हैं। उसका अच्छा प्रबंध, उसकी आधुनिकता, मौलवी साहब का भवन और उसकी तनख्वाह की व्यवस्था हम चाहते हैं। कब्रिस्तान की घेराबंदी होनी चाहिए, उसी मॉनिटरिंग होनी चाहिए। एनडीए के शासनकाल में कब्रिस्तान को रोका गया था।...(व्यवधान)

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन :** बिहार में हमारे यहां कब्रिस्तान की बॉउंडरी करवायी गयी, जिसमें पहले भैंसे बंधती थीं।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Nothing will go on record.

*(Interruptions) …* *

**डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली):** जब अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री जी थे तब कब्रिस्तान की घेराबंदी को इन्होंने रुकवाया था। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Nothing will go on record except the speech of Dr. Raghuvansh Parsad Singh

*(Interruptions) …* *

**डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह :** सभापति जी, सदन में सवाल उठा था, उस समय प्रणब मुखर्जी साहब भी थे, सलमान खुर्शीद जी भी थे, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया था कि जो इमाम 25 घंटे में पांच बार खुदा की इबादत करवाते हैं, आज़ान पढ़ते हैं, उनके लिए रिमुनिरेशन का क्या हुआ? सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि 6 महीने में इसे एग्जामिन किया जाए। इन्होंने कहा वक्फ बोर्ड और कौन-कौन सी कमेटी बताई कि उनसे हम सलाह करके बता देंगे, लेकिन कुछ नहीं हुआ, क्यों देरी हो रही है? जो भोर में खुदा को याद करवाते हैं, जो बेचारे मुफ्त में मंत्र पढ़वाते रहते हैं उनके रिमुनिरेशन का क्या हुआ? सुप्रीम कोर्ट ने जब कह दिया तो उसमें इंसाफ चाहिए। ...(व्यवधान)

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन :** इमाम मंत्र नहीं पढ़वाते हैं।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Nothing will go on record.

*(Interruptions) …* *

**डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह :** हम आज़ान को ही मंत्र कहते हैं। खुदा की इबादत करवाते हैं, लोगों को जगाते हैं, कुरान शरीफ पढ़ते-पढ़ाते हैं। ...(व्यवधान) नमाज, रोजा को जानने वाले हैं ...(व्यवधान) उसी से देश का कल्याण होगा और देश में अमन-चैन कायम होगा।

**सभापति महोदय :** आप बैठ जाइये। जगदम्बिका पाल जी आप बोलिये।

---

* Not recorded

**श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज):** सभापति महोदय, मैं आपका बहुत शुक्रगुज़ार हूं कि आपने मुझे अकलियत के मौजूदा हालत पर, खास तौर पर पसमादंह अकलियत की तरक्की और बहबूदगी के लिए चलाए जा रहे पन्द्रह निकाती प्रोग्राम के सिलसिले में जो तज़करा हो रहा है, उसमें आपने मुझे शिरकत करने का मौका दिया है। मैंने बहुत देर से माननीय सदस्यों की बातें सुन रहा हूं और सभी ने कहा है कि यकीनन यह कोई सियासी मसला नहीं है, बल्कि सबके लिए मिसायल है। आज जो अकलियत के हालात है, उसके लिए सभी को हमदर्दी है, चाहे तालीम के मामले में हो, चाहे रोजगार के मामले में हो, चाहे बैंकों से कर्ज के मामले में हो या गुरबत की जिंदगी के बारे में हो, उन्हें सामाजिक जिंदगी में लोगों के साथ शा बसाना, समाज के लोगों के साथ उनको लेना, ये फिक्र यकीनन हमारी कांग्रेस की यूपीए सरकार को है। इस सिलसिले में तमाम बेहतर क़दम उठाए जा रहे है। आज जब यह डिस्कशन हो रहा है, तो यकीनन हम लोगों को इस बात की कोशिश करनी चाहिए कि आज चाहे सच्चर समिति की सिफारिशों के अंतर्गत 90 जिले चिह्नित किए गए हैं और जिनमें खास तौर से अकलियत डोमिनेटेड डिस्ट्रिक्ट्स हैं, उनकी बेहतरी और बेहबूदगी के लिए जो योजनाएं चलाई जा रही हैं, उन योजनाओं को हम कैसे पूरा कर सकें। हम जिस गंगा-यमुनी तहज़ीब की बात करते हैं, इस सरज़मीं का इतिहास रहा है, मैं केवल अपने जज्बात की तरजुमानी नहीं करता, बल्कि अगर मुल्क के जज्बात की बात मैं करूं, इस मुल्क का इतिहास रहा है, तारीख रही है कि इस मुल्क में पुराने ज़माने में भी मंदिरों के दरवाजे किसी अकलियत की शहनाई की आवाज से खुलते थे। हमारे घर की कोई भी लड़की, जो घर से डोली में विदा होती थी, किसी न किसी अख्लियत के हाथों के हुनर से बनी हुई बनारसी या मुबारकपुर की साड़ी को अपने तन पर लपेट कर जाती थी। हमारे मुल्क की गंगा-जमुनी की तहजीब रही है। ये तो सियासी लोग हैं, जो लोगों को फिरकों में बांटने की कोशिश करते हैं, हर दहलीज़ में, आंगन में दीवार खड़ी करने की कोशिश करते हैं, लेकिन यकीनन जिस समय मुल्क आजाद हुआ, मैं सहमत हूं, जो बात शाहनवाज जी कह रहे थे कि मौलाना अब्दुल कलाम आजाद ने चाहे मस्जिद की सीढ़ी पर खड़े हो कर कहा हो, मैं शाहनवाज जी की बातों को बिलकुल तसलीम करता हूं, लेकिन उन्होंने एक बात कही कि कब तक इस मुल्क में अकलियत का इम्तिहान लिया जाएगा। मैं समझता हूं कि अगर आप गिरेबान में झांक कर देखें कि कौन इम्तिहान ले रहा है, मैं समझता हूं कि जंगे आजादी के इतिहास से ले कर आज भी अगर हिंदुस्तान की सीमाओं की हिफाजत करने में जितना हमारा खून बहता है, उतना ही अकलियत के लोगों का भी खून बहा है। हम इम्तिहान नहीं ले रहे हैं, आप शायद जिस तनज़ीम में हैं, उस तनज़ीम के ही लोग इम्तिहान ले रहे हैं। हम तो समझते हैं कि हमारा आईन, हमारा संविधान हिंदुस्तान के हर व्यक्ति को एक जैसा मौका ही देता है। हमने अकलियत के लोगों

को किस ऊंचाइयों पर नहीं बिठाया, चाहे देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति का पद ही क्यों न रहा हो, हर फील्ड में मैं समझता हूं कि इन्हें बराबर का सहरी समझा है। मैं अपने को इस मामले में सम्बद्ध करना चाहता हूं, जो बातें हमारे बहुत से साथियों ने कही हैं। सदन में श्री पुनिया जी भी बैठे हैं। आज अकलियत की तरक्की और बहबूदगी के लिए चाहे इंदिरा आवास योजना हो, स्वास्थ्य हो, आंगनवाड़ी सेंटर हो, इंटर कालेज हो, पालिटेक्नीक हो, आईटीआई हो, तालीम की बात हो या पीने के पानी की बात हो, इसके संबंध में 4355 करोड़ रुपए दिए गए।

**18.09 hrs.**

(Dr. Raghuvansh Prasad Singh in the Chair)

मैं समझता हूं कि स्कोलरशिप के लिए भी जो पैसे दिए गए, मंत्री जी मैं एक बात कहना चाहता हूं और आपकी ध्यान इस बात की तरफ दिलाना चाहता हूं कि कम से कम जब मुझे श्री पुनिया जी ने कहा कि सच्चर समिति में हमारा डिस्ट्रिक्ट है, हमने चार इंटर कालेज अप्रूव कराए, एक पालिटेक्नीक कराया और चारों इंटर कालेज का पैसा आज भी नहीं दिया गया है और न पालिटेक्नीक का पैसा ही दिया गया। मैंने जानकारी ली, आखिर चार इंटर कालेज के पैसे नहीं गए, मेरे सिद्धार्थ नगर में इंटर कालेज का पैसा इस तरीके से मल्टी सैक्टोरियल डवलप प्रोग्राम्स में पैसा दिया गया, तो यह पैसा कहां रुका हुआ है। मैं इस बात पर ओवेसी जी से भी इत्तेफाक रखता हूं और मैं आपसे कहना चाहूंगा कि आज मल्टी सैक्टोरियल प्रोग्राम्स में इस पैसे से 53 इंटर कालेज का पैसा मंजूर किया गया। मैं उत्तर प्रदेश की बात कर रहा हूं और 20 आईटीआई उत्तर प्रदेश में मंजूर हुई हैं। 16 पॉलीटैक्नीक मंजूर हुए, ड्रिंकिंग वॉटर 76 मंजूर हुए, हॉस्टल्स 5 मंजूर हुए, एडीशनल क्लासरूम 513 मंजूर हुए, इंदिरा आवास योजना 80,000 मंजूर हुए। इसमें मैं आपको बताना चाहता हूं कि हम कितना भी पैसा दें, संघीय ढ़ांचे के नाम पर कहेंगे कि जो फैडरल सिस्टम है, हम इसका पैसा अपने स्टेट को दे देते हैं, लेकिन स्टेट से जिले में अगर पैसा नहीं पहुंचेगा, इन योजनाओं में जो पैसा आप दे रहे हैं, 589 करोड़ रुपया आपने यू.पी. को बजट दिया है, लेकिन अगर 53 इंटर कॉलेज हैं तो मंत्री जी, मैं आपसे कहना चाहता हूं कि पिछले दो सालों में आपने 53 इंटर कॉलेज को एप्रूव किया, पैसा दिया लेकिन अभी तक एक भी पूरा नहीं हुआ है और उसकी लोकेशन नहीं दी गई। आपकी मिनिस्ट्री मानती है कि कहां मॉइनोरिटी डॉमीनेटेड एरिया है, उसकी लोकेशन को आइडेंटिफाइ करके दें जिससे वहां पर ये सब बनें। न तो जगह दी जा रही है और न उस मुकाम को चिन्हित किया जा रहा है। 53 इंटर कॉलेज में से एक भी कॉलेज नहीं बन पाया है। यह मैं जिम्मेदारी के साथ कहना चाहता हूं। 20 कॉलेज आईटीआई मंजूर हुए हैं। एक भी अभी तक नहीं बन पाया है। पॉलीटैक्नीक 16 हैं लेकिन

एक भी बन नहीं पाया है। आप खड़े होकर कहेंगे कि केन्द्र सरकार जिम्मेदार है। अपनी बहिन जी से उत्तर प्रदेश में पूछिए।...(व्यवधान) जो पैसा दिया गया है, उस पैसे का क्या होगा?

**श्री धनंजय सिंह (जौनपुर):** जो फंड बनाया है, उसके लिए कितना पैसा केन्द्र सरकार ने दिया है?

**श्री जगदम्बिका पाल :** मैं चाहूंगा कि धनंजय सिंह जी ने जो बात उठाई है, माननीय मंत्री जी अपने जवाब में जरूर यह बात बताएंगे। उसी तरह से पांच हॉस्टल के लिए पैसा यू.पी. को दिया गया। एक भी हॉस्टल नहीं बना। एडीशनल क्लासरूम 513 दिये गये, अभी तक कुल 25 बने।...(व्यवधान) इसी तरह से इंदिरा आवास योजना जो है, ...(व्यवधान) अगर अकलियत का दर्द है तो यह कोई सियासी बात नहीं है। मैं तो केवल अपने जजबात की तर्जुबानी कर रहा हूं। चुनाव में उनको केवल वोट का हथियार बनाया जाता है। उनको चुनाव के समय याद किया जाता है। चुनाव के बाद अगर अकलियत की तरक्की के लिए आज 5000 करोड़ रुपये दिया है तो वह कांग्रेस की यूपीए की सरकार ने दिया है जिसे वे खर्च नहीं कर पा रहे हैं और जिस काम को पूरा नहीं कर पा रहे हैं।...(व्यवधान) मैं पूछना चाहूंगा,...(व्यवधान) शाहनवाज हुसैन जी, आप बोल चुके हैं। ...(व्यवधान) अगर आप कहें तो मैं बिहार के भी आंकड़े बता दूं। घंटी बज रही है और रघुवंश बाबू ने बिहार की बात बताई है। ...(व्यवधान) आज मैं कह रहा हूं कि अगर पैसे की दिक्कत हो, जहां तक स्कॉलरशिप की बात कही है, 2008-09 में हमने 3 लाख स्कॉलरशिप प्री-मैट्रिक की रखी थी। इसे बढ़ाकर हमने 5 लाख 13 हजार कर दी। 15 लाख की जो थी, उसे 17 लाख 29 हजार कर दिया। ...(व्यवधान)

**सभापति महोदय :** चेयर को एड्रैस करके अपनी बात कहें।

**श्री जगदम्बिका पाल :** सभापति महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि आज जो बजट हमारा जा रहा है, यह कौन सी दिक्कत है कि बजट स्टेट से मार्च में वित्तीय वर्ष पास होने के बाद विभागीय स्वीकृति होने के बाद बजट का एलोकेशन हो जाता है। लेकिन राज्य से जिलों को इम्पलीमेंटिंग एजेंसी को जाने में पांच-पांच और छ-छ महीने लगते हैं और दूसरा वित्तीय वर्ष आ जाता है। इसके लिए कौन सा डिवाइस करेंगे? इसका क्या उपाय करेंगे? हम आपसे कहते हैं तो आप संघीय ढ़ांचा कहते हैं। हम चिट्ठी लिख सकते हैं। इसलिए मैं कहता हूं कि एक काम कर दीजिए कि कम से कम जो आप मल्टी सैक्टोरियल डवलपमेंट के प्रोग्राम में जो भी पैसा दे रहे हैं, कम से कम उसकी मोनीटरिंग की जिम्मेदारी आप मैम्बर ऑफ पार्लियामेंट को दे दीजिए।...(व्यवधान)

**सभापति महोदय :** अब आप समाप्त करिए।

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन (भागलपुर):** आपने पहली बार अच्छी बात कही है। एमपी को मोनीटरिंग की जिम्मेदारी मिलनी चाहिए।...(व्यवधान)

**सभापति महोदय :** माननीय सदस्य की देखने की  जिम्मेदारी है कि ठीक काम हो रहा है या नहीं।

**श्री जगदम्बिका पाल :** मैं अपनी बात समाप्त कर रहा हूं। मैं कहना चाहता हूं कि जितना बजट दिया गया, 42 प्रतिशत खर्च हो पाया है। मैं पिछले साल की बात नहीं कह रहा हूं, पिछले दो-तीन सालों में जो पैसा दिया गया, अभी तक खर्च नहीं किया गया। हम कौन सी बात कर रहे हैं? हमें तालीम की चिंता है। लड़के और लड़कियों को अपने पैरों पर खड़े होने के लिए तालीम देकर समाज की मुख्यधारा में लाने का काम करना चाहिए। लेकिन बजट में पैसे का खर्च नहीं होगा तो केवल आरोप प्रत्यारोप लगाने से भी काम नहीं होगा। मैं समझता हूं कि शायद आज जो पैसे योजनाओं में जा रहे हैं। सबने तालीम की चिंता की है, आज उसी तालीम के लिए पोलीटेक्नीक, आईटीआई, इंटर कालेज सरकार खोल रही है, इसे लागू करना राज्य सरकारों का काम है। यह टाइम बाउंड होना चाहिए लेकिन यह नहीं हो रहा है। मैं चाहता हूं कि माननीय मंत्री जी कुछ उपाय करें। आप सीधे हस्तक्षेप नहीं करें लेकिन  जैसे विजिलेंस मानिटरिंग कमेटी है, ऐसे ही मल्टी सैक्टरोइल या माइनोरिटी की योजनाओं के पैसे की मानिटरिंग करने की एकाउंटिबिलिटी जिला प्रशासन की एमपीज़ के प्रति हो।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

*SHRI PRASANTA KUMAR MAJUMDAR (BALURGHAT): Mr. Chairman Sir, India is a huge nation where we find unity in diversity. There are people of various castes, creeds, culture and religion. Muslim community constitutes about 14% of the population of the country. It is true that this community is lagging behind in educational, economic and social sectors. The Government has set up various commissions and committees to look into the problems of minorities. There were Sachar committee and Ranganathan commission which have given their findings. But the Government has earmarked a meagre sum for the development of Muslim community. Even that money is not being properly spent; there is much lacunae and lack of monitoring. That is why the Muslims are not developing economically. We knew that education brings awareness and awareness heralds development. But though primary education has spread among Muslims, they are far behind others in higher studies. In services like IAS or IPS, there is nominal representation of the minorities. Therefore our primary duty is to realize that people of minority communities are our brothers and sisters – they are our countrymen. So the legislature should also behave in a responsible way. Educational institutions should be set up in every nook and corner of the Muslim – dominated areas. Residential schools must be constructed so that the poor students who have no other means to spend on education can get admission and get enlightened. Hostel facilities need to be extended to then. For women also, more and more opportunities should be there.

We have seen that in engineering, IITs or PhDs level the representation of Muslims is very less. Same is the case with the Sikhs, Christians or other minority communities. Thus this issue has to be taken up seriously. Moreover, majority of the Muslims reside in the villages and rural areas in a pitiable, deplorable condition. The way in which prices of essential commodities are shooting through the roof, it is becoming very difficult for the poor people to survive. They also do not have land to rely upon. Return from the land is no longer profitable. Also the

* English translation of the speech originally delivered in Bengali

cost of inputs has risen steeply. Therefore what is required is land reform. In West Bengal, the land reforms were undertaken and thus the Muslims in my state are better off. In case of jobs, specific Muslim quota should be there so that they get easy recruitment. West Bengal Government has reserved 10% seats in Government jobs for the Muslims already.

You must be knowing that housing is a big problem for these people. So more dwelling units should be constructed under the Indira Awas Yojna to provide shelter to the Muslim. Only 5% to 6% of the houses has been earmarked for them which should be at least 15%. In Bengal, this percentage is higher.

Muslims are lagging behind in industrial sector too. They don't get adequate loans or credits from the banks and no one is there to speak on their behalf. This situation must be improved. They must get easy loans to invest in business enterprises.

I hail from a place in Dinajpur where the Muslims have received adequate amount of loans from the Government of West Bengal. They are now involved in entrepreneurial activities. They have also been given democratic rights. In various levels of administration, starting from the panchayats we find Muslim people everywhere. Thus I want to say that all political parties only talk about minorities to cater to vote bank politics. Only the left parties are truly secular in this country. They actually think about the minority communities. Other parties only shed crocodile's tear from them and in this country there are two distinct classes of the haves & have not. This is not right. Muslims are also our own countrymen. They should be treated with respect, dignity and equality.

This was all I had to say. I am grateful to you for allowing me to participate in this debate.

**चौधरी लाल सिंह (उधमपुर):** सभापति जी, आपकी परमीशन से मेरे दो भाइयों के द्वारा बड़ा अच्छा डिस्कशन यहां लाया गया है। खासकर माइनोरिटीज कम्युनिटी के लिए जो वाकई पश्मांदा हैं, वाकई उनकी दुर्दशा है, आज हालात अच्छे नहीं हैं। हम जो भी कह लें, हम सबने बहुत कुछ किया, बहुत बातें की। लेकिन मैं प्रैक्टिकल आदमी हूं, मैं अपने इलाके में जाता हूं, मैं आपको बता सकता हूं कि जब हिंदुस्तान में फ्रीडम स्ट्रगल का सवाल था तो मेरे ख्याल से पूरा देश हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई से युनाइटेड था और इतनी यूनिटी थी कि अंग्रेजी साम्राज्य कांप रहा था। लेकिन उन्होंने दो काम किये, जिनकी वजह से आज तक वे चीजें पनप रही हैं। पहले उन्होंने 1919 में मुस्लिम लीग खड़ी की, 1924 में आर.एस.एस. खड़ा किया। उन्होंने ये दो चीजें इसलिए खड़ी कीं...(व्यवधान) मैं कहना चाहता हूं कि जब ये दोनों चीजें खड़ी हुईं तो इन दोनों ने फ्रीडम स्ट्रगल में नुकसान करने का काम किया और हिंदुस्तान की आजादी हुई और इनकी बेवकूफी से दो मुल्क बने, पाकिस्तान बना, आज हम भुगत रहे हैं। हम जम्मू-कश्मीर के लोग ज्यादा फेस कर रहे हैं। मैं आपसे कहना चाहता हूँ कि हमारे भाई पीओके में बुरी तरह से जिल्लत की जिंदगी जी रहे हैं। We know better, मैं कहना हूँ कि जो लोग उस समय हिंदुस्तानी बने और हिंदुस्तान को अपनाया वे सारे मुस्लिम हिंदुस्तान में रहे। मैं उन मुसलमान भाइयों को मुबारकबाद देना चाहता हूँ जो हिन्दुस्तान में रहे, उनकी सेवा और उनका ख्याल रखना बड़े भाई का काम था, जो कि करनी चाहिए थी। ... * मेरी जनाब से विनती है कि इन दो चीजों को खत्म करना पड़ेगा।...(व्यवधान)

**सभापति महोदय:** कृपया शांत रहें। यह रिकॉर्ड में नहीं जाएगा।

...(व्यवधान)

**चौधरी लाल सिंह :** शाहनवाज़ जी, ...(व्यवधान) आप उधर मत रहो, आपका नुकसान होगा, इधर आओ। उनका जो स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग है...(व्यवधान) आप मेहरबानी करके इधर आओ।...(व्यवधान)

**सभापति महोदय:** शांत रहिए। कृपया अपना आसन ग्रहण करें। आप किसी का नाम मत लीजिए।

**चौधरी लाल सिंह :** सर, उनका जो स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग है।...(व्यवधान) मैं आपको बताना चाहता हूं।...(व्यवधान)

**सभापति महोदय:** सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक उत्थान पर बहस करिए। कृपया अपना आसन ग्रहण करें।

...(व्यवधान)

* Not recorded

**चौधरी लाल सिंह :** महोदय, सुनिये मैं उसी बारे में बोल रहा हूं।...(व्यवधान) आप मेरी बात सुनिये।...(व्यवधान)

**सभापति महोदय:** कृपया अपना आसन ग्रहण कीजिए।

...(व्यवधान)

**सभापति महोदय:** यह सब प्रोसीडिंग में नहीं जाएगा।

...(व्यवधान) *

**चौधरी लाल सिंह** सर, वही बोल रहा हूँ। ...(व्यवधान) सर, हमारे मुस्लिम भाइयों की हालत बहुत खराब है। मैं सुबह बोलने के लिए क्यों खड़ा हुआ था? शायद इनको और किसी को भी इस बात की समझ नहीं है। 80 पर्सेंट मुस्लिम जो कि गुज्जर और बक्करवाल हैं, वे सबसे ज्यादा पिछड़े और पसमांदा हैं। वह आज भी इस देश में मोबाईल हैं। आज भी शैल्टर के बगैर हैं। आज भी जिल्लत और जलालत की जिंदगी जी रहा है। वह मुस्लिम बक्करवाल और गुज्जर है। मेरा कहने का मतलब है कि वह बक्कर मुस्लिम है, हिंदू नहीं है। वह गुज्जर भी मुस्लिम है जिसकी मैं बात कर रहा हूँ। उनके मोबाईल स्कूल हैं, no teacher, no proper system. उनके बच्चों की क्या हालत होती है यह मैं बेहतर तरीके से जानता हूँ। ...(व्यवधान) आपको क्या तकलीफ है? मैं अपनी सरकार की कमियों को बता रहा हूँ, आपको क्या तकलीफ है? हमारी जो कमियाँ है, वह हमें माननी चाहिए। सर, गरीब आदमी कोई भी हो, उसके साथ जस्टिस होना चाहिए। अमरनाथ यात्रा कौन करवा रहा है? मुस्लिम करवा रहे हैं। बक्करवाल और गुज्जर करवा रहे हैं। वैष्णो माता की यात्रा भी मुस्लिम बक्करवाल और गुज्जर करवा रहे हैं। मुसलमानों के ऊपर होने वाले एक्स्प्लाईटेशन के बारे में कोई नहीं बोलता है। बातें तो सभी करते हैं। बातें करने के ठेकेदार सभी बनते हैं। उन पर टैक्स लगाया गया, लेकिन कोई नहीं बोला। केवल मैं ही पिछले पाँच साल से अकेला चिल्ला रहा हूँ। ...(व्यवधान) मैं सुबह भी कह रहा था कि मुझे बोलने दो। 28 तारीख को उनकी बोली लगेगी जिसमें उन गरीबों को आठ करोड़ पैंसठ लाख में बेचा जाएगा। क्या आप लोग बर्दाश्त करेंगे? I do not tolerate it. इसलिए मैं कह रहा था कि जो करना है करो, मुझे बाहर निकल दो पर मुझे बोलने दो। मैं यहां पर बारात में नहीं आया बल्कि मैं गरीबों का नुमाइंदा हूँ। मेरे गरीब, मेरे होते हुए टैक्स में नहीं पिसेंगे। वैष्णो माता की यात्रा करवाने वाले मेरे गरीबों के साथ मैं शोषण नहीं होने दूँगा। मैं मंत्री साहब से कहना चाहता हूँ कि वैष्णो माता की यात्रा 80 पर्सेंट गरीब गुज्जर मुसलमान करवाते हैं। मैं आप सब से कहना चाहता हूं कि 28 तारीख को

* Not recorded

बोली है, हिम्मत है उसे बंद कराओ तो मैं समझूंगा कि आप इन्साफ कर रहे हो , आप सब में दम है, आप वहां आओ । मैं वहां लड़ाई लडूंगा। वहां क्या होना है, मैंने मजदूरों को कह दिया  है कि मैं आऊंगा और सब के साथ लाठी खाऊंगा, चाहे जो मर्जी हो जाये।

सभापति जी, मैं आखिरी बात दो-तीन मिनट में कहना चाहूंगा।  इस समय हमारी तीन कम्युनिटी माईनौरिटी में हैं।  मैं आपसे कहना चाहता हूं कि इनका जरूर   ध्यान रखा जाये। किसी स्टेट में, किसी जगह जो  भी कम्युनिटी माईनौरिटी में है, वहां उस बड़ी कम्युनिटी का फर्ज बनता है कि माईनौरिटीज का ध्यान रखा जाये।  उसके मन में यह शंका न रहे , डर न रहे, तकलीफ न रहे। हमें वोट लेने का सवाल नहीं है।  वोट तो हमने एक साइड में रखे हैं। हम तो इन  लोगों की डेवलेपमेंट चाहते हैं। इन लोगों को इनका हिस्सा मिलना चाहिये।  इन लोगों का शोषण नहीं होना चाहिये। अगर इन लोगों का शोषण होता है तो मैं कहता हू कि इस देश का शोषण होना है।  अगर हमारे देश की पहचान है  तो हिन्दू-मुस्लिम-सिख-ईसाई से है। हमारी पहचान इनको अलग करके नहीं है। इन लोगों को अलग करके हमारे   देश का गुलदस्ता नहीं बन सकता है। जो लोग साजिशें चला रहे हैं, हमारी स्टेट में भी बेकार बातें शुरु हो गयी हैं। लोग वहां भेजे हैं जिन्होंने जम्मू कश्मीर को हिन्दुस्तान से काटने की बातें बता दीं। सदरे-रियासत, वजीरे-आजम की बातें  कोई इंडेपेंडेंस, कोई आजादी, कोई अटोनमी की बातें कही गई। नथिंग। हिन्दुस्तान को यह राइट होना चाहिये कि हिन्दुस्तान की हर जाति  को रीप्रेजेंट करना पड़ेगा। किसी हिन्दू-मुस्लिम-सिख-ईसाई को कोई तकलीफ नहीं होनी चाहिए।...(व्यवधान)

**सभापति महोदय :** अब आप समाप्त कीजिये.। कृपा करके आसन ग्रहण कीजिये। अब दो मिनट हो गये हैं। उस समय एक मिनट हुआ था। आप बैठिये।

**चौधरी लाल सिंह :** सभापति महोदय, लास्ट में मैं यह कहना चाहता हूं कि श्री शाहनवाज जी मेरे भाई हैं। मैं अपने भाई की हमेशा चिन्ता कर रहा हूं। वह ऐसी जगह फंसा है, ऐसे लोगों में फंसा है,

मेहरबानी करके अपने आपको संभाल कर इधर आ जाओ। आप सैकुलरिज्म में आ जाओ, कहां फंसे हो? आप जानते हैं कि जितने ... *

**सभापति महोदय :** यह विषय से अलग है। आप कृपया आसन ग्रहण कीजिये।

...(व्यवधान)

**चौधरी लाल सिंह :** ... *

* Not recorded

…(व्यवधान)

**सभापति महोदय :** जो आपत्तिजनक बातें हैं, वे प्रोसीडिंग्ज़ से बाहर होंगी।

वे हटा दी हैं। श्री राजा राम पाल जी।

**श्री राजा राम पाल (अकबरपुर):** सभापति महोदय, आपने मुझे अल्पसंख्यक समाज के कल्याण के लिये इस सदन में कुछ सुझाव रखने का अवसर दिया है, उसके लिए मैं आपका आभारी हूं।

देश को आजाद हुये 65 वर्ष हो गये हैं और गणतंत्र को लागू हुये 62 वर्ष हो गये हैं। इस सदन में जब भी चर्चा होती है तो एक ही बात पर चर्चा होती है कि गरीबी दूर हो,सब को शिक्षा मिले, सब को चिकित्सा मिले, सब को सुरक्षा मिले लेकिन आज 80 करोड़ से ज्यादा लोगों की जो आर्थिक स्थिति है, वह 19 रुपये 20 पैसे से अधिक नहीं है। सरकारों ने लगातार इस देश से गरीबी मिटाने की कोशिश की है, बातें खूब की हैं लेकिन गरीबी मिटी नहीं। इसलिये संविधान निर्माताओं ने कहा कि देश का संविधान कितना बढ़िया क्यों न हो, इस देश का कानून कितना बढ़िया क्यों न हो लेकिन अगर लागू करने वालों की नीयत अच्छी नहीं होगी तो यह संविधान बेकार साबित होगा। आज जितनी भी चर्चा हमारे साथियों ने की है, इस सदन में चाहे शाहनवाज़ भाई हों, चाहे लाल सिंह भाई हों, चाहे ओवेसी साहब हों और चाहे स्वयं सभापति महोदय, आपने जो चिंता व्यक्त की है, आपने केवल इम्प्लीमेंटेशन की चिंता व्यक्त की है। मैं कहना चाहता हूं कि पैसा यहां से भेजा जा रहा है, पानी छोड़ा जा रहा है, लेकिन टेल तक पहुंच नहीं रहा है। टेल तक पैसा पहुंचाने की जिम्मेदारी किसकी है, क्या सरकार कोई ऐसा मैकेनिज्म नहीं बना सकती कि अगर एक रूपया यहां से सेंट्रल गवर्नमेंट से चले तो जिस व्यक्ति के लिए, जिस समाज के कल्याण के लिए चले, जब तक वह उस तक न पहुंचे, उसके वहां तक पहुंचाने के लिए कोई जवाबदेही निश्चित तौर पर तय की जानी चाहिए। अगर हम केवल बातें करते रहेंगे, हम संघीय ढ़ांचे की बात करेंगे, हमें लगता है कि यह संघीय ढ़ांचा तब बनाया गया था, जब केन्द्र में और प्रदेश में एक ही सरकारें होती थीं। हमें लगता है कि अब ऐसा होने वाला नहीं है। केन्द्र, स्टेट को दोष दे, यहां हम ऐसा रोज देखते हैं कि केन्द्र सरकार, स्टेट गवर्नमेंट को दोष देती है और स्टेट, केन्द्र को दोष दे रहे हैं।

महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश में मौलाना आजाद फाउंडेशन द्वारा इण्टर पास करने वाली बच्चियों को जो 50 प्रतिशत से अधिक अंक लाती हैं और जिनके परिवार की इनकम एक लाख रूपया सालाना से कम होगी, उन्हें 12 हजार रूपये देने का प्रावधान है, यह काफी नहीं है। अगर वास्तव में मुसलिम भाईयों की तरक्की करनी है, अल्पसंख्यक समाज के लोगों की तरक्की करनी है तो उनकी स्कॉलरशिप में बढ़ोत्तरी होनी चाहिए।

महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि मदरसों में अरबी के अलावा टैक्निकल एजुकेशन के लिए, कम्प्यूटर की पढ़ाई के लिए जो 375 करोड़ रूपये भेजे गये हैं, उस पैसे को राज्यों की सरकारें इन मदों में खर्च न करके दूसरे मदों में खर्च करने का काम कर रही हैं। हम माननीय अल्पसंख्यक कल्याण

मंत्री जी से निवेदन करना चाहते हैं कि अगर आपके रहते हुए भी अल्पसंख्यकों का कल्याण नहीं हो पाया तो इसके लिए कोई और जिम्मेदार नहीं ठहराया जायेगा। पूरा देश देख रहा है और कांग्रेस पार्टी ने आपको इसीलिए यह जिम्मेदारी दी है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह भी कहना चाहता हूं कि इन्होंने 25 परसेंट आबादी का जो आंकड़ा रखा है, वह सही नहीं है। इसके बारे में आपने भी कहा है। मैं कहना चाहता हूं कि इसे ब्लांक स्तर पर, टाउन एरिया स्तर पर, तहसील स्तर पर अगर 25 परसेंट आबादी का हिसाब रखा जाये तो वास्तव में मुसलिम समाज का कल्याण हो सकता है। जो आप कह रहे थे कि पूरे देश में मुसलिम समाज का कल्याण हो सकता है, इस तरह से वैसा हो सकता है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि सरकार ने जो कदम उठाये हैं, वे सराहनीय हैं। भारत सरकार ने, यूपीए की चेयपर्सन आदरणीया सोनिया गांधी जी ने बुनकरों के लिए तीन हजार करोड़ रूपये की जो ऋण माफी की है, वह काबिले तारीफ है। उससे सारे बुनकरों को तो फायदा मिलेगा ही, लेकिन लगभग 70 फीसदी मुसलिम बुनकरों का इसका लाभ जरूर मिलेगा। बात फिर से वहीं आ जाती है कि अगर इम्प्लीमेंटेशन में गड़बड़ी होगी तो वास्तव में जिन्हें लाभ मिलना चाहिए, वह लाभ उन्हें नहीं मिलेगा।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से मांग करता हूं कि मेरे क्षेत्र में एक ऐतिहासिक स्थल है, मदरसा बिल्लौर, मकनपुर में है, हमारी प्राइमरी और जूनियर हाई स्कूल की किताबों में उसका जिक्र होता है, वह पौराणिक स्थल है, धार्मिक स्थल है, उसके कल्याण के लिए और हमारी घाटमपुर तहसील में, जहां पर टाउन एरिया के हिसाब से मुसलिम आबादी लगभग 30 प्रतिशत से ऊपर है, अकबरपुर में भी 35 परसेंट से ऊपर मुसलिम आबादी है। हम चाहेंगे कि उनके कल्याण के लिए भी और हमारे क्षेत्र में ये तीन स्थान हैं, आप इन्हें शामिल करने का काम कीजिए। मैं आपको बहुत-बहुत बधाई देता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया।

SHRI CHARLES DIAS (NOMINATED): Respected Chairman, I am thankful to you for allowing me to speak on this subject. Much has been talked about the socio-economic and educational backwardness of minorities in our country. My colleagues have raised this issue in this august House under the circumstance that the ongoing projects, schemes and proposals are inadequate in uplifting the socio-economic and educational status of minority.

As a person hailing from a microscopic minority and fortunate to represent them in this House, I am to present the sad plight of the majority of people belonging to communities labeled as minority community. It is a reality that these people are plunged into socio-economic backwardness by historic reasons. They happened to engage in profession what is available to them; they happened to reside in poor living conditions; and poverty and health hazards pulled them back. With lack of education facility, these people again faced the disability of coming up in life and were forced to live in a stagnant state.

In my view, the facilities provided to the Muslim community in matters of education are inadequate. The educational scholarship scheme to all minorities is a flagship programme of the UPA Government, which has stimulated the process of encouragement for education among the minorities. But, the quantum of scholarship is comparatively smaller.

The Government has to introduce housing schemes, especially, for minorities, and the Members of Parliament -- who are from areas where minorities reside -- should have a say in selecting deserving people. The BSUP, IHSDP schemes, which are components of JNNRUM and Indira Awas Yojana have provided some relief to the poor.

The minorities should have facilities for higher education through reservation in professional institutions. The Anglo-Indian community -- whom I represent in this august House -- faces lots of disabilities. I have brought to the attention of hon. Ministers, the sad plight of this community through a number of memorandums. The hon. Minister for Urban Poverty Alleviation has responded

positively in directing the States to consider Anglo Indians in the housing schemes earmarked for BPL people and also to form small colonies for Anglo-Indians in urban areas, as only by staying together the Anglo-Indians can protect their language, culture and identity. But, not even a single State has taken any step in this regard. So, I would like to request, through this august House, that a separate scheme for housing has to be announced for the deserving people of Anglo-Indian Community who are staying in cities. The Government has to allocate suitable areas for this purpose.

Another area where the Anglo-Indians require support from the Government is in the matter of securing seats in professional colleges. I would request that reservation of seats for professional courses have to be provided in the Central Universities for Anglo-Indians, as they have now become a backward minority community as far as education is concerned.

The Anglo-Indians enjoyed reservation of jobs in Railways and Central services. They have been known as a Railway Community because of their sacrifices and services in establishing the Indian Railways. But, when this reservation suddenly stopped in 1960, the community started degenerating. In these circumstances, reintroduction of this reservation for some more time will be a positive step for the upliftment of the Anglo-Indian Community.

It is a fact that only by providing facilities to improve the living condition of all the deserving people in the country the concept of a welfare State can be fulfilled. I would request once again that the Government should come forward to introduce effective measures for the improvement of minorities.

**सभापति महोदय :** विशेष आग्रह पर दो-दो मिनटों के लिए माननीय 3 सदस्यों को एलाउ किया जा रहा है। शर्त्त एक ही है कि बहुत संक्षेप में बोलेंगे।

**श्री अर्जुन राम मेघवालः** धन्यवाद सभापति जी, बिल्कुल संक्षेप में, मैं सीधा प्वाइंट पर आता हूं। आपने समय दिया इसके लिए धन्यवाद। आज माइनॉरिटीज की सामाजिक और आर्थिक स्थिति सुधरे कैसे, उस पर चर्चा हो रही है, मैं बताना चाहता हूं कि हाथ के हुनर में मुस्लिम समाज बहुत आगे हैं।

उनके पास स्किल है। वे हैंडीक्राफ्ट्स का काम जानते हैं, बुनाई का काम जानते हैं, जैम एंड ज्वैलरी का काम जानते हैं, ब्लू पॉटरी का काम जानते हैं, कारपेट का काम जानते हैं, आइरन एंड वुड इंडस्ट्री का काम जानते हैं, हैंडीक्राफ्ट्स के काम में या हाथ के हुनर के काम में मुस्लिम समाज काफी आगे है। वह प्रोडक्शन करना जानता है। उसकी दो समस्याएँ हैं। एक तो उसको समय पर पैसा नहीं मिलता और दूसरा उसकी मार्केटिंग नहीं होती। मेरा आपके माध्यम से सरकार को कहना है कि देश और विदेश में जितनी भी एक्ज़ीबीशन लगती हैं जहाँ उनका आइटम बिकता है, उसमें सरकार छूट क्यों नहीं देती है? जैसे विदेशों में आने जाने का पैसा सरकार दे दे, फ्री ऑफ कास्ट उनको जगह उपलब्ध करा दे तो मेरे ख्याल से उनके माल की बिक्री का बहुत अच्छा साधन उनको मिल सकता है, फॉरैन बायर उनका माल खरीद सकते हैं। जब माल की बिक्री होगी तो वह और लेबर लगाकर माल बनाएगा जिससे देश की भी तरक्की होगी और मुस्लिम समाज भी आर्थिक रूप से आगे बढ़ेगा। मेरा पहला सुझाव तो यह है।

दूसरी बात यह है मेरा अनुभव है कि बैंक बिना गारंटी के लोन नहीं देते। मुस्लिम समाज या जो भी माइनॉरिटी का समाज है, वह वीकर सैक्शन की श्रेणी में आता है। उसके पास गारंटी देने के लिए पट्टा भी नहीं होता। बैंक को-लेटरल सिक्यूरिटी मांगते हैं। को-लेटरल सिक्यूरिटी भी कितनी मांगते हैं - 150 परसेंट। अगर उसको 10 हज़ार रुपये का लोन लेना है तो उसको 15 हज़ार रुपये की को-लेटरल सिक्यूरिटी देनी पड़ेगी। को-लेटरल सिक्यूरिटी में भी वे कहते हैं कि खुद का पट्टा है तो हम नहीं मानते, किसी और का पट्टा लाइए और पता नहीं क्या क्या मांगते हैं। इस कारण से उनको लोन नहीं मिलता है। अतः बैंक ऋण में गारंटी सरकार द्वारा उपलब्ध हो ।

महोदय, मुस्लिम समाज में भी सामूहिक विवाह होते हैं। मैं कह रहा हूँ कि अनुसूचित जाति और जनजाति में सामूहिक विवाह होते हैं जिसके लिए समाज कल्याण विभाग पैसा देता है। अदर कास्ट में विवाह होते हैं तो आईसीडीएस पैसा देता है। आईसीडीएस का पैसा तो मुस्लिम समाज को भी मिल गया लेकिन जो पैसा सोशल एम्पावरमैंट मिनिस्ट्री देती है, वह अल्पसंख्यक मंत्रालय में क्यों नहीं दे सकता? यह मानकर कि इन्होंने सामूहिक विवाह किया है, सौ शादियाँ की हैं, 200 शादियाँ की हैं या 50 शादियाँ की

हैं, यदि उनको कुछ राहत मिलेगी तो वे अच्छी तरह से दोबारा सामूहिक विवाह करेंगे जिससे उनका पैसा बचेगा और आर्थिक स्थिति में सुधार होगा ।

मदरसों में कंप्यूटर एजुकेशन और इंग्लिश एजुकेशन नहीं दी जाती। मैं कई मदरसों में जाता हूँ। मैं उनको कहता हूँ कि कंप्यूटर एजुकेशन दीजिए। वे कहते हैं कि हमारे पास पूरे कंप्यूटर ही नहीं हैं। किसी में एक कंप्यूटर दे दिया तो वहाँ कंप्यूटर ऑपरेटर नहीं दिया। आपने भैंस दे दी और बांधने के लिए कुछ नहीं दिया। आप कंप्यूटर आपरेटर तो दीजिए। किसी न किसी योजना से मंत्रालय दे दे। इससे मुस्लिम युवा सक्षम होंगे ।

एक बात आजीविका मिशन पर कहना चाहता हूँ। आजीविका मिशन जैसे मिशन सारे राज्यों में लागू होने चाहिए। कुछ-कुछ राज्यों ने शुरू किये हैं। अगर आजीविका मिशन शुरू हो जाएँगे और उसमें अगर मुसलमान स्किल्ड डैवलपमैंट में आ जाएगा और मार्केटिंग मिल जाएगी, बैंक से लोन मिल जाएगा तो मुसलमान पिछड़ा रह ही नहीं सकता क्योंकि उसको हाथ का हुनर आता है।

अंतिम बात मैं कहना चाहता हूँ। एमपीलैड में एससीएसटी के लिए आपने प्रावधान कर रखा है कि 15 प्रतिशत उनको दो। तो उनकी जनसंख्या के अनुपात में जो 90 जिले आपने छांटे हैं उनमें, और बाकी जिलों में आप 10 प्रतिशत उनको एमपीलैड से क्यों नहीं दिलवाते ताकि हम तो उनको दे दें। अगर सरकार नहीं दे पाए तो हम तो उनको एमपीलैड से दे दें।

उर्दू के शिक्षकों की बात मैं कहना चाहता हूँ। उर्दू के शिक्षकों के पद नहीं हैं। मेरा लड़का उर्दू में एमए है, लेकिन वह नौकरी नहीं लगा। इसलिए नहीं लगा कि उर्दू में शिक्षकों के पद ही नहीं निकलते। मैं कोई मुस्लिम नहीं हूँ, लेकिन मेरे लड़के ने उर्दू में एमए किया है। मैं कहता हूँ कि उर्दू के शिक्षकों के पद भरे जाने चाहिए। आपने मुझे बोलने का समय दिया, उसके लिए आपका बहुत बहुत धन्यवाद।

**श्री रामकिशुन (चन्दौली):** सभापति महोदय, अल्पसंख्यकों के सामाजिक-आर्थिक तथा शैक्षणिक उत्थान की चर्चा में भाग लेने का मौका आपने मुझे दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूँ।

महोदय, बनारस में सबसे ज्यादा अल्पसंख्यक मुस्लिम आबादी के लोग रहते हैं और उनमें से 90 प्रतिशत लोग बुनकरी का काम करते हैं। उनकी हालत आज खराब है। उन अल्पसंख्यक बाहुल्य गाँवों में, कस्बों में न तो स्कूल है, न अस्पताल है, न पीने के पानी की व्यवस्था की गई है। मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूँ कि ऐसे बहुत से क्षेत्र हैं, लोता है, बेतारी है, सैयदराजा है, कमालपुर है, हमारे संसदीय क्षेत्र में मुगलसराय है, दुलहीपुर है, ऐसे 90 फीसदी आबादी के क्षेत्र हैं - जलीलपुर है, मिल्कीपुर है, इस प्रकार के क्षेत्रों के विकास के लिए, वहाँ उनके सामाजिक स्तर को उठाने के लिए उन बस्तियों में शैक्षणिक वातावरण बनाने के लिए स्कूलों की स्थापना करनी चाहिए। अल्पसंख्यक भाइयों के इलाज की व्यवस्था की जानी चाहिए। उनमें कुपोषण बढ़ रहा है, गरीबी रेखा के नीचे वे लोग जीवन व्यतीत करने के लिए मजबूर हैं, दलितों से भी ज्यादा उनकी हालत खराब है। उनके लिए अस्पताल आदि की व्यवस्था होनी चाहिए।

मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि बनारसी साड़ी बनाने में इनका बड़ा योगदान है। उन्हें सस्ती दर पर बिजली देने की व्यवस्था होनी चाहिए। मुसलमान भाई ब्याज के रूप में कर्जा नहीं लेते हैं। मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि बैंकों को निर्देश जाना चाहिए कि अल्पसंख्यक मुस्लिम भाइयों को कर्ज लेने के लिए अगर सरकार विचार करे या तो इन्हें दिया गया पैसा खर्च नहीं कर पा रहे हैं, जब पैसा खर्च नहीं कर पा रहे हैं, तो ब्याज रहित इन्हें लोन देने का काम किया जाए, ताकि उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके। मुस्लिम क्षेत्रों में जहां क्रबिस्तान की बाउंडरी...(व्यवधान)

**सभापति महोदय :** इस्लाम में ब्याज निषेध है।

**श्री रामकिशुन :** मैं भी यही कह रहा हूं कि इस्लाम में ब्याज निषेध है। इसलिए मैं सरकार से कहता हूं कि बिना ब्याज के उन्हें पैसा देने की व्यवस्था की जानी चाहिए। मुस्लिम क्षेत्रों में क्रबिस्तानों की बाउंडरी का कहीं न कहीं अतिक्रमण होता है। सरकार कानून बनाए, सर्वे कराए तथा अतिक्रमण रोकने का काम करे। मदरसे बनाए जाएं। उन क्षेत्रों में जहां इनकी आबादी ज्यादा है, तो इनसे संबंधित कारोबार जैसे बुनकरी का कारोबार, कारीगरी का कारोबार आदि व्यवसायों के लिए विशेष कार्यक्रम चलाए जाएं।

मैं पुनः आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि बनारस, चंदौली जो मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र है, इनके आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक विकास के लिए सरकार विशेष पैकेज दे और इनका विकास करने का काम करे।

**सभापति महोदय :** आसन को धन्यवाद नहीं दिया जाता है।

**डॉ. बलीराम (लालगंज):** महोदय, आज एक समाज के बारे में चर्चा हो रही है जो आजादी के बाद से इस देश में भय और आतंक के बीच जी रहा है। आजादी के बाद उसके साथ बड़े पैमाने पर नाइंसाफी हुई। यदि आजादी से पहले देखें तो इस देश की सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत मुस्लिम समाज के लोग थे। लेकिन आजादी के बाद आज इनकी संख्या 35 से घटकर एक प्रतिशत हो गई है। इसी तरह से जहां तक साहित्य और भाषा का सवाल है, मुझे याद है कि कोर्ट कचहरी में फैसले, पुलिस थानों में काम ऊर्दू भाषा में होता था। किसी कवि ने कहा है कि अंधकार है वहां जहां आदित्य नहीं है, मुर्दा है वह देश जहां साहित्य नहीं है। यदि इनकी भाषा और साहित्य नहीं रहेगा तो यह समाज कैसे तरक्की करेगा? आज इसे शक की निगाह से देखा जा रहा है। मैं कहना चाहता हूं कि हम इन्हें शक की निगाह से क्यों देखते हैं? मैं अपने क्षेत्र का जिक्र करना चाहता हूं। हमारे आजमगढ़ में 90 प्रतिशत मुसलमान खाड़ी के देशों में रहता है और वहां से धन इस देश में लाता है। वह बेहतर है या जो यहां का धन विदेशों में रखता है, वह बेहतर है? किसको शक की नजर से देखा जाना चाहिए? आजादी के बाद से इनकी सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति बहुत दयनीय है। सच्चर कमेटी और रंगनाथ कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में यह दिया है। इधर के लोगों से तो इनको कोई भरोसा नहीं है, लेकिन इधर जो हमारे साथी बैठे हैं, जब से इस देश में पार्लियामेंटरी सिस्टम लागू हुआ है, वर्ष 1952 से जब इधर की पूर्ण बहुमत की सरकार बनती थी, तब दलित और मुस्लिम बड़े पैमाने पर इनका साथ देता था, तब इनकी पूर्ण बहुमत की सरकार बनती थी। अगर सबसे ज्यादा नाइंसाफी हुई है तो इन्हीं के शासन काल में हुई है। अगर साम्प्रदायिक दंगे हुए हैं, मुसलमान मारा गया है तो इनके शासन में मारा गया है। दलितों के साथ सामूहिक रूप से नरसंहार हुआ है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि इन्हें अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए कि उस सच्चर और मिश्रा कमेटी की रिपोर्ट को ये लागू करेंगे या नहीं करेंगे? आज बहुजन समाज पार्टी उत्तर प्रदेश में, चाहे उर्दू टीचर का सवाल हो, इनके लिए अन्य सुविधाएं या सरकारी नौकरियों में इन्हें अवसर देने का उन्होंने जो काम किया है, मैं चाहता हूं कि यह जो यूपीए की सरकार है, यह गंभीर मसला है, इसलिए मुस्लिम समाज का जो सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक पिछड़ापन है, उसे दूर करने के लिए अपनी नीति स्पष्ट करें और उन्हें सुविधाएं मुहैया कराएं।

**सभापति महोदय :** इस पर वाद-विवाद समाप्त हुआ, सरकार का उत्तर कल होगा।

**18.56 hrs.**

**(ii) Situation arising out of widespread discontentment among the working class due to faulty Government policies**

**सभापति महोदय :** आइटम नम्बर 28 - श्री गुरुदास दासगुप्त।

SHRI GURUDAS DASGUPTA (GHATAL): Sir, at long last I am being permitted to raise the discussion on the growing discontent among the working people of the country due to the wrong, faulty economic policies that are being pursued.

**सभापति महोदय:** कल आपका भाषण जारी रहेगा।

आइटम नम्बर 29 - आधे घंटे की बहस।

---

**18.57 hrs.**

## HALF-AN-HOUR DISCUSSION

## Piority sector lending to SCs/STs

**श्रीमती ज्योति धुर्वे (बेतूल):** सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, उसके लिए आपको धन्यवाद। मैंने जिस महत्वपूर्ण विषय और बहुत ही गंभीर मसले पर चर्चा की इच्छा रखी थी, माननीय अध्यक्ष महोदया ने उसे स्वीकार किया, उसके लिए मैं उनका धन्यवाद करती हूं। निश्चित ही पूरे देश के लिए अनुसूचित जाति एवं जनजाति और कमजोर वर्गों को एक नयी आस की जो दिशा जगमगाई है, मैं सचमुच में दिल से उसका धन्यवाद करती हूं। आज यदि पूरे देश के इन गरीब, अनुसूचित जाति, जनजाति और कमजोर वर्ग के प्रतिशत को देखा जाए तो ये बहुत ही थोड़े हैं। अगर हम इन्हें गिनेंगे तो इन्हें हमें आंकड़ों में ही गिनने की आवश्यकता होगी, ये मारा मानना है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन में कहना चाहती हूं कि आज हमारे देश में ये लोग जिस दयनीय हालत में जिन्दा हैं, ये बहुत ही कम हैं। यदि अनुसूचित जनजाति को देखें तो आज भी आठ प्रतिशत 8.08 पर आकर थम गए हैं। यदि दलितों को देखा जाए तो उनकी भी जनसंख्या कोई बहुत ज्यादा नहीं है, ये भी सिमट चुके हैं। आज उनकी भी जनसंख्या में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। आज भी 16 प्रतिशत की संख्या में आकर, पूरे देश में इनकी जनसंख्या इस रूप में सिमट चुकी है। आखिर क्या कारण है? हम इतना पैसा उनके लिए भेजते हैं, इतना पैसा उनकी तरक्की और विकास के लिए लगाते हैं, लेकिन ऐसा क्या कारण है कि आज भी उनकी जनसंख्या से लेकर उनके विकास और तरक्की को देखें तो मुझे नहीं लगता है कि उन्होंने तरक्की की होगी या उनका विकास हुआ होगा, यह मेरा मानना मेरे लिए और उनके लिए एक अन्याय होगा। उन्हें यदि न्याय देने की बात कहें तो मेरा दिल नहीं मानता है कि मैं उन्हें उस रूप से देखूं। उन्होंने किसी कार्यक्रम में अपनी इसी जिज्ञासा को व्यक्त किया था कि यदि यह कमजोर वर्ग उच्च शिक्षा तक आता है तो धीरे-धीरे इनकी जनसंख्या कम हो जाती है।

**19.00 hrs.**

सभापति महोदय, उनका मानना है कि इन वर्गों को उच्च शिक्षा में बहुत कम अवसर दिए गए हैं। हमें अपने आपको वहां लाकर सोचना है कि यदि हमें इन वर्गों के बच्चों के भविष्य को बनाना है, तो हमें उस क्षेत्र में जाकर सोचना पड़ेगा। आखिर यह बात क्यों आई? भविष्य को बनाने के लिए तो हमेशा सूझ-बूझ की आवश्यकता होती है, लेकिन निश्चित तौर पर जो उन्हें मिलना चाहिए, वह आज भी नहीं मिला है।

इसी चीज को उन्होंने बताया है। यह वर्ग उच्च शिक्षा में आते-आते निश्चितरूप से किसी और मार से तो नहीं मरता, बल्कि यदि मरता है, तो केवल आर्थिक मार से मरता है। उसके विकास में, उसकी आर्थिक दरिद्रता बहुत बड़ी बाधक सिद्ध होती है।

महोदय, इसीलिए सरकार ने उन्हें ऋण की सुविधाएं उपलब्ध कराई है। मैं इसके लिए सरकार को धन्यवाद देती हूं, क्योंकि सरकार ने उस वर्ग की चिन्ता तो की, लेकिन क्या कारण है कि वह उस ऋण की सुविधा लेने में सक्षम नहीं हो पाता है। 11 प्रतिशत पर यदि हम शिक्षा ऋण उपलब्ध कराते हैं, तो यह कमजोर वर्ग 10.50 प्रतिशत की दर पर ऋण लेकर कैसे उच्च शिक्षा प्राप्त करेगा? जब हम आगे चल कर देखते हैं, तो ऐसे ही आंकड़े हमें मिलते हैं, जिनके कारण वह उच्च शिक्षा लेने में समर्थ नहीं हो पाता है। उसकी शिक्षा, उच्च शिक्षा तक आते-आते नगण्य हो जाती है। वह लुप्त हो जाती है, लेकिन हमें उसे विलुप्त नहीं करना है। यदि हम उसे विलुप्त करते हैं, तो निश्चित रूप से आज की जनसंख्या जो 8 प्रतिशत से लेकर 16 प्रतिशत तक आई है, वह आगे और नहीं बढ़ पाएगी। जब हम उसके विकास की बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, तो यह निश्चित रूप से हमारे देश के सामने एक प्रश्नचिह्न लगाता है।

सभापति महोदय, यही बात संसदीय समिति की रिपोर्ट में दर्ज हुई थी कि आदिवासियों को जो शिक्षा मिल रही है, वह आज भी सवालों के घेरे में खड़ी है। जो संसदीय समिति की रिपोर्ट है, उसके तथ्य मैं आपके सामने प्रस्तुत कर रही हूं कि आज भी आदिवासी और दलित छात्रों को जो शिक्षा मुहैया करा रहे हैं, वर सरकारी योजना आज तक विफल रही है। यदि हम बजट की ओर दृष्टि डालें, तो आपको पता लगेगा कि बजट में इस योजना हेतु धन की निरन्तर कमी होती गई है। यह भी हमारे लिए एक प्रश्नचिह्न है। यह चीज हमारे सामने एक प्रश्न खड़ा करती है कि आखिर उन्हें जो शिक्षा हमें मुहैया करानी चाहिए, वह हम नहीं करा पा रहे हैं, जबकि वह अन्य लोगों की बराबरी में खड़े होने के लिए तत्पर है, लेकिन हम उसे उच्च शिक्षा नहीं दिला पा रहे हैं? ऐसा क्यों हो रहा है और केवल इन्हीं वर्गों के साथ ऐसा क्यो हो रहा है?

महोदय, आज अशिक्षा के ऊपर जब बात आई, तो पूरा सदन चिन्तित हो रहा था। मुझे खुशी हुई कि सरकार शायद इसमें कुछ परिवर्तन करेगी। यदि हम इन वर्गों के लिए उच्च शिक्षा हेतु रखे गए बजट को वर्ष 2007 से देखें, तो हमें पता लगता है कि तीन साल तक आते-आते यह बजट केवल 10 से 20 प्रतिशत तक ही खर्च हुआ है। इतना कम खर्च करना, खर्च नहीं करने के समान ही है। यदि हम बजट का आकलन करते हैं, तो पाते हैं कि केवल 10 से 20 प्रतिशत तक ही उनके ऊपर व्यय हुआ है, तो यह कोई अच्छा प्रदर्शन नहीं है। जब हम वर्ष 2010 और 2011 में आते हैं, तो बजट आबंटन जो 10 करोड़ था, उसे 4 करोड़ रुपए कर दिया जाता है। ऐसा क्यों, क्या यही वर्ग बचा है, जिसकी राशि को हम हर वर्ष घटाते जाएं

और इस राशि को हम कहीं और लगाएं? उनके विकास में उस राशि को लगाने पर हम प्रश्न नहीं उठा रहे हैं, लेकिन उनकी राशि को घटा कर किसी और कार्य में उपयोग करना, उनके साथ सरासर अन्याय होगा।

**सभापति महोदय :** माननीय सदस्य महोदया, यदि आप मंत्री जी से कुछ प्रश्न पूछना चाहती हैं, तो वह पूछ लीजिए, क्योंकि यह आधे घंटे की चर्चा है। आपके बाद कुछ और माननीय सदस्य भी इस पर बोलना चाहेंगे और उसके बाद मंत्री महोदय को जवाब भी देना है। यह सब केवल आधे घंटे में ही होना है।

**श्रीमती ज्योति धुर्वे :** सभापति महोदय, यह बहुत महत्वपूर्ण विषय है। इसलिए मुझे इसे स्पष्ट करने हेतु थोड़ा और समय दे दीजिए।

महोदय, मेरा यही पूछना है- क्या कारण है कि हम इन वर्गों को क्या शिक्षा में आगे नहीं लाना चाहते हैं? आज जब हम विदेश में पढ़ने की बात करते हैं, तो हम इसे सपने के रूप में ही देखते हैं। आज यदि अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का कोई विद्यार्थी विदेश में पढ़ने की बात करे, तो हम इसे सपने के रूप में ही देखते हैं। इस बारे में सरकार ने चिन्ता जरूर की है, लेकिन यदि हम वर्ष 1994 से लेकर 2005 तक इन वर्गों को दी गई छात्रवृत्ति को देखें, तो पता लगेगा कि पूरे देश में छांट कर केवल 101 बच्चों को ही छात्रवृत्तियां दी गई हैं और उनमें केवल तीन महिलाएं हैं। महिलाओं के साथ कितना बड़ा अन्याय होता है कि उन महिलाओं को केवल यह कह दिया जाता है कि उस क्षेत्र के लिए उनके पास पर्याप्त अनुभव नहीं है। ऐसा क्यों है? महिलाएं तो वैसे भी हर कार्य करने में सक्षम होती हैं। उस समय जब वे वहां तक आती हैं, क्या उस समय उनके पास अनुभव की कमी होती है? यह मानना गलत होगा, यह उनके साथ, उनकी कुशलता के साथ में अन्याय होगा। मेरा मानना है कि जब कुछ गिनती के लोग आते हैं तो उन्हें वह अवसर जरूर प्रदान करना चाहिए। आज बच्चे एयर होस्टेस की पढ़ाई कर रहे हैं, लेकिन आज भी उन्हें कोई ऐसी एयरलाइंस नहीं है, जहां उन्हें रोजगार उपलब्ध हो जाये। कहीं न कहीं फिजीकल फैकल्टी में उन्हें फेल कर दिया जाता है, वहां कहीं उन्हें सुन्दरता के लिए लिया जाता है, कहीं उनमें कोई भी खोट, कोई भी कमी नहीं होती है। यदि इस वर्ग को हम उस रूप में देखें तो उन्हें न्याय मिलना आसान नहीं है, सम्भव भी नहीं है। क्या एयर होस्टेस के लिए यह वर्ग कार्य करने के लिए सक्षम नहीं है। क्या वह कार्य नहीं कर सकता है, क्या वे बच्चियां एयर होस्टेस नहीं बन सकती हैं? केवल वे सुन्दर नहीं हैं, केवल उनमें वे सारी चीजें नहीं हैं, इसलिए उनके साथ यह होना गलत है।

मेरा मानना है कि सरकार यदि उनके लिए योजनाओं को लाती है तो रोजगारोन्मुख होते हुए भी रोजगार के लिए फ्लेटफार्म भी उन्हें देना चाहिए और जहां उनके प्रतिशत में, संख्या में कमी आती है तो उस पर ध्यान देना भी अति आवश्यक है। मेरा मानना है कि हमारे जो बच्चे शिक्षा लेकर आये हैं, वे बच्चे भी

रह जाते हैं, जो उच्च-शिक्षा तो ग्रहण नहीं कर सकते हैं, लेकिन जो सैकिंड डिवीजन से पास होकर, थर्ड डिवीजन से पास होकर अपना एक छोटा सा उद्योग लगाना चाहते हैं। आज भी यह वर्ग, 80 प्रतिशत का वर्ग गांवों में रहता है, यह गरीब होता है, इनके पास में कोई प्रोपर्टी को मोर्टगेज करने की क्षमता नहीं होती है। उन्हें बैंक बिना गारण्टी के ऋण नहीं देता है। इनको लोन में...(व्यवधान)

मैं अपनी बात खत्म कर देती हूं। मेरा मानना है कि क्या उन बच्चों को वे अवसर नहीं मिलने चाहिए? उन बच्चों को भी अवसर मिलने चाहिए, यदि वे वहां पर नहीं हैं तो उन्हें वहां पर उद्योग चलाने के लिए जो उनके पट्टे होते हैं, जहां उनकी गारण्टी होती है, क्यों न सरकार उस गारण्टी को या तो खत्म करे या उन्हें उस गारण्टी की जगह सरकार स्वयं गारण्टी ले, ताकि ये जो बच्चे उच्च-शिक्षा तक नहीं आते हैं और उद्योग लगाने की यदि उनकी जिज्ञासा है तो उनकी जिज्ञासा को सरकार बढ़ाये और सरकार इस क्षेत्र में काम करे।

अन्त में दो लाइन बोलकर मैं अपनी बात खत्म करूंगी। आखिर में हम यही सोचते हैं कि आज हमारे इस वर्ग को सरकार के संरक्षण की आवश्यकता है। आज उन्हें जो लाभ मिलने की उनकी आशा है, उसमें भ्रष्टाचार को खत्म करने की आवश्यकता है। आज इसके साथ ही हमारी अनुसूचित जनजाति और दलित वर्ग को जो आबंटन में कटौती हो रही है, उसे बढ़ाया जाये, ताकि उनकी तरक्की हो सके, उन्हें विकास के अवसर मिल सकें, उस अवसर को निश्चित ही सरकार आगे बढ़ाये और इन लोगों को और इनके जीवन को और ऊपर लाये।

आपने इतने गम्भीर विषय पर मुझे इतना समय दिया, आपका धन्यवाद। जयहिन्द-जय भारत।

**सभापति महोदय :** श्री शैलेन्द्र कुमार-केवल प्रश्न पूछिये।

**श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी):** माननीय सभापति महोदय, थोड़ी सी भूमिका बनाएंगे, तभी तो प्रश्न पूछेंगे।

**सभापति महोदय :** नहीं, भूमिका की जरूरत नहीं है।

**श्री शैलेन्द्र कुमार :** सभापति महोदय, आप गणित के विद्यार्थी थे, आपने पीएच.डी. की है, डायरैक्ट सवाल कैसे हो सकता है, कुछ भूमिका बनाएंगे, तभी तो सवाल करेंगे न।

आपने मुझे हाफ एन ऑवर चर्चा में भाग लेने का अवसर दिया...(व्यवधान)

**सभापति महोदय :** इसी में भूमिका कर लीजिए।

**श्री शैलेन्द्र कुमार :** श्रीमती ज्योति धुर्वे जी का मैं आभारी हूं, जिन्होंने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति को प्राथमिकता और क्षेत्र में ऋण देने की जो बात कही है, उससे मैं अपने को सम्बद्ध करते हुए आगे कहना चाहूंगा कि यह बात सत्य है कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति आपके बिहार, उत्तर प्रदेश,

मध्य प्रदेश, उड़ीसा, जो बहुत गरीब प्रान्त हैं, वे अभी अपने विकास में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इन लोगों ने भारत के निर्माण में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बहुत दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि जो केन्द्रीय परियोजनाएं हैं ....

**सभापति महोदय :** सभी प्रांतों में अनुसूचित जाति का यही हाल है। जो विकसित है, उसमें और बुरा हाल है।

**श्री शैलेन्द्र कुमार :** महोदय, मैं वही कह रहा हूं, मैंने प्रांतों का नाम ले लिया। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति को बीपीएल से जोड़ दिया गया है। केंद्र की जो परियोजनाएं हैं, उसको बीपीएल से जोड़ने के बाद आज भी हमारे यहां सही मायने में अनुसूचित जाति और जनजाति की जनगणना नहीं हो पायी है। बीपीएल की जो सूची गयी है, वह भी बहुत गड़बड़ है। डायरेक्ट उनको वह सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही हैं। खासकर मैं कहना चाहूंगा कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति की जो आरक्षण की व्यवस्था है, विभिन्न विभागों में आप देख लीजिए, चाहे वह केंद्र के हों या राज्य के जितने भी विभाग हैं, उनमें देख लीजिए, आज भी आरक्षण का कोटा पूरा नहीं हो पाया है और न ही उनकी प्रोन्नति के ऊपर कोई विशेष ध्यान दिया गया है। आज उनकी स्थिति बहुत खराब है, इसलिए मैं चाहूंगा कि प्राइवेट सेक्टर में भी उनको आरक्षण देने की व्यवस्था करें। मैं चाहूंगा कि इन तमाम मुद्दों पर जो मैंने बात रखी है, उस पर मंत्री जी बड़े विस्तार से उत्तर देंगे कि आप अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए क्या कर रहे हैं, किसी भी ऋण के लिए, खासकर शिक्षा के ऋण के लिए क्या कर रहे हैं? पहली बात तो उसका प्रवेश नहीं हो पाता है और किसी भी शिक्षा ऋण के लिए जब वह आवेदन करता है, तो उसे मालूम नहीं हो पाता और बैंकों में इतनी फार्मेलिटीज पूरी करनी पड़ती हैं कि फार्मेलिटीज पूरी करते-करते तिथि समाप्त हो जाती है और उसे ऋण नहीं मिल पाता है। इसलिए उनके बच्चे भी शिक्षा के क्षेत्र में बहुत कमजोर हैं। इन बिंदुओं पर विशेष ध्यान देते हुए आप अपनी बात कहेंगे और मैं आपसे इनको पूछना चाहूंगा, धन्यवाद।

**श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर):** सभापति जी, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। आज जो विषय है प्रायोरिटी सैक्टर लैंडिंग फार एससी, एसटी बाई बैंक्स, इस विषय पर ही मैं बात करता हूं। मंत्री जी ने अपने जवाब में बताया कि एक डीआरआई स्कीम चल रही है, जिसमें चार परसेंट रेट आफ इंट्रेस्ट पर ऋण देते हैं। उसी में इन्होंने बताया कि 40 per cent of the total DRI advances are to be given to the Scheduled Castes and Scheduled Tribes borrowers. मैं मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि क्या डीआरआई स्कीम का टारगेट पूरा हुआ? अगर नहीं

हुआ तो किन-किन बैंक्स ने नहीं किया और उनके खिलाफ क्या कार्रवाई हुयी? जो आपने चालीस परसेंट देने का लक्ष्य अनुसूचित जाति और जनजाति को देने का रखा है, क्या वह लक्ष्य पूरा हुआ?

दूसरा, अभी ज्योति जी पट्टे की बात कह रही थीं। बैंक अनुसूचित जाति और जनजाति को बिना गारंटी लोन नहीं देते हैं। उनसे पट्टा मांगते हैं। उनके पास ग्राम पंचायत का पट्टा होता है, जिसकी वैल्यू ही कुछ नहीं है, क्योंकि अनुसूचित जाति, जनजाति का भोला आदमी मुख्य धारा से थोड़ा अलग होता है, किनारे पर रहता है। ...(व्यवधान) अनुसूचित जनजाति के पास तो पट्टा होता ही नहीं है। बिना गारंटी का लोन उन्हें उपलब्ध कराने का क्या सरकार का कोई विचार है?

तीसरा, एससी और एसटी के लोगों के लिए स्कॉलरशिप और स्कूलों में जाने की बात होती है, लेकिन आजकल कोचिंग के बिना कुछ नहीं होता है। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या अनुसूचित जाति और जनजाति के छात्रों को अध्ययन करने का लोन फ्री आफ इंटेरेस्ट या डीआरआई की तरह चार परसेंट पर दिया जाएगा या कोचिंग के लिए कोई धनराशि अनुसूचित जाति और जनजाति के छात्रों के लिए अलग से रखी जाएगी? यह बहुत जरूरी है।

चौथा, बैंक ने एक टाइम शेड्यूल तय कर रखा है कि 15 दिन में हम एप्लीकेशन को डिस्पोज आफ करेंगे, नहीं तो ज्यादा से ज्यादा तीन महीने में कर देंगे। क्या बैंक इस टाइम शेड्यूल पर एढेयर है? मेरे हिसाब से 6-6 महीने तक एप्लीकेशन पर हाथ नहीं लगाया जाता है। मैं आपके माध्यम से मंत्री जी को सलाह देना चाहता हूं कि बैंकों में लिख दीजिए कि सेंट्रल स्पांसर्ड स्कीम में अनुसूचित जाति और जनजाति का आदमी 4 बजे आएगा, तो उससे बात होगी। वहां क्या होता है? वह 11 बजे जाता है। उसे धक्का दे दिया जाता है कि बाद में आना, अभी हमारे पास दूसरा काम है। वह ढाई बजे जाता है, तो उसे धक्का दे दिया जाता है, फिर वह थक जाता है। इसलिए उसके आने का एक टाइम बैंक में फिक्स कर दिया जाए, जिससे वह उस टाइम पर बैंक में आएगा और उसे सम्मान भी मिलेगा तथा लोन भी मिलेगा।

*SHRIMATI PARAMJIT KAUR GULSHAN (FARIDKOT) : Thank you, Chairman Sir. I also want to thank the Hon. Madam Speaker for giving us the opportunity to raise this matter in the form of a Half-an-Hour discussion in the House.

Sir, on 11th March, 2011 I had asked the Hon. Minister of Finance through Starred Question No.222 about the amount of loan disbursed to the weaker sections of society by private and Government sector banks under priority sector lending scheme in the last three years. I had also asked about the rate of interest at which these loans were given. I am sorry to say that the hon. Minister talked about outstanding loan amount instead of the disbursed amount of loan in his reply. The hon. Minister has tried to mislead the House by giving figures that pertain to the outstanding loan amount. He has conveniently ignored my pointed question.

Chairman Sir, I am not an expert in English language. I sought the help of a dictionary to know the meaning of "Outstanding' amount. As per the dictionary, meaning of 'Outstanding' is : "Remaining in existence for debt; not yet paid for security in the hands of investors". Chairman Sir, the loan was never given. It never reached the poor and the underprivileged. In such a scenario, how can that loan amount be termed as 'Outstanding'?

Sir, there is paucity of time, hence I'd be brief. Let the hon. Minister tell this august House about the reality of the figures given by him under the heading 'Outstanding'. I am afraid, these figures seem to pertain to a bygone era, prior to 1947, when the British ruled this country. Who are the beneficiaries under this scheme? How much amount has been disbursed under this heading in Punjab? What was the rate of interest?

* English translation of the speech originally delivered in Punjabi

Sir, the Government makes tall claims that Rs.10 lakhs are given to the SCs and STs without any collateral security for starting their own business. Chairman Sir, I read an article in the Tribune dated 8th March, 2011. I quote : “A sample survey has been conducted that these guidelines regarding collateral-free loans to weaker sections were not being implemented by most banks.” It further says: “Most people were not aware of these guidelines.”

Sir, the deprived segment of society is not aware of these schemes. The Government has done nothing to let people know that such a scheme exists.

Sir, I want to know from the hon. Minister the details of the collateral-free loan amount disbursed to the weaker sections in Punjab. What was the rate of interest? How much loan was waived off under this scheme? Sir, Coporate Houses also get loans from these banks. However, if their business fails to take off, the loan amount is waived. Later on, they become eligible to take further loan.

However, the same yardstick is not applied when it comes to granting loans to the poor people. The loan amount hardly reaches the intended beneficiary. Even if their venture fails, the loan amount is not waived off.

Hence, I request the hon. Minister to kindly give details regarding the amount of loan disbursed to these marginalized sections in Punjab under this scheme. Was it free of collateral security? If so, whether any loan amount of the hapless poor was waived off? Let the hon. Minister also give figures of the amount of loan of Corporate Houses that was waived off.

**उपाध्यक्ष महोदयः** अब आपकी बात रिकार्ड में नही जाएगी।

...(व्यवधान) *

**सभापति महोदय :** माननीय मंत्री जी उत्तर देने के लिए खड़े हैं।

...(व्यवधान)

* Not recorded

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नमोनारायन मीणा):** सभापति जी, चार माननीय सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए हैं। मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं। साथ ही कई और माननीय सदस्य प्रश्न पूछना चाहते हैं। उनके प्रश्नों का जवाब मैं बाद में दूंगा। माननीय सदस्यों ने एससी, एसटीज़ के आर्थिक विकास, विभिन्न योजनाओं में उन्हें दी जा रही राशि का सही उपयोग नहीं होना, खासकर बैंकों द्वारा उन्हें ऋण की सुविधाएं पूरी और समय पर उपलब्ध कराने संबंधी बहुत सारे विचार रखे। मैंने उन्हें नोट किया है। मैं उनकी भावनाओं और सजैशन्स को अपनी तरफ से एप्रिशिएट करता हूं।

सबसे पहले कई माननीय सदस्यों ने एजुकेशन लोन के बारे में बात की।...(व्यवधान)

**श्री शैलेन्द्र कुमार :** जिन सदस्यों ने प्रश्न पूछे हैं, उनके नाम बता दीजिए।

**श्री नमोनारायन मीणा :** शैलेन्द्र कुमार जी, ध्रुवे जी, मेघवाल जी और श्रीमती गुलशन ने एजुकेशन लोन के बारे में प्रश्न पूछा। मैं आपको दो-तीन आंकड़े बता रहा हूं कि हमारी सरकार क्या कर रही है। मैं यह नहीं कहता कि सरकार ने अब तक जो किया है, हम उससे संतुष्ट हैं। हमें अभी और बहुत कुछ करना बाकी है। लेकिन इस ओर हमारी सरकार अग्रसर है। मैं आपको एजुकेशन लोन के बारे में बताता हूं। वर्ष 2003 और 2004 में एससी, एसटीज़ के छात्रों को 273 करोड़ रुपये का लोन उपलब्ध कराया गया जबकि वर्ष 2009-10 में 2,252 करोड़ रुपये का लोन उपलब्ध कराया गया।...(व्यवधान) ज्योति जी ने बताया कि 11 प्रतिशत दिया जा रहा है। मैं आपको बताना चाहूंगा कि इसमें हम देखते हैं कि कितने बैनिफिशियरीज़ को मिला। पूरे देश में अब तक 36 हजार करोड़ रुपये एजुकेशन लोन मिला है। उसमें एससी, एसटीज़ के बच्चों को वर्ष 2008 में 15.86, 2009 में 17.3 और 2010 में 17.69 बच्चों को टोटल लोन में हिस्सा मिला। मैं यह नहीं कहता कि यह संतोषजनक है। अगर सबको देखें तो कहा जा सकता है, लेकिन हम फिर भी इससे संतुष्ट नहीं हैं, और ज्यादा मिलना चाहिए।...(व्यवधान) मैं आपको रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा सप्लाइड आंकड़े बता रहा हूं, मैंने अपनी तरफ से नहीं बनाए। जो भी आंकड़े हैं, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया देता है और वही हिसाब-किताब रखता है।

हाल में आपने देखा होगा कि ज्योति जी ने शिक्षा के बारे में बहुत कहा। पहले एससी, एसटीज़ के लिए प्री-मैट्रिक स्कॉलरशिप नहीं थी। इसी बजट में 40 लाख बच्चे और बच्चियों को प्री-मैट्रिक स्कॉलरशिप सरकार ने दी। पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप पहले से मिल रही है। पीएचडी के लिए स्कॉलरशिप मिल रही है, एम.फिल की कोचिंग के लिए मिल रही है। उसे अलग-अलग डिपार्टमैंट देता है। ट्राइबल डिपार्टमैंट दे रहा है, सोशल जस्टिस डिपार्टमैंट दे रहा है। जहां शिक्षा की बात कर रहे हैं, राइट टू एजुकेशन आ गया। सब बच्चे और बच्चियों को पढ़ाने का प्रबंध हमारी सरकार ने किया।

आपने कोलेट्रल सिक्युरिटीज़ के बारे में कहा।

सभी मैम्बर्स ने एजुकेशन लोन के बारे में कहा। इंडस्ट्रीज को लगाने के लिए भी कहा। इसके साथ और कई चीजें भी कहीं। मैं एक साथ बता देता हूं कि कहां-कहां कोलेट्रल सिक्योरिटी की कोई आवश्यकता नहीं है। Loans under following categories/schemes under Priority Sector Lending do not require collateral/guarantee. No margin/security is required for small borrowers for agricultural loans upto Rs. 50,000 and in case of agri-business and agri-clinics for loans upto Rs. 5 lakhs. There is no security or collateral guarantee… (*Interruptions*) आप सुन लीजिए। हम उसे बाद में बतायेंगे। …(व्यवधान)

**श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ):** सभापति जी, यह मानक ही नहीं है। …(व्यवधान)

**श्री नमोनारायन मीणा :** आप पहले सुन लीजिए। …(व्यवधान)

**सभापति महोदय :** आप सब पहले माननीय मंत्री जी का रिप्लाई सुन लीजिए।

…(व्यवधान)

SHRI NAMO NARAIN MEENA: Banks are mandated not to accept collateral security in the case of loans upto Rs. 10 lakhs extended to units in Micro and Small Enterprises Sector. For Prime Minister Employment Generation Programme loans, banks are required to extend collateral-free loans upto Rs. 10 lakhs to all units under the programme. Under Swarna Jayanti Shahari Rozgar Yojana (SJSRY), loans do not require any collateral guarantee. Only assets created under the programme would be hypothecated/mortgaged/pledged to the bank advancing the loans. Under Swarnajayanti Gram Swarozgar Yojana (SGSY) for individual loans upto Rs. 50,000 and group … (*Interruptions*) आप पहले सुनिए। …(व्यवधान)

**श्री राजेन्द्र अग्रवाल :** यह हमें पता है। …(व्यवधान)

**श्री नमोनारायन मीणा:** आप लोगों को कुछ पता नहीं है। …(व्यवधान) Loans upto Rs. 5 lakhs, the assets created out of bank loan to be hypothecated to the bank as primary security. … (*Interruptions*)

**सभापति महोदय :** किसी भी माननीय सदस्य की कोई बात रिकार्ड में नहीं जायेगी।

...(व्यवधान) *

**सभापति महोदय :** आप सब अपना-अपना स्थान ग्रहण कीजिए।

... (व्यवधान)

SHRI NAMO NARAIN MEENA: Under educational loans scheme, for loans upto Rs. 4 lakhs, no security is required. However, co-obligation of parents has been prescribed under the scheme. No collateral security is required under Differential Rate of Interest scheme. … (*Interruptions*) I am not yielding. I will answer all your questions.

**सभापति महोदय :** कृपया करके आप सब अपना-अपना स्थान ग्रहण कीजिए।

...(व्यवधान)

**श्री नमोनारायन मीणा :** वर्ष 2003 में आप लोगों ने क्या किया था? ...(व्यवधान)

**सभापति महोदय :** कृपया करके आप सब अपना-अपना स्थान ग्रहण कीजिए।

...(व्यवधान)

**श्री नमोनारायन मीणा:** आप सब बैठ जाइये। ...(व्यवधान)

**सभापति महोदय :** जिन माननीय सदस्यों को एतराज करने पर भी उत्तर नहीं मिलता, अगर उनके पास कोई स्पेसीफिक शिकायत है, तो वे उसे माननीय मंत्री जी को दे सकते हैं। आप सब कृपया करके अपना-अपना स्थान ग्रहण कीजिए।

...(व्यवधान)

**सभापति महोदय :** आप सब पहले माननीय मंत्री जी का रिप्लाई सुन लीजिए।

...(व्यवधान)

**श्री नमोनारायन मीणा :** आप पहले रिप्लाई तो सुन लीजिए। ...(व्यवधान)

**सभापति महोदय :** अगर माननीय सदस्यों को कोई स्पेसीफिक शिकायत है, कोई स्पेसीफिक जानकारी है, तो उसे आप माननीय मंत्री जी को बता सकते हैं।

...(व्यवधान)

* Not recorded

**श्री नमोनारायन मीणा :** यहां हल्ला मचाने से काम नहीं चलेगा। आपने अपने जमाने में कुछ नहीं किया। ...(व्यवधान)

**सभापति महोदय :** माननीय मंत्री जी, आपको कुछ बोलना है, तो उसे आप आसन को सम्बोधन करके बोल सकते हैं।

...(व्यवधान)

**श्री नमोनारायन मीणा :** आप सब बैठ जाइये। ...(व्यवधान)

**सभापति महोदय :** माननीय मंत्री जी के अलावा कोई भी वक्तव्य कार्यवाही में नहीं जायेगा। आप सब कृपया करके अपना-अपना स्थान ग्रहण कीजिए।

...(व्यवधान) *

**श्री नमोनारायन मीणा :** मेघवाल जी ने एक बात बतायी थी कि डीआरआई में एससी और एसटी को 40 परसेंट स्थान दिया जाना चाहिए।

महोदय, मैं मेघवाल जी को बताना चाहता हूं...(व्यवधान) वर्ष 2008 में

**सभापति महोदय :** माननीय मंत्री जी के अलावा कोई भी वक्तव्य कार्यवाही में नहीं जाएगा।

...(व्यवधान) *

**सभापति महोदय :** आप लोग कृपया अपना आसन ग्रहण कीजिए।

**श्री नमोनारायन मीणा:** महोदय, मेघवाल जी ने कहा है कि डीआरआई स्कीम में एससी-एसटी के लिए 40 प्रतिशत का टारगेट है, उनको 40 प्रतिशत दिया जाना चाहिए। मैं उनको बताना चाहता हूं कि 40 प्रतिशत का टारगेट है, वर्ष 2008 में 42 प्रतिशत एचीव किया गया, वर्ष 2009 में 41 प्रतिशत एचीव किया गया और वर्ष 2010 में 48 प्रतिशत डीआरआई लोन्स एससी-एसटी लोगों को दिए गए।...(व्यवधान) एग्रीकल्चर लोन के बारे में बोल रहे हैं, शिकायतों के बारे में बोल रहे हैं।...(व्यवधान) जवाब देने दीजिए। वर्ष 2003-04 में 8105 करोड़ रुपये दिए गए और वर्ष 2009-10 में 25274 करोड़ रुपये दिए गए। इतना ज्यादा हमारे लोगों को दिया गया।...(व्यवधान) पंजाब की माननीय सदस्या ने एसएमईज की बात कही, एसएमई में वर्ष 2003-04 में 2001 करोड़ रुपये दिए गए थे एससी-एसटी को, जबकि वर्ष 2009-10 में 16247 करोड़ रुपये दिए गए। ...(व्यवधान)

**सभापति महोदय :** मंत्री जी, आप आसन को संबोधित करते हुए बात कहिए।

---

* Not recorded

**श्री नमोनारायन मीणा:** महोदय, आपने शिकायतों के बारे में बोला है।...(व्यवधान)

**सभापति महोदय :** माननीय सदस्यगण, बैठे-बैठे टोका-टाकी न करें।

...(व्यवधान)

**श्री नमोनारायन मीणा:** महोदय, शिकायतों के बारे में आप लोगों ने कहा है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने जुलाई, 2010 में एक मास्टर सर्कुलर निकाला और उसमें यह कहा गया कि एससी-एसटी को हमारे एनुअल प्लान में प्राथमिकता दी जाए। ...(व्यवधान) आपकी स्टेट लेवल की जो स्टैंडिंग कमेटी है, उसको चीफ मिनिस्टर या फाइनेंस मिनिस्टर चेयर करते हैं।...(व्यवधान) एससी-एसटी कमीशन के लोग उसमें जाते हैं।...(व्यवधान) एससी-एसटी फाइनेंस कारपोरेशन के लोग जाते हैं।...(व्यवधान) जिला लेवल कमेटियों में सभी माननीय सदस्य मेंबर होते हैं। ...(व्यवधान) सारे माननीय सदस्य, आप सभी लोग जिला लेवल कमेटियों में सदस्य हैं।...(व्यवधान) इन मुद्दों को वहां जाकर उठाइए, आप लोग स्वयं जिला लेवल कमेटी में सदस्य हैं।...(व्यवधान) सरकार आपसे सहयोग चाहती है। मैं आपसे सहयोग चाहता हूं।...(व्यवधान) अगर कहीं भी आपको इस तरह की कोई गड़बड़ी नजर आती है, तो आप उसको चेक कीजिए, अगर चेक नहीं होता है, तो हमें बताइए। ...(व्यवधान) हम उसको देखेंगे। हर बैंक में एससी-एसटी लोगों के लोन को देखने के लिए एक सेल बना रखा है।...(व्यवधान)आपके एससी-एसटी कमीशन के लोग वहां जाते हैं।...(व्यवधान)

असली मुद्दा मैं मानता हूं यह है कि एससी-एसटी के लोग आर्थिक दृष्टि से कमजोर हैं। हमारी सरकार ने फाइनेंशियल इनक्लूजन को प्राथमिकता पर लिया है।...(व्यवधान) हमारी सरकार चाह रही है, रिजर्व बैंक चाह रहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा बैंक खोले जाएं। एससी और एसटी लोग, गरीब और मजदूर लोग ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं, इसलिए उनको बैंकों से जोड़ा जाए।...(व्यवधान) आज देश में 60 प्रतिशत ऐसे लोग हैं जिनकी कनेक्टिविटी बैंकों से नहीं है। हमारी सरकार चाहती है कि इस देश में एक भी परिवार ऐसा न रहे जो बैंकों से जुड़ा न हो।...(व्यवधान) इसके लिए स्वाभिमान अभियान भारत सरकार ने चलाया है, जिसका उद्‌घाटन माननीय सोनिया जी ने 10 फरवरी को किया था।...(व्यवधान) देश में ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक खोले जा रहे हैं।...(व्यवधान)

मैं यह भी बताना चाहता हूं कि 73,000 गांवों में बिजनेस कोरेसपोंडेंस लगाए जा रहे हैं, आगे इनका और विस्तार किया जाएगा। एससी और एसटी के लोगों को आर्थिक सशक्तिकरण देने के लिए बैंकों से जोड़ा जाएगा, ताकि बैंक उनकी जो मुश्किलें हैं, जो जरूरतें हैं, वे उनमें योगदान दे सकें और लोन दे सकें। हमारी सरकार चाहती है कि एससी, एसटी के लोगों को और ज्यादा सुविधाएं और लोन मिले, इसमें हम आपका सहयोग चाहते हैं।

**ाभापति महोदय :** शून्य काल में केवल सदानंद गौडा जी की ही बात रिकार्ड में जाएगी।

...(व्यवधान) *

SHRI D.V. SADANANDA GOWDA (UDUPI-CHIKMAGALUR): Mr. Chairman, Sir thank you very much for giving me this opportunity. It is a very important matter. Since last two years, the coastal people of Karnataka could not come to Bangalore *via* road. National Highway No. 48 is the only road connectivity for the coastal districts of Karnataka with the State Capital of Bangalore of the State. But it is quite unfortunate that in the last two years, no vehicle could ply through the National Highway to reach Bangalore as one stretch running in the ghat section is in such a bad condition which is not at all motorable.

The Shiradi ghat section in Karnataka State lies on National Highway No. 48 between kilometers 210 to 270 and the stretch from Sakleshpura to Gundya from 237 to 263 is exposed to extraordinary conditions like topography of steep gradient, thick forest, multiple curves, adverse working conditions, scarcity of material, labour with an average rainfall of 6,000 to 7,000 mm per year. The traffic intensity on this stretch is more than 23,000 PCU. At present the stretch is provided with flexible pavement.

Accordingly, estimate amounting to Rs. 118.58 crore has been submitted by the State PWD to the Ministry of Road Transport and Highways in September, 2009. For estimates costing more than Rs. 100 crore, clearance of the Economic Finance Committee (EFC) of the Ministry is necessary. The Ministry had sought clarification as per the observation noted by the Member of the Planning Commission in the minutes of the EFC conducted on 7th September, 2010. The para wise compliance has been submitted to the Ministry during 2010. The fresh EFC meeting is yet to be convened by the Ministry of Road Transport and Highways. Several representations have also been made by the State Government for early approval to the estimate. However, the repair and maintenance works of

* Not recorded

this Shirdi Ghat stretch has been started under Flood Damage Repair (FDR) grants of 2010-11. The reach will be made traffic worthy, but it will survive only during the rainy reason.

So, I would like to urge upon the Union Minister for Road Transport to take immediate necessary action to sanction the estimated cost of Rs. 118.58 crore which is pending since last two years for the work of improvement of Shiradi Ghat stretch from Sakleshpura to Gundya so as to complete the work before the rainy season.

SHRI RAJAIAH SIRICILLA (WARANGAL): Mr. Chairman, Sir thank you very much for giving me this opportunity.

I rise today to bring to the notice of this august House regarding establishment and upgradation of airport at Warangal in Andhra Pradesh.

Sir, not only me but the entire august House will appreciate that the air traffic is increasing day-by-day. Time has become an important component of the day. The management has become compulsory and it has become important to manage the time. This is because of growth in business, industries and other IT areas.

I also appreciate the UPA Government under the dynamic leadership of the UPA Chairperson Shrimati Sonia Gandhi for looking to the establishment of new airports in the country.

In this connection, I would like to say that Warangal is the fourth biggest town in Andhra Pradesh and the second biggest town in the Telangana Region of Andhra Pradesh. Warangal district is the headquarters of the Kakatiya dynasty. It has several tourist destinations, temples, lakes, forts and wildlife sanctuaries. It has become the business hub of Telangana. Several educational institutions are there. They are giving admissions not only to Indians but also to the NRIs.

Previously, there was an Airport in Warangal. The Vayudoot services were in operation in the year 1977. Later, it was closed.

There is 775 acres of land in addition to certain infrastructure facility which is available at Warangal. In addition to this, the Government is now asking us to

acquire another 420 acres of land. My point is that there was an airport at Begumpet. It was an International Airport. It got only 750 acres of land to cater to the needs of the international airport. In Warangal, when there is 775 acres of land, why are they insisting further acquisition of land? The responsibility of acquiring land lies with the State Government. The State Government is suffering from paucity of funds.

Therefore, I would request the august House as also the Ministry of Civil Aviation to re-examine the issue and initiate steps for the establishment of an airport at Warangal so that the longstanding need, which is pending for a long time, of Warangal is fulfilled.

**श्री भरत राम मेघवाल (श्रीगंगानगर):** सभापति जी, आपके माध्यम से मैं माननीय रक्षा मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करते हुए कहना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र श्रीगंगानगर के हनुमानगढ़ जिले के पांच गांवों मोटेर, धाधूसर, बांगासर, बन्नासर व धीरजदेसर गावों की 43 हजार, 399 बीघा 17 बिसवा भूमि जो 17 वर्ष पूर्व वायु सेना के उपयोग के लिए अधिगृहीत की गयी थी के फलस्वरूप 15 सौ परिवारों का एक मात्र साधन कृषि द्वारा जीवन यापन हो रहा था, छिन गया।

मैं मानता हूं कि देश की रक्षा के लिए सेनाओं की आवश्यकतानुसार सरकार को साधन जुटाना आवश्यक है परंतु इससे किसानों को हुई क्षति की पूर्ति भारत सरकार के संबंधित विभाग की जिम्मेदारी भी है। पिछले 17 वर्षों में संबंधित अधिकारियों द्वारा अनेकों बैठकें की गयीं परंतु मुआवजे की राशि आज तक भी तय नहीं हो पायी। संबंधित किसान जिनकी भूमि अधिकृत की गयी थी वे सभी आज भुखमरी के कगार पर पहुंच गये हैं।

इस विषय की चर्चा प्रिंट मीडिया में समय-समय पर होती रही है परंतु भारत सरकार में, विशेषकर रक्षा मंत्रालय के संबंधित अधिकारियों का इस ओर ध्यान कभी नहीं गया।

आपके माध्यम से मैं भारत सरकार से आग्रह करूंगा कि उक्त विषय पर संवेदनशील होकर विचार करे तथा शीघ्र मुआवजे का निर्धारण कर किसानों को अविलम्ब भुगतान कराया जाये ताकि बेबस, कमजोर किसान मुआवजे की राशि पाकर अन्य कारोबार कर अपना जीवन-यापन कर सकें।

इस मांग को किसानों का हक मानते हुए तथा मानवीयता को ध्यान में रखकर शीघ्रतिशीघ्र इसका निदान करने की आवश्यकता है।

SHRIMATI BOTCHA JHANSI LAKSHMI (VIZIANAGARAM): Mr. Chairman, Sir, I thank you for allowing me to raise a matter of urgent public importance relating to construction of Jetty and Fish Landing Centre at Mukkam village in Bhogapuram Mandal and at Tipplevalasa village in Pusapatirega Mandal of Vizianagaram District and also in Rallapeta village in Etcherla Mandal in Srikakulam District which falls under my Vizianagaram Parliamentary Constituency of Andhra Pradesh.

Sir, through this House, I would like to bring to the kind attention of the Government that the State Government has sent the proposal to the Ministry of Agriculture and Cooperation for approval. There is a long coastline of 70 kms. in my Parliamentary Constituency only in Vizianagaram District. There are 20 Fish Landing Centres and 19 marine fishermen villages only in Vizianagaram District. The annual fish production is about 1,50,000 million tonnes and 1,100 million tonnes of prawn are caught by fishermen in these areas. There are about 25,000 marine based fishermen eking out their livelihood from fishery and fishing in this District.

There are about 12,000 traditional fishing crafts and 300 motoring crafts operating from the beaches of the 20 Fish Landing Centres in Vizianagaram District. Mukkam village in Bhogapuram Mandal is the largest Fish Landing Centre in this area. The fishermen of this village own about 200 mechanised fishing vessels, but operating from Visakhapatnam Fishing Harbour as there is no berthing and mooring facility in the coast line of Vizianagaram District. About 3,000 active fishermen migrated temporarily to work as *lascars* on the mechanized boats operating from Visakhapatnam and other States.

I would like to point out that as there is no fishing Jetty between Visakhapatnam and Paradeep in Orissa, the fishermen are losing their valuable lives during cyclones and natural calamities. If the Government constructs small Jetties in between these two major Harbours, the lives of fishermen and their

properties could be saved as they can take shelter in these small Fishing Jetties during vulnerable weather conditions.

In view of this, I urge upon the Ministry of Agriculture to sanction the proposal sent by the Government of Andhra Pradesh for establishing a Fishing Jetty at Mukkam village in Bhogapuram Mandal and Fish Landing Centres at Tipplevalasa village in Pusapatirega Mandal of Vizianagaram District and Fishing Jetty and Fish Landing Centres at Rallapeta in Etcherla Mandal of Srikakulam District. This will help in the development of these backward areas.

**श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद):** सभापति महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे बहुत महत्वपूर्ण विषय पर अपनी बात कहने का मौका दिया है। देश के पत्रकारों और गैर पत्रकारों के वेतन के पुनर्निर्धारण के लिए जस्टिस मजीथिया की अध्यक्षता में वर्ष 2007 में वेज बोर्ड बना था जिसने अपनी रिपोर्ट सरकार को वर्ष 2010 को सौंप दी है। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि लगभग तीन महीने उस रिपोर्ट को सौंपे हुए हो गए हैं, लेकिन सरकार ने अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया है। प्रिंट मीडिया, पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ समझे जाते हैं। देश में बहुत महंगाई है, इसलिए मैं यह भी उल्लेख करना चाहता हूं कि पिछले 10 सालों से पत्रकार वर्ग के वेतन के निर्धारण में कोई इजाफा नहीं हुआ है। इस बीच में सारे वर्गों के अधिकारियों का वेतन पुनः निर्धारित हुआ, वेतन बढ़े लेकिन पत्रकार वर्ग का वेतन नहीं बढ़ सका। वेज बोर्ड ने सरकार को रिपोर्ट दे दी है। मेरा आपके माध्यम से सरकार से कहना है कि सरकार उस रिपोर्ट को लागू करे और लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ समझा जाने वाले पत्रकार वर्ग की तरफ देखे, उनकी दुर्दशा को समझे। वे घोर महंगाई में अपने जीवनस्तर में किसी तरह कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं, उनका वेतन बढ़ना चाहिए ताकि वे अपना काम ठीकठाक कर सकें।

**सभापति महोदय :** उन्होंने प्रदर्शन भी किया है।

डॉ. किरीट पी. सोलंकी।

**डॉ. किरीट प्रेमजीभाई सोलंकी (अहमदाबाद पश्चिम):** महोदय, पश्चिमी देशों की आयातित अपसंस्कृति का भारत की वर्तमान पीढ़ी पर दुष्प्रभाव जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर मुझे अपनी बात रखने का अवसर प्रदान करने हेतु मैं आपका आभारी हूं। सबने गत वर्षों में देश में सांस्कृतिक रुझान बदलते देखा है। हम आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक प्रभाव के उतार चढ़ाव के साक्षी हैं। मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि इन चमकीले परिवर्तनों के प्रभावों के बीच हम कुछ खोते जा रहे हैं, जिसे बचाना और बनाए रखना देश के उज्जवल भविष्य के लिए बहुत जरूरी है। आज हमारे देश की युवा पीढ़ी पश्चिमी देशों की विकृत संस्कृति तथा भोग विलास की जीवन शैली से प्रभावित है, इसका असर देश में घटने वाले विभिन्न अपराधों में देखा जा सकता है। पश्चिमी सांस्कृतिक आंधी के चलते भारत के सामाजिक मूल्यों का तेजी से ह्रास हो रहा है। यह पीढ़ी आत्मकेंद्रित तथा संवेदना शून्य होती जा रही है, यह खतरनाक संकेत है। टेलीविजन तथा फिल्मों में परोसे जाने वाली अधिकांश सामग्री हमारे अपरिपक्व युवाओं पर विपरीत असर डाल रही है। अनावश्यक पश्चिमी प्रभाव वाले विज्ञापन पीढ़ी को भटका रहे हैं तथा युवाओं में शराब, तम्बाकू, गुटका एवं ड्रग्स की प्रवृत्ति बढ़ रही है। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं सरकार को ऐसे तमाम कार्यक्रमों पर रोक लगानी चाहिए जिनके प्रदर्शन का प्रभाव युवा पीढ़ी को सही दिशा से भटका रहा है। आज देश में चारों ओर अपराध, हत्या, ब्लात्कार, वृद्धों की हत्या, छोटे बच्चे-बच्चियों से दुष्कर्म जैसी जघन्य घटनाएं घट रही हैं, यह राष्ट्र के सामने गंभीर चिंता का विषय है। हम आखिर वर्तमान दौर में नौजवानों और बच्चों को कौन सा स्वप्न और भविष्य प्रदान कर रहे हैं?

**श्री के.सी.सिंह 'बाबा' (नैनीताल-उधमसिंह नगर):** महोदय, मैं आपका आभार प्रकट करता हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। Sir, I would like to request the hon. Minister to include the State of Uttrakhand in the Special Area Games Plan, like North-Eastern States, Himachal Pradesh and Jammu & Kashmir. Uttrakhand, being in the same Himalayan region, has been left out of the Special Area Games Plan. Having national and international champions in games like Boxing, Taekwondo, Karate, Kick-Boxing, Power Lifting, Weight Lifting, Badminton, Wrestling, Football, Hockey, Table Tennis, we do not have the sports infrastructure.

We need the sports infrastructure like other Himalayan States. Until we are not included in the SAGP, we will not get 90 per cent aid from the Central Government for development of the infrastructure and our new State of Uttrakhand will be left behind in the field of sports.

Once again, Sir, I urge upon the Central Government to include Uttarakhand State in the List of Special Area Games Plan.

**श्री राजेन्द्र अग्रवाल :** माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान देश में गोमांस से बने उत्पादों की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं। अपने देश में गोमांस का आयात तथा निर्यात पूरी तरह से प्रतिबंधित है। सूचना के अधिकार के तहत विदेश व्यापार के उप महानिदेशक द्वारा 11 मार्च, 2011 को उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार "As per the policy, import of beef in any form and import of products containing beef in any form is prohibited. This is stipulated under Condition No.3 of Chapter 1A of ITC (HS) Classification of Export and Import Items." ऐसा इसलिए है क्योंकि देश के बहुसंख्य समाज के लिए गाय परम्परा से पूज्य है। हमारे देश की सांस्कृतिक पहचान में गाय का अतिविशिष्ट स्थान है। सभी देशवासी बहुसंख्य समाज की इस आस्था का स्वाभाविक रूप से सम्मान करते हैं। परंतु मैं अत्यंत दुख के साथ सदन को सूचित कर रहा हूं कि उपरोक्त आस्था का अपमान तथा शासन की नीति का उल्लंघन करते हुए ऐसी खाद्य वस्तुओं का उपयोग देश में हो रहा है जिनमें गोमांस का उपयोग किया गया है। इन्डोनेशिया की कम्पनी पीटी यूपी इंडो जेली गम द्वारा उत्पादित गम्मी पिजा नामक उत्पाद मेरे संज्ञान में आया है जिसके उत्पाद विवरण में बीफ गिलेटिन उपयोग किए जाने का उल्लेख है। इसे खाकर लोग विशेषकर बालक अनजाने ही गोमांस भक्षण के दोषी बन रहे हैं। यह अत्यंत गंभीर विषय है अतः मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इस प्रकार के उत्पादों का आयात कैसे संभव हुआ, इसकी जांच कराई जाए तथा लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए।

आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं।

**श्री राजाराम पाल (अकबरपुर):** महोदय, आज पूरे देश को एक स्थान से दूसरे स्थान पर अगर परिवहन के मामले में कोई सुविधा है तो वह ट्रेन है। ट्रेन तो चलाई जा रही हैं लेकिन माननीय सांसदगण, क्षेत्रीय नागरिक आए दिन कभी धरना, प्रदर्शन करके या ट्रैक जाम करके ठहराव की मांग करते हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र अकबरपुर में उत्तर मध्य रेलवे के कानपुर, इटावा खंड के मेथापुरा स्टेशन के मध्य में ब्लाक खटवाई रोशनमऊ किलोमीटर नं. 1053 में पैसेंजर ट्रेन के ठहराव के लिए में लंबे समय से कई बार हजारों

नागरिकों ने ट्रैक जाम करके मांग की है। यह स्टेशन रोशनमऊ के नाम पर बना है लेकिन रोशनमऊ की जगह सात किलोमीटर आगे ट्रेन रुकती है। इसी तरह एक महीने पहले इसी सत्र में मेरे द्वारा मांग किए जाने के बाद माननीय रेल मंत्री जी ने कानपुर से चित्रकूट धाम एक सवारी गाड़ी आम जनता के लिए चलाई है। राम पर आस्था रखने वाले लोग प्रत्येक अमावस्या और आए दिन चित्रकूट जाते हैं। इस ट्रेन का कानपुर से चलने के बाद मेरे क्षेत्र घाटमपुर इसके बाद हमीरपुर रोड जो बलीपुर के नाम से जाता है, ठहराव हो रहा था, मुझे नहीं पता कि किन कारणों से हमीरपुर रोड में जो ठहराव हो रहा था आज के दिन से समाप्त कर दिया गया है। लोग आक्रोषित हैं, धरना कर रहे हैं। मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से मांग करता हूं कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र में दोनों स्टेशनों पर पैसेंजर ट्रेन का ठहराव सुनिश्चित करें। इसके अलावा चित्रकूट धाम एक्सप्रेस का कठारा और मेरे गांव, जहां से चुनकर आया हूं, पटारा स्टेशन है, वहां ठहराव सुनिश्चित किया जाए।

**20.00 hrs**

**श्री रमाशंकर राजभर (सलेमपुर):** सभापति महोदय, उत्तर प्रदेश और बिहार के बॉर्डर पर जिला जनपद बलिया और देवरिया स्थित हैं। जब देश में जो तीन जनपद सबसे पहले आजाद हुए थे, उनमें से एक बलिया जनपद है। बलिया जनपद में मंगलपांडे जैसा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भी था। घाघरा, राप्ती, छोटी गंडक और गंगा का दोआबा भी बलिया में है। इतिहास में ऐसा साक्ष्य कम ही मिलेगा कि रामचंद्र प्रजापति, जो कक्षा आठ का छात्र था, आजादी के आंदोलन में अंग्रेजी हुकूमत का झंडा मजिस्ट्रेट की कोर्ट से उतारते समय उसके सीने में सीधे गोली लगी थी। उसी देवरिया जनपद को काटकर कुशीनगर जनपद बना, जो बीआरजीएफ स्कीम में है। गोरखपुर कमिश्नरी बीआरजीएफ स्कीम में है, महाराजगंज भी बीआरजीएफ स्कीम में है। लेकिन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के जनपद देवरिया और बलिया में शिक्षा का स्तर बहुत ही खराब है, सड़कों का स्तर बहुत खराब है, स्वास्थ्य संसाधनों का स्तर बहुत ही खराब है और दोआबा के नाते प्रति वर्ष बाढ़ के समय में हजारों लोग नदी के कटान से खेती और घरों से बेघर होते हैं। जब गर्मी के महीने में झोंपड़ियों में आग लगती है तो वहां हजारों लोगों के घर जलते हैं, परंतु उनका नाम बीपीएल सूची में नहीं है, इसलिए उनके आवास नहीं बन सकते हैं।

महोदय, केवल इतनी ही बात नहीं है, देवरिया जनपद में 27 नक्सलाइट गांव हैं, ठीक उसी तरह से जनपद बलिया में 52 नक्सलाइट गांव हैं। मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि आप बीआरजीएफ स्कीम में जितने भी जनपदों को लायें हैं, अगर देवरिया और बलिया जनपद उन मानकों को पूरा नहीं करते तो मैं मांग नहीं करता। लेकिन सभापति जी आप तो गणित के विद्वान हैं, यदि आपके लिए यह कहा जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। अब आप ही गणित लगाइये कि इस सरकार को इन दोनों

जनपदों को बीआरजीएफ स्कीम में लेना चाहिए कि नहीं लेना चाहिए। यही मेरी सरकार से मांग है। धन्यवाद।

**श्री रामकिशुन (चन्दौली):** सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार के संज्ञान में लाना चाहता हूं कि रेलवे लाइनों के किनारे जो गांव और कस्बे बसे हुए हैं, वहां आने-जाने का रास्ता न होने से काफी गंभीर स्थिति पैदा हो जाती है। वहां आये दिन जान-माल को खतरा पैदा हो रहा है या उसकी क्षति भी हो रही है। जनपद वाराणसी के अंतर्गत फुलवरिया मानसनगर कालोनी है। वहां अब तक दो वर्षों में आधे दर्जन लोगों की जानें चली गई हैं। फुलवरिया गेट नं.-4 एवं गेट नं.-5 के बीच कोई रास्ता नहीं है। वहां रेलवे की खाली जमीन पड़ी है, लेकिन उससे होकर रास्ता नहीं है। लोग रेलवे लाइन को सीधे क्रास करके आते-जाते हैं। जिसके परिणामस्वरूप अब तक आधा दर्जन लोगों की जानें जा चुकी हैं। इसी तरह से चन्दौली जनपद के कई ऐसे कस्बे हैं, जो रेलवे लाइनों किनारे बसे हैं और देश भर में बहुत से ऐसे कस्बे और गांव हैं जो दो-दो, तीन-तीन रेलवे लाइनों के बीच बसे हुए हैं। हमारी फुलवरिया मानसनगर कालोनी की स्थिति भी ऐसी ही है कि वहां दो तरफ रेलवे लाइन, एक तरफ से कैन्टोनमैन्ट बोर्ड की छावनी और एक तरफ वरुणा नदी पड़ती है। उस क्षेत्र की आबादी लगभग 20-25 हजार है। वहां के लोगों के लिए आने-जाने का रास्ता रेलवे पटरियों के किनारों को छोड़कर और कोई नहीं है। परंतु रेलवे विभाग उस रास्ते को भी अवरुद्ध करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने आंशिक रूप से पूरे रास्ते को बंद करने का प्रयास किया है।

मैं आपके माध्यम से भारत सरकार की रेल मंत्री महोदया से मांग करता हूं कि मानसनगर की आबादी में बड़ी संख्या में रेलवे कर्मचारी बसे हुए हैं। उनके आने-जाने का रेलवे लाइन के किनारे से जो रास्ता था, उसे चालू कराया जाए और उनके आने-जाने के लिए फुलवरिया गेट नं-4 और 5 के बीच में पैदल आने-जाने के लिए एक ओवरब्रिज का निर्माण कराया जाए, यही हमारी सरकार से मांग है। आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

**श्री रतन सिंह (भरतपुर):** सभापति महोदय, आपने मुझे एक महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका बहुत आभार व्यक्त करता हूं। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि भरतपुर राजस्थान का पूर्वी सिंहद्वार है एवं राज्य का संभागीय मुख्यालय है। इस संभाग में भरतपुर, धौलपुर, करौली व सवाई माधोपुर जिले सम्मिलित हैं। भरतपुर आगरा से 55 किलोमीटर की दूरी पर है। भरतपुर संभाग में ब्रज चौरासी कोस, मथुरा, वृन्दावन एवं गोकुल का सामीप्य विद्यमान है। नेशनल केवलादेव पक्षी अभयारण्य, भरतपुर, राष्ट्रीय बाघ परियोजना, सवाई माधोपुर, विश्व प्रसिद्ध रणथम्भौर श्री गणेश जी का मंदिर, जिला करौली में स्थित कैलादेवी माता जी का शक्तिपीठ और श्री मदनमोहन जी का मंदिर भी इसी

संभाग में सम्मिलित हैं। धौलपुर, भरतपुर एवं करौली के सफ़ेद व लाल सैंडस्टोन पूरे विश्व में निर्माण कार्य के लिए यहाँ से बहुतायत में भेजे जाते हैं। इसी पत्थर से संसद भवन एवं दिल्ली की अन्य महत्वपूर्ण इमारतों का निर्माण करवाया गया है। भरतपुर दिल्ली से लगभग सौ किमी की दूरी पर बसा हुआ है। इस सम्भाग में चारों जिलों की आबादी लगभग अस्सी लाख है। इस प्रगतिशील युग में ब्रज-मेवात क्षेत्र के युवा अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सकें, इसके लिए मैं आपके माध्यम से माननीय एचआरडी मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना करना चाहता हूँ। मेरा सादर निवेदन है कि उपरोक्त सभी तथ्यों का अवलोकन करते हुए भरतपुर जिले में केंद्रीय विश्वविद्यालय खोलने की स्वीकृति प्रदान करने के निर्देश पारित कर अनुग्रहीत करें। इसके लिए हम सब आपके बहुत आभारी रहेंगे।

*SHRI PRASANTA KUMAR MAJUMDAR (BALURGHAT) : Mr. Chairman Sir, the Duars area of North Bengal is an area of tea gardens which were set up by the Britishers. The labourers were brought from Bihar's Ranchi district. These people are tribal people and their mother tongue is Hindi. But the language which is used in the schools of North Bengal is Bengali. Though this is a state subject as it is concerned with education, yet I want to raise this issue in Parliament because it is an important matter. There are certain Hindi medium schools in the region but more such schools and colleges need to be opened. Hindi is the national language. There are many committees which are trying to spread and propagate Hindi. My request, through you sir, to the Hon. Minister of Education would be to help the people learn Hindi by opening Hindi Medium schools. Along with that, let me point out that some Nepali-speaking people also stay in that region who had come from Nepal. But there is dearth of Nepali teachers in schools. So I would like to draw the kind attention of the Government to this issue and urge upon the Minister to appoint Nepali teachers.

Thirdly, that area is partly forested. Not only tribals but people of other communities also are inhabitants of those forests but the facilities are enjoyed only by the tribal population. They have been staying there for hundreds of years. So these people are deprived of the Government's welfare measures and discontentment is growing among then. My humble submission to the Government is that these forest dwellers should be taken care of and some laws must to be amended for this purpose so that they do not feel disconnected from the mainstream. I also want to mention that the Duars region is a backward area and the people are very underdeveloped. So I urge upon the Government to announce a special package for this place.

With these words, I thank you for allowing me to speak in the Zero Hours.

---

* English translation of the speech originally delivered in Bengali

**श्री धनंजय सिंह (जौनपुर):** माननीय सभापति महोदय, केंद्र सरकार की एक बहुत ही महत्वपूर्ण योजना, जिसका नाम जेएनएनआरयूएम है, शहरों के विकास के लिए चल रही है। इस योजना का उद्देश्य तो निश्चित तौर पर बेहतर है कि इस योजना से शहरों का विकास होगा।

माननीय सभापति महोदय, आप बिहार से हैं और हम उत्तर प्रदेश से हैं। मुझे इस योजना में एक खामी दिखती है। इस योजना के तहत पाँच लाख के ऊपर की आबादी वाले शहरों को चयनित करने की बात रखी गई है। माननीय मंत्री सलमान खुर्शीद जी यहाँ बैठे हैं। उत्तर प्रदेश और बिहार के अधिकांशतः जिलों की आबादी पाँच लाख से कम है। पूरे देश में भी पाँच लाख की जनसंख्या वाले शहरों की संख्या ज्यादा है। उनकी जरूरतें भी ज्यादा हैं क्योंकि वे शहर अधिकांशतः अव्यवस्थित बसे हुए हैं। जब आप इतनी महत्वाकांक्षी योजना लागू कर रहे हैं तो इन शहरों को खास तौर से उस योजना में चयनित करना चाहिए। मेरी आपके माध्यम से केंद्र सरकार से माँग है कि पाँच लाख से नीचे की आबादी वाले शहरों को इसमें सम्मिलित किया जाए। क्योंकि बार-बार यह बात उठती है कि विस्थापन के बाद लोग पलायन करके एक जगह से दूसरी जगह जाते थे। छोटे शहरों से लोग जाते हैं। कम से कम जो विस्थापन होता है, उसे रोकने में हम लोग कामयाब होंगे। छोटे शहरों का विकास भी हम व्यवस्थित कर पायेंगे और जो छोटे और बड़े शहरों का असंतुलन है, उसे भी हम लोगों को चैक करने में आसानी होगी। वर्तमान योजना में भी एक खामी है,यह योजना जिन-जिन शहरों में चल रही है, जहां ज्यादा रेवेन्यू जनरेट करते हैं, वहां ज्यादा पैसा दे रहे हैं लेकिन जहां रेवेन्यू कम आ रहा है, वहां कम पैसा जाने से असंतुलन बढ़ेगा। सरकार जो योजना बनाये, वह बेहतर तरीके से बनाये, ताकि असंतुलन न बढ़ें। छोटे और बड़े शहरों के बीच में असंतुलन न बढ़े, यह देश हित में रहेगा।

**डॉ. प्रभा किशोर ताविआड (दाहोद):** सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, उसके लिये आपको धन्यवाद। मैं सरकार का ध्यान आपके माध्यम से आकर्षित करना चाहती हूं कि हर जिले में तीन महीने में लीड बैंक की मीटिग चलती है,उसमें असैस्मैंट करते हैं। लोगों के रिप्रेजेंटेशन में केवल एक एम.पी. होता है, बाकी सब बैंक मैनेजर और जिले के आफिसर्स होते हैं। हम लोग आवाज उठाते हैं कि जब तीन महीने में मीटिंग बुलाते हैं They are arranging the meeting on such dates when we are busy in the Parliament Session. This way, we cannot attend that meeting. हमने बार बार रिप्रेजेंटेशन दिया है कि आप इस तरह मीटिंग रखिये कि हम अपनी कांस्टीट्वंसी में अवेलेबल हैं। सरकार को इस बारे में स्ट्रिक्ट होना चाहिये। Sir, MPs' presence is a must in each and every lead bank's quarterly meeting.

**सभापति महोदय :** सदन की कार्यवाही कल 25 मार्च, 2011 के 1100 बजे तक स्थगित की जाती है।

**20.12 hrs.**

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the
Clock on Friday, March 25, 2011/Chaitra 4, 1933 (Saka)